खबरों के 41 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

सतना, गुरुवार 09 अप्रैल 2026 । वर्ष – 41 । अंक – 039 पृष्ठ – 12 मूल्य – 3.00 रु.

▪ मोदी सरकार की... ▪ ईरान का अदभुत... 04
▪ प्राथमिकताओं पर तालमेल के साथ जोर... ▪ बांग्लादेश में एलडीसी का दर्जा समाप्त... 09
▪ यूएस-ईरान में सीजफायर की घोषणा... ▪ सोने में ऐतिहासिक तेजी, चांदी... 11
▪ लखनऊ सुपर... ▪ सैमसन बटलर... 10


**आईपीएल में आज**

कोलकाता किंग्स राइडर्स विरूद्ध लखनऊ सुपर (कोलकाता) 7.30 शाम

# अमरीका-ईरान युद्धविराम पर हुए सहमत

## डेडलाइन से ठीक पहले ट्रंप ने 2 हफ्तों के युद्धविराम किया ऐलान

- शहबाज, मुनीर से बातचीत के बाद ट्रंप का ऐलान
- ईरान, होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने को राजी



**वॉशिंगटन, (एजेंसियां)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे दो हफ्तों के लिए ईरान पर बमबारी रोकने पर सहमत हो गए हैं। यह सहमति उनकी डेडलाइन की रात 8 बजे (भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 5.30 बजे) की समय सीमा से दो घंटे से भी कम समय पहले बनी। ट्रंप ने डेडलाइन पूरी होने पर पूरी सभ्यता को तबाह करने की धमकी दी थी। वाइट हाउस ने कहा है कि इजरायल ने भी इस अस्थायी युद्धविराम पर सहमति जताई है।

ट्रंप ने अपने टुथ सोशल मीडिया पर दो हफ्तों के युद्धविराम समझौते की जानकारी दी और कहा कि यह समझौता इस शर्त पर किया गया है कि ईरान, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से पूरी तरह खोलने पर सहमत हो। ट्रंप की घोषणा पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के उस प्रस्ताव के बाद आई है, जिसमें उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक बातचीत के लिए संघर्ष-विराम का सुझाव दिया था। ट्रंप ने टुथ सोशल पर लिखा, 'पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ हुई बातचीत के आधार पर- जिसमें उन्होंने मुझसे अनुरोध किया था कि मैं आज रात ईरान भेजे जा रहे विनाशकाली बल को रोक लूं- और इस शर्त पर कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह, तुरंत और सुरक्षित रूप से खोलने पर सहमत हो, मैं दो हफ्ते की अवधि के लिए ईरान पर बमबारी और हमले को रोकने पर सहमत हूं। यह एक दो-तरफा युद्धविराम होगा।'

### ♦ इजरायल भी हमले रोकने पर सहमत

ट्रंप ने कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर यह उनके लिए गर्व की बात है कि एक लंबे समय से चली आ रही यह समस्या अब समाधान के बेहद करीब है। वॉइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सीएनएन को बताया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से किए गए दो हफ्ते के सीजफायर का इजरायल की भी हिस्सा है।

## युद्ध विराम ऐलान के बीच ईरान के लावन द्वीप में तेल रिफाइनरी पर हमला

**तेहरान।** युद्ध विराम की घोषणा के कुछ घंटों बाद ही ईरान के लावन द्वीप पर स्थित तेल रिफाइनरी पर हमला हुआ है। एसोसिएटेड प्रेस ने ईरानी सरकारी टेलीविजन के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में बताया गया, दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन यह नहीं बताया गया है कि हमला किसकी ओर से किया गया है। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ईरान की ओर से आ रही मिसाइलों के जवाब में गोलीबारी कर रही है। युद्द विराम के बाके बावजूद ईरान ने भी कुवैत में ड्रोन हमला किया। हमले में तेल और बिजली से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया गया। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने बताया कि सुबह पांच बजे के बाद से 28 ईरानी ड्रोन मार गिराए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह दुश्मन की ओर से किया गया बड़ा और खौफनाक हमला था। बड़ी संख्या में ड्रोन भेजे गए थे, जिन्हें वायु रक्षा प्रणाली ने रोक लिया।

### तेहरान ने भी कुवैत में किए ड्रोन अटैक

## सार संक्षेप

### युद्धविराम की घोषणा से शेयर बाजार में रौनक, सेंसेक्स 2946 अंक उछला

**मुंबई।** भारत के शेयर बाजारों में बुधवार, 8 अप्रैल को जबरदस्त तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 2946.32 अंक उछलकर 77,562.90 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 873.70 अंक चढ़कर 23,997.35 के स्तर पर बंद हुआ। इस तेजी के पीछे अमेरिका और ईरान के बीच घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और ग्लोबल बाजारों से मिले सकारात्मक संकेत प्रमुख कारण रहे।
(विस्तृत खबर पृष्ठ 11 पर)

### कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मोहसिना किदवई का निधन

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और मेरठ से तीन बार सांसद रहीं मोहसिना किदवई का बुधवार को निधन हो गया। 93 साल की उम्र में किदवई ने बुधवार सुबह चार बजे अस्पताल में आखिरी सांस ली। नोएडा के सेक्टर 40 स्थित आवास से मोहसिना किदवई की अंतिम यात्रा दोपहर 3 बजे निकलेगी। मोहसिन किदवई के निधन पर कई राजनेताओं ने शोक व्यक्त किया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी शोक जताया है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-डेड लाइन खत्म होने से पहले ही ट्रंप ने युद्ध विराम की घोषणा कर दी।

**चुहिया- हां प्रिये**- जब 'घर' में आग भड़कने लगे तो 'बाहर' की शांति जरूरी है।

# मुरैना में रेत माफिया ने वन-रक्षक को ट्रैक्टर से कुचलकर मार डाला

**मुरैना, देशबन्धु।** प्रदेश में रेत माफिया लगातार सरकारी अफसरों-कर्मचारियों की हत्या कर अवैध रेत उत्खनन में लगा हुआ है। शासकीय अमले पर हमला करने की वारदातें तेजी से बढ़ी हैं और 'बड़े हाथों' के नीचे अपने काले कारोबार को चलाने वाले इतने बेखौफ हो चुके हैं कि अगर कोई शासकीय कर्मी उन्हें पकड़ने की कोशिश करे तो उसे जान से हाथ भी धोना पड़ते हैं। मुरैना जिले में बुधवार सुबह अवैध रेत माफिया ने एक बार फिर आतंक मचाया। चंबल क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई करने गई वन विभाग की टीम पर हमला हुआ। इस दौरान बदमाशों ने वन रक्षक हरकेश गुर्जर को ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना दिमनी थाना क्षेत्र के रानपुर गांव चौराहे के पास हुई।



पुलिस के मुताबिक अवैध रेत परिवहन की सूचना मिलने पर वन विभाग की 6 सदस्यीय टीम कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान आरोपी ड्राइवर विनोद कोरी ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने की कोशिश की। वन रक्षक हरकेश गुर्जर ने उसे रोकने के लिए आगे बढ़ा, तभी विनोद कोरी ने उन्हें कुचल दिया और ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर फरार हो गया।

### रेत माफिया की खूनी करतूतें

यह पहला मौका नहीं है कि जब रेत माफिया ने किसी सरकारी कर्मचारी की जान ली है बल्कि पिछले कुछ वर्षों से यह खूनी खेल आए दिन खेला जाता है। हाल ही में शहडोल में रेत माफिया ने पकड़ने गई टीम को जख्मी भी किया और ट्रैक्टर भी छीनकर ले गए। इस वारदात में तहसीलदार के ऊपर हमला हुआ था। जबलपुर के बेलखेड़ा में भी पुलिस कर्मियों पर हमला किया गया। इससे पहले 2015 में, एक पुलिस कांस्टेबल की हत्या कर दी गई थी।

2016 में, ग्वालियर क्षेत्र में एक अन्य वन रक्षक की उस समय मौत हो गई जब अवैध खनिकों ने उनके वाहन को रोकने की कोशिश करते समय उसे कुचल दिया। 2025 में, भिंड के लहर में देर रात चलाए गए अभियान के दौरान, अवैध रेत से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एसडीएम विजय यादव के सरकारी वाहन को टक्कर मार दी थी। इस दौरान वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और अधिकारी बाल-बाल बच गए थे। इससे कुछ ही सप्ताह पहले, 30 जनवरी, 2025 को, उमरी थाना क्षेत्र में भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को भी रेत माफिया ने इसी तरह निशाना बनाया था।

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

घटना स्थल के पास ही स्थित पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे में आरोपी विनोद कोरी की तस्वीरें कैद हुई हैं। घटना स्थल पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, एसपी समीर सौरभ और डीएफओ हरिश्चंद्र बघेल पहुंचे और प्रत्यक्षदर्शियों से बात की।

## मुख्यमंत्री ने जबलपुर से शुरू किया 'गांव-बस्ती चलो' अभियान

# भाजपा राष्ट्र प्रथम और कांग्रेस में तुष्टिकरण की राजनीति : डॉ. यादव





- भाजपा ने जनसंघ से लेकर आज तक विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया*
- कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा अजेय पार्टी बनी

### कार्यकर्ता पार्टी और सरकार की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाएं : राकेश सिंह

**भोपाल/जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को जबलपुर के मानस भवन में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के तहत 'गांव-बस्ती चलो' अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के भाव के तहत कार्य करते हैं। जबकि कांग्रेस पार्टी और उसके कार्यकर्ता तुष्टिकरण प्रथम के सिद्धांत पर कार्य करते हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से भाजपा आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है। कांग्रेस ने किसानों के साथ इतने पाप किया है कि कांग्रेस पार्टी की दो पीढ़ियां भी माफी मांगें तो भी कम है। भाजपा ने जनसंघ से लेकर आज तक अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और परिश्रम से भाजपा आज अजेय पार्टी बनी है। कार्यकर्ताओं की मेहनत से प्रदेश में सरकार बनी है। ऐसे में आप सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व बनता है कि अपनी सरकार की जनहितैषी, जनकल्याणकारी उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाएं। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कार्यकर्ताओं ने बड़ी माला से स्वागत भी किया।

इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि, पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, जिला प्रभारी आलोक >>शेष पृष्ठ3 पर

### वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

*समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा के उन वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जिन्होंने पार्टी के संकट के समय से अब तक अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री ने विजयराज पटैरिया, सुरेश देशपाण्डे, आनंद बर्नाड, राजकुमार मेहता, गोकुल केसरवानी, सत्यप्रकाश खरे, विजय बर्मन, वीरेन्द्र गिरी गोस्वामी, कमल गुमास्ता एवं रामप्रकाश गर्ग का सम्मान किया।*

## आरबीआई ने रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर रखा बरकरार

### जीडीपी वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहेगी

**मुंबई, (एजेंसियां)।** आरबीआई ने पश्चिम एशिया संकट के कारण आर्थिक वृद्धि प्रभावित होने और खुदरा महंगाई बढ़ने की आशंका जाहिर करते हुए मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार को समाप्त बैठक में नीतिगत दरों को स्थिर रखने तथा 'इंतजार करो और नजर रखो' की नीति अपनाने का फैसला किया। एमपीसी ने सर्वसम्मति से रेपो दर 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने का निर्णय किया। साथ ही स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी रेट पांच प्रतिशत और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी रेट तथा बैंक रेट 5.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहेगी।आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि वैश्विक चुनौतियों और उनके घरेलू असर को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

## असम, केरल और पुड्डुचेरी में आज मतदान

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी में 296 विधानसभा सीटों पर चुनाव के लिए गुरुवार को होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई है। असम की 126 , केरल की 140 और पुड्डुचेरी की 30 सीटों के लिए कल वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक चलेगा।



### असम की 126 , केरल की 140 व पुड्डुचेरी की 30 सीटों पर डाले जाएंगे वोट

चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध कर लिये गये हैं और आयोग मतदान-केंद्रो पर मतदाताओं का स्वागत करने के लिए तैयार है। चुनाव आयोग के मुताबिक औसतन प्रत्येक मतदान केंद्र पर 750 से 850 मतदाता होंगे, लेकिन किसी भी मतदान केंद्र पर 1,200 से ज्यादा मतदाता नहीं होंगे। असम में 2,50,21,408 मतदाताओं के लिए कुल 28,205 मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। केरल में 2,71,06,059 मतदाता हैं जिनके लिए 30,471 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। वहीं पुड्डुचेरी में 9,44,539 मतदाता 1,099 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर छाया और पेयजल के समुचित प्रबंध किए गए हैं। आयोग ने इस बार 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए घर पर मतदान करने की सुविधा प्रदान की है तथा उनके लिए वाहन सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है।

JAN JYOTI
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121
janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302)
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये
प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

## छतरपुर में केन-बेतवा लिंक परियोजना पर बवाल

# ग्रामीणों का जनसंग्राम, दूसरे दिन भी काम ठप

**छतरपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के छतरपुर में केन-बेतवा लिंक परियोजना के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। दिल्ली कूच कर रहे आन्दोलनकारियों को रोके जाने पर आदिवासी, किसान और ग्रामीण ढोढन बांध स्थल पर धरने पर बैठकर निर्माण कार्य रुकवा रहे हैं। प्रशासन द्वारा दिल्ली जाने से रोकने के बाद आंदोलन और उग्र हो गया है।

सूखे बुंदेलखंड की प्यास बुझाने के इरादे से शुरू हुई 44 हजार करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी केन-बेतवा लिंक परियोजना अब भारी विरोध के भंवर में फंस गई है। विस्थापन और अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच कर रहे आदिवासी, किसानों और ग्रामीणों को जब प्रशासन ने रास्ते में रोका, तो उनका गुस्सा फूट पड़ा। उग्र हुए ग्रामीणों ने सीधे बांध निर्माण स्थल पर ही मोर्चा खोल दिया है, जिसके कारण पिछले दो दिनों से परियोजना का काम पूरी तरह बंद पड़ा है।

**मशीनों के आगे डटे ग्रामीण, काम कराया बंद**-बिजावर अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले ढोढन



बांध स्थल पर हजारों की संख्या में आदिवासी, किसान और महिलाएं धरने पर बैठ गए हैं। प्रदर्शनकारियों का आक्रोश इतना अधिक था कि उन्होंने मौके पर चल रही भारी मशीनों के सामने खड़े होकर काम रुकवा दिया। इस आंदोलन की सबसे खास बात महिलाओं की भारी भागीदारी है, जो हाथों में तख्तियां लेकर जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए हुंकार भर रही हैं।

### ओडिशा के रायगढ़ा में खूनी संघर्ष

## वेदांता माइनिंग प्रोजेक्ट का विरोध, झड़प में 40 से ज्यादा जवान घायल

*__रायगढ़ा।__ ओडिशा के रायगढ़ा जिले में सिजीमाली बॉक्साइट खनन परियोजना को लेकर चल रहा तनाव मंगलवार को हिंसक संघर्ष में बदल गया। जिले के काशीपुर ब्लॉक अंतर्गत शगाबाड़ी और कांतामल गांवों में सड़क निर्माण को लेकर आदिवासी ग्रामीणों और पुलिस के बीच हुई भारी झड़प में 40 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। घायलों में एसडीपीओ गिरिधर साहू और काशीपुर थाना प्रभारी देब मलिक जैसे वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं। प्रशासन ने स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए इलाके में धारा 144 लागू कर दी है। विवाद का मुख्य कारण शगाबाड़ी गांव को सिजीमाली माइनिंग क्षेत्र* >>शेष पृष्ठ 3 पर

# अमृत 2.0 से बदलेगा शहर का जल परिदृश्यः प्रभारी मंत्री

## लोकार्पण 41.37 करोड़ की जल परियोजना निर्माण का प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ

**सतना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सतना जिले के जिगनहट क्षेत्र में 41.37 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की जा रही अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नगर निगम सतना की जल प्रदाय परियोजना निर्माण का शुभारंभ किया। यह परियोजना फिल्टर प्लांट, एनीकट निर्माण एवं व्यापक पाइपलाइन नेटवर्क के माध्यम से सतना शहर के 13 वार्डों में स्वच्छ एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। इस दौरान आधुनिक तकनीक आधारित फिल्टर प्लांट स्थापित किया जाएगा। एनीकट निर्माण से जल संरक्षण और संग्रहण क्षमता बढ़ेगी। प्रभारी मंत्री ने एनीकेट को सदानीरा वाटर वाडी के रूप में तैयार कर इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किये जाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतना सांसद गणेश सिंह ने की।

प्रभारी मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश सरकार अमृत 2.0 मिशन के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सशक्त बना रही है। स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और सरकार इसे सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। अमृत 2.0 योजना के माध्यम से शहर में जल प्रबंधन की नई तस्वीर उभरेगी, जिससे आने वाले वर्षों में नागरिकों को स्थायी और बेहतर जीवन सुविधाएं मिल सकेंगी। प्रभारी मंत्री ने



कहा कि विकास के कार्यों में कोई भी गतिरोध नहीं होना चाहिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पेयजल के कार्यो में गुणवत्ता और शुद्धता महत्वपूर्ण होनी चाहिए। सतना जिले में बरगी नहर का नर्मदा जल भी आ रहा है। नहर के जल का उपयोग कर नवीन एनीकट को सदानीरा बनाये रखा जा सकता है।

### यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय, उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, नगर निगम स्पीकर राजेश चतुर्वेदी, पूर्व महापौर ममता पांडेय, राजाराम त्रिपाठी, पूर्व स्पीकर अनिल जायसवाल, बाला यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष निरंजन प्रजापति, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, डीएफओ मयंक चांदीवाल, नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, एसडीएम उचेहरा सुमेश द्विवेदी, सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह, टीआई राघवेन्द्र द्विवेदी सहित बालेन्द्र गौतम अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### नदियों को शुद्ध रखने के प्रयासः सांसद

सांसद गणेश सिंह ने कहा कि अमृत 2 के तहत यह परियोजना वर्ष 2027 में पूरी होगी और इसके माध्यम से 12 एमएलडी पानी संग्रहित कर 13 वार्डो में स्वच्छता जल आपूर्ति की जायेगी। उन्होंने कहा कि सतना जिले में सतना और टमस नदी पर दो एनीकट हो जाने से आगामी भविष्य के लिए भी सतना शहर को पानी की आपूर्ति हमेशा बनी रहेगी। सांसद ने कहा कि सतना जिले की दोनों नदियां गंगा में जाकर मिलती है। इन दोनों नदियों के जल को शुद्ध बनाये रखने के लिए नमामि गंगे परियोजना की टीम बुलाकर प्रोजेक्ट भी तैयार किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि चित्रकूट की मां मंदाकिनी नदी को अविरल बनाये रखने दौरी सागर बांध का निर्माण चल रहा है। बारिश के पहले इस बांध की पडल को बनाये जाना अति आवश्यक है।

### पानी से लबालब होगा शहरः महापौर

महापौर योगेश ताम्रकार ने परियोजना कार्य की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्तमान में सतना शहर को 58 एमएलडी पानी की आवश्यकता एनीकट से पूरी हो रही है और नगर निगम को वर्ष 2045 की आवश्यकता अनुसार 70 एमएलडी पानी की सुगम आपूर्ति दोनों एनीकेट के माध्यम से हो सकेगी। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत एक बडा एनीकेट जल सोधन संयत्र 10 किमी की पाइपलाइन और 3 ओव्हर हेड टैंक बनाये जायेंगे। 24 महीने के भीतर यह कार्य पूरा होगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम में सात तालाबों का निर्माण कर लोकार्पित किया गया है। 4 नये तालाबों का निर्माण कार्य चल रहा है। आगामी 6 माह के भीतर कुल 11 तालाबों के निर्माण हो जाने से सतना शहर पानी की सुविधा से लबालब होगा। उन्होंने बताया कि जल पुर्नभरण के लिए नगर निगम क्षेत्र में 6 हजार सोकपिट बनाये जा रहे हैं।

# जैतवारा में नप भवन का लोकार्पण

- **फर्नीचर के लिए मिलेंगे 25 लाख रुपए, बालिकाओं को प्रभारी मंत्री ने दिया 11 हजार का इनाम**

**सतना, देशबन्धु।** जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को सतना प्रवास के दौरान जैतवारा पहुंचकर 1 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से निर्मित नगर परिषद कार्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नवीन नगर परिषद भवन से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और गति आएगी, साथ ही आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर और बेहतर तरीके से समाधान होगा। कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, नगर परिषद अध्यक्ष रेणु देवी डोहर, उपाध्यक्ष बृजेश पयासी, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय, नगर निगम के पूर्व स्पीकर अनिल जायसवाल, शंकर दयाल त्रिपाठी, प्रबल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश सरकार शहरी निकायों को सशक्त बनाने और नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्थानीय निकाय के सशक्तीकरण और अर्बन बॉडी पर विशेष ध्यान देकर इन संस्थाओं के लिए अलग से राशि भी दे रहे हैं। नगरीय विकास विभाग द्वारा प्रथम चरण में 5 हजार करोड रूपये का ऋण भी ले रहा है।



### सांसद ने मांगा रिंग रोड

सांसद गणेश सिंह ने नगर पंचायत जैतवारा के शानदार कार्यालय भवन की उपलब्धि के लिए नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि चित्रकूट विकासखण्ड में पानी रोकने के सबसे ज्यादा कार्य हुए है। मगर भौगोलिक संरचना के कारण पानी आपूर्ति उतनी नहीं हो पाती। उन्होंने जैतवारा कुलकरिया मार्ग पर बायपास रिंग रोड जैतवारा को तहसील का दर्जा दिलाने, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में करने तथा जैतवारा कॉलेज के लिए पहुंच मार्ग बनाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि जैतवारा रामरज गेरू का क्षेत्र है। इसका व्यापार कम होता जा रहा है। यहां औद्योगिक क्षेत्र या पार्क की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संभावनाओं के इस क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है।

इसके स्वीकृत हो जाने पर 1 करोड़ रूपये की राशि जैतवारा नगर पंचायत को दी जायेगी। प्रभारी मंत्री ने भवन के फर्नीचर के लिए 25 लाख रूपये और स्वीकृत करने की बात कही। उन्होंने कार्यक्रम में भजन गाने वाली बालिकाओं को पुरूस्कार स्वरूप 11 हजार रूपये की राशि भी प्रदान करने के कलेक्टर को निर्देश दिये।

## आज का मौसम

| न्यूनतम तापमान | अधिकतम तापमान | आर्द्रता |
|---|---|---|
| 21.04 डि.से. | 31.04 डि.से. | सुबह: 68 शाम: 48 |

## सार-समाचार

### जिला कांग्रेस कमेटी का धरना प्रदर्शन आज

**सतना, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रदेश की भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में 9 अप्रैल गुरुवार को धरना प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। सतना विधायक जिला कांग्रेस कमेटी सतना के ग्रामीण अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा के नेतृत्व में यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से पुराना पॉलिटेक्निक भवन के सामने, सिविल लाइन चौपाटी के बगल में होगा। धरना प्रदर्शन में जिले भर से कांग्रेसजन एवं आमजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा ने बताया कि प्रदेश सरकार की नीतियों से किसान, युवा और आम नागरिक प्रभावित हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, ताकि सरकार तक जनता की आवाज मजबूती से पहुंचाई जा सके।

### प्रभारी मंत्री ने किये मां शारदा देवी के दर्शन



**सतना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। प्रभारी मंत्री ने प्रदेश वासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, नगर निगम के पूर्व स्पीकर अनिल जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी, अखंड प्रताप सिंह, बालेंद्र गौतम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जीवन जीने का मार्ग दिखाती है भागवत

**सतना, देशबन्धु।** बिरसिंहपुर के समीपी ग्राम पंचायत गहरी में इन दिनों श्रीमद् भागवत कथा की धूम मची हुई है। पयासी परिवार द्वारा आयोजित कथा के पांचवें दिन सांसद गणेश सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचे उन्होंने कथा व्यास पं. दिनेश कुमार शास्त्री का आशीर्वाद लिया और भगवान की दिव्य लीलाओं का रसपान किया। बताया गया है कि संतोष पयासी निवास पर आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में सांसद गणेश सिंह ने व्यास पीठ का पूजन कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भागवत कथा के श्रवण से न केवल मन को शांति मिलती है, बल्कि यह हमें जीवन जीने का सही मार्ग भी दिखाती है। उन्होंने आयोजन की भव्यता और पयासी परिवार की श्रद्धा की सराहना की।



# भारत शक्तिशाली राष्ट्र तभी बनेगा जब गांव शहर में भाजपा मजबूत होगी: विजयवर्गीय

## मीशाबंदी एवं दिवंगत भाजपा जिलाध्यक्षों के परिजनों का हुआ सम्मान

**सतना, देशबन्धु।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर चलाये जा रहे सप्ताहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के नगरीय विकास एवं जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मुख्यअतिथि के रूप मे सम्बोधित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पांडेय की अध्यक्षता एवं सांसद गणेश सिंह, विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, विक्रम सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में मीशाबंदियो एवं दिवंगत भाजपा के जिलाध्यक्षों के परिजनों का सम्मान किया गया। जिला मीडिया प्रभारी अतुल सिंह ने बताया कि इस दौरान गांव चलो, बस्ती चलो अभियान कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए बनाये गये रथ को प्रभारी मंत्री ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।





गांव चलो, बस्ती चलो अभियान की हुई कार्यशाला

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने मीशाबंदी पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह, कमलाकर चतुर्वेदी, रामकुमार अग्रवाल, केशव भारती, गंगा प्रसाद चतुर्वेदी, कमलेश सिंह, शिवकुमार शर्मा, सुशील चन्द्र खरे, सुंदरदास नामदेव एवं दिवंगत भाजपा जिलाध्यक्ष स्व. लालजी अग्रवाल, स्व. इन्द्रराज सिंह यादव, स्व. बृजेन्द्रनाथ पाठक, स्व. राजकुमार मिश्रा के परिजनों, विजय यादव, रामकली मिश्रा, अजय पाठक, रोहित अग्रवाल का सम्मान किया गया।

प्रभारी मंत्री ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा, भारत शक्तिशाली राष्ट्र तभी बनेगा जब गांव, बस्ती और शहर में भाजपा मजबूत होगी। भाजपा ने हमेशा राष्ट्र प्रथम की अवधारणा पर काम किया है और हमारे लिए सबसे पहले देश है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको गांव बस्ती में पहुंच कर भाजपा के सिद्धांतों एवं सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से आम जनता को अवगत कराना होगा। सांसद गणेश सिंह ने भाजपा को देश का सबसे जिम्मेदार दल बताते हुए कहा कि भाजपा ने जिस एजेंडे को लेकर शुरुआत की थी, उससे पीछे कभी नहीं हटी और अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने धारा 370 और आयोध्या में राम मंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए कहा कि तमात कठिनाईयों के बाद भी भाजपा ने जो कहा, वो कर के दिखाया।

### पार्टी संगठन को मजबूत करें : भगवती

भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती पांडेय ने कहा कि गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के माध्यम से पार्टी को मजबूत करने का जो दायित्व हमें मिला है, हम सब गांव गांव- गली गली पहुंच कर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन का हर कार्यकर्ता पार्टी के सिद्धांतों और विचारों को लेकर पूरी तरह समर्पित है और वह इस अभियान को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करेगा।



## गांव चलो, बस्ती चलो अभियान रथ रवाना

**सतना, देशबन्धु।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर कुशा भाऊ ठाकरे मंडल द्वारा गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत व्यंकटेश मंदिर से रथ यात्रा को पूजा-अर्चना के साथ विधिवत रवाना किया गया। कार्यक्रम में श्रीनिवासाचार्य तथा वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित कमलाकर चतुर्वेदी ने रथ की पूजा कर हरी झंडी दिखाकर यात्रा को प्रारंभ किया। अभियान के अंतर्गत वेंकटेश लोक में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वेंकटेश लोक के प्रथम प्रधान पुजारी श्रीनिवासाचार्य महंत एवं पंडित कमलाकर चतुर्वेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री जय प्रताप गुप्ता, श्याम लाल गुप्ता श्यामू, नगर मंडल अध्यक्ष दीपेन्द्र नाथ त्रिपाठी, वार्ड अध्यक्ष ओमकार चतुर्वेदी, वार्ड क्रमांक 4 के प्रभारी भारत शुक्ला, नगर महामंत्री केशव कोरी तथा वार्ड क्रमांक 9 के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में शैलेश शास्त्री, मिथिलेश त्रिपाठी, संजय त्रिवेदी, मुकेश विश्वकर्मा, रामपाल सिंह, कैलाश सोनी, संध्या उरमालिया, सुधीर गुप्ता, अर्चना शिवा पटेल द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मार्गदर्शक पंडित रामदास मिश्रा का सम्मान भी किया गया।

# केन्द्रीय कारागार में हुई भगवान गोवर्धन की पूजा



**सतना, देशबन्धु।** मौजूदा समय में केन्द्रीय कारागार सतना में श्रीमद् भागवत कथा की धूम मची हुई है। व्यास गादी में विराजमान मानस पीठाधीश्वर जगद्गुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामललाचार्य महाराज मानस पीठ खजुरीताल सतना ने श्रद्धालुओं के ऊपर अमृत कथा की वर्षा करते हुए श्रीमद् भागवत कथा का अमृत पान कराया। बुधवार को कथा के क्रम में स्वामी जी ने श्रीकृष्ण जन्म के बधाईयां, भगवान का नाम करण, कंस द्वारा पूतना को भगवान का वध करने भेजना, भगवान द्वारा पूतना के प्राण हरना, भगवान की माखन चोरी लीलाये, बाल-लीलाएं, कुबेर के पुत्रों को श्राप से मुक्त करना, भगवान द्वारा इन्द्रदेव की जगह गोवर्धन पूजा, परिक्रमा कराना इत्यादि प्रसंगों का रस पान कराया गया।

कथा में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, स्टेट बैंक प्रबंधक रोहित परिहार, योगाचार्य अशीष तिवारी, पार्षद व समाजसेवी अभिषेक तिवारी अंशु, अखिल ब्राम्हण महासभा सतना के पदाधिकारी गायत्री परिवार के सदस्य, अन्य अतिथिगण, जेल स्टाफ के परिजन सम्मिलित हुए। इसके अलावा जेल परिवार से लीना कोष्टा, श्रीकांत त्रिपाठी, अनिरूद्ध कुमार तिवारी, अभिमन्यु पाण्डेय, फिरोजा खातून, अनिल प्रताप सिंह, जेल स्टॉफ बंदी गण भगवान गोवर्धन की पूजा में सम्मिलित हुए।

### ..तेरे माथे मुकुट विराज रहों

मानस पीठाधीश्वर ने श्रद्धालुओं को गाय, गंगा, गायत्री का महत्व बताते हुये कहा इस देश से ये तीनों यदि दूर चले गये उसी दिन से पतन होना शुरू हो जायेगा। गौ-संबर्धन करने वाला ही सर्वश्रेष्ठ ऊंचाईयों को छूता है, गाय की सेवा करने वाले को कोई भी दुख नहीं होता। यदि कोई मनुष्य भगवान का एक करोड़ नाम जप कर ले तो उसे इसी जन्म में भगवान के दर्शन हो जाएगे।

# मूलभूत सुविधाओं से आज भी वंचित है जैतवारा

**सतना, देशबन्धु।** नगर पंचायत जैतवारा उपाध्यक्ष बृजेश पयासी ने बुधवार को नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मंत्री मध्यप्रदेश शासन कैलाश विजयवर्गी के जैतवारा आगमन पर कई मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग की है। सौंपे गये ज्ञापन में नगर पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेश पयासी ने मांग की है कि सन् 2000 में जैतवारा को उप तहसील बनाया गया परन्तु जैतवारा में 26 पटवारी हल्का होने के बावजूद आज भी पूर्ण तहसील से वंचित है। कस्बे में बाई पास न होना बहुत बड़ी समस्या है, कृपया बाई पास बनवाने के लिए कार्यवाही करने की कृपा करें। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 14 भिटारी से महा विद्यालय तक के लिये सडक निर्माण के लिए राशि साथ ही कस्बे की 200 एकड शासकीय जमीन पर अनाधिकृत कब्जा है, इसको हटवा कर नगर परिषद को अवांटित किया जाए।



### पीएचसी को उन्नयन की दरकार

नगर पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेश पयासी ने प्रभारी मंत्री को सौंपे गये ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि जैतवारा में शासकीय तुलसीराम खेमका प्राथमिक स्वस्थ्य केन्द्र 1969 में तब के सरपंच तुलसीराम खेमका ने भवन बना कर 1969 में मध्यप्रदेश शासन को दन किया, जिसे की अब उन्नयन किया जाना आवश्यक है। कृपा कर के जैतवारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को उन्नयन की दरकार है।

Government of Madhya Pradesh
Public Health Engineering Department

NIT No 01,02 & 03/EE/PHED/2026-27/Satna, Dated 06-04-2026

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

| NIT No. | E-Tender No. | Name of Work | PAC (In Lakh) | EMD (Rupees) | Document Fee (Rupees) | Time Limit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_PHED_497500_1 | Repairing (Major/Minor) of Handpumps of Block Majhgawan of Gram Panchayats on the Right-hand side of Satna-Karbi Railway line (53 Gram Panchayats) of Sub Division Majhgawan Dist-Satna (M.P) | 32.61 | 50000 | 5000 | 12 month |
| 02 | 2026_PHED_497507_1 | Repairing (Major/Minor) of Handpumps of Block. Majhgawan of Gram Panchayats on the Left-hand side of Satna-Karbi Railway line (43 Gram Panchayats) of Sub Division Majhgawan Dist-Satna (M.P) | 28.77 | 50000 | 5000 | 12 month |
| 03 | 2026_PHED_497509_1 | Repairing (Major/Minor) of Handpumps of Block Sohawal of Sub Division Majhgawan Dist-Satna (M.P) | 57.04 | 57500 | 10000 | 12 month |

1. Interested bidders can view the NIT on website http://www.mptenders.gov.in
2. Bid Document Can be Seen and downloaded from the website http://www.mptenders.gov.in Upto 18-04-2026 05:30 PM.
3. The bid can be submitted in electronic format on the website http://www.mptenders gov in The deadline for submission of the bid is up to 18-04-2026 05:30 PM.
4. Amendments to NIT, if any, would be published on websitehttp://www.mptenders.gov.in only, and not in newspapers.

Executive Engineer
PHE Division Satna
Mobile No-8770013130

G-11176/26


स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

# सीएम हेल्पलाइनः 37 अधिकारियों-कर्मचारियों को नोटिस जारी

- **शिकायतों में लापरवाही का मामला, सुधार नहीं तो कटेगा एक सप्ताह का वेतन**

**सतना, देशबन्धु।** सतना जिले में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले के 37 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस में तहसीलदार कोठी, बिरसिंहपुर, नागौद मझगवां, रामपुर बघेलान, कोटर, सतना शहरी तथा तहसीलदार ग्रामीण के नाम शामिल हैं। इसी प्रकार बाल विकास परियोजना अधिकारी रामपुर बघेलान-2, रामपुर बघेलान, सतना-2, चित्रकूट (मझगवां), कनिष्ठ अभियंता ऊर्जा विभाग वितरण केन्द्र बिरसिंहपुर, छिबौरा, सज्जनपुर, सितपुरा, बाबूपुर तथा वितरण केन्द्र हरदुआ, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सतना, सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उपयंत्री मझगवां, उचेहरा/नागौद, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सोहावल, नागौद, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नागौद, उचेहरा तथा जिला आपूर्ति अधिकारी खाद्य विभाग, पंचायत इंस्पेक्टर नागौद, रामपुर बघेलान, प्रधानमंत्री आवास योजना के ब्लाक कोआर्डिनेटर नागौद, रामपुर बघेलान, मझगवां, बीपीएम नागौद और उचेहरा तथा बीसीएम उचेहरा और नागौद सहित कुल 37 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है।

6 अप्रैल को आयोजित समय-सीमा बैठक एवं सीएम हेल्पलाइन समीक्षा के दौरान कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने





पाया कि समूह-1 में विभागों की रैंकिंग और ग्रेडिंग संतोषजनक नहीं है। कलेक्टर को विभागों के अंतर्गत आने वाले ब्लॉक, तहसील एवं नगरीय निकायों में शिकायतों के निराकरण की स्थिति कमजोर पाई। 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर गंभीरता से कार्य नहीं करने के फलस्वरूप जिले की समग्र ग्रेडिंग प्रभावित हुई है। नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि बार-बार निर्देश देने के बावजूद अधिकारियों द्वारा शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरती जा रही है, जो उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। इसे घोर लापरवाही की श्रेणी में माना गया है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आगामी समीक्षा बैठक से पहले सभी लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही मार्च 2026 की ग्रेडिंग से संबंधित मामलों को भी प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि यदि संतोषजनक सुधार नहीं हुआ, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए नो वर्क, नो पे के तहत एक सप्ताह के वेतन कटौती की जा सकती है। सभी अधिकारियों को 3 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बेमौसम बारिश से हो रहा फसलों को नुकसान



## सरसों, चना, गेहूं और प्याज की फसल हो जाएंगी चौपट

## जिले में अब अन्न को तरसेगा अन्नदाता

**रीवा देशबन्धु।** जिले में आज तड़के से कई जगह आफत की बारिश हुई जिससे किसान के माथे पर चिंता की लकीर खींच गई है। खेतों में लहलहाती गेहूं और चने की फसल खलिहानों में गहाई के लिए रखे अन्न और भूसा खराब होने की स्थिति में पहुंच गए हैं। क

जिले में कुछ जगह तो बारिश और तेज हवाओं के चलने से बिजली के पोल गिर गए। बेमोसम हुई इस बरसात में आमजन जीवन प्रभावित हुआ है। साथ ही बड़े पैमाने पर किसानों की फसल खराब होने की आशंका भी गहरा गई है। इधर मौसम विभाग ने अभी एक-दो दिन और जिले में हवाओं के साथ वर्षा की आशंका जताई है। इससे सबसे ज्यादा प्रभाव गेहूं की फसल पर पड़ा है। गेहूं का के जो दाने हैं वो काले पड़ जाएंगे।

जिले के विभिन्न हिस्सों में हुई इस आंशिक बारिश में सरसों, चना, गेहूं और प्याज की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। इधर मौसम विभाग की मानें तो अभी एक-दो दिन और जिले में आधी बारिश की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत में दो पश्चिमी विभोग सक्रिय है। इसके अलावा अरब सागर के ऊपर बना एक चक्रवर्ती हवा का घेरा आगे बढ़ चुका है। जिसके चलते जिले में इस तरह आंधी और वर्षा बूंदी की स्थिति बन रही है।



# असम के मुख्यमंत्री की अभद्र टिप्पणी के विरोध में महिला कांग्रेस का पुतला दहन

**रीवा देशबन्धु।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संबंध में अभद्र टिप्पणी किए जाने के विरोध में महिला कांग्रेस द्वारा असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। ज्ञातव्य है कि हाल ही में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दलित समाज से जुड़े सूचक शब्दों का उपयोग किया गया, जो न केवल कांग्रेस पार्टी बल्कि पूरे दलित समाज का घोर अपमान है। महिला कांग्रेस ने इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इतने वरिष्ठ और सम्मानित नेता के प्रति इस प्रकार की भाषा का प्रयोग अत्यंत आपत्तिजनक एवं निंदनीय है। उक्त उद्बोधन महिला कांग्रेस की नव-नियुक्त प्रदेश महासचिव विजय लक्ष्मी मिश्रा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया गया। इसी क्रम में रीवा में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय सिरमौर चौराहे पर असम के भाजपा मुख्यमंत्री का




पुतला दहन किया गया और जोरदार विरोध दर्ज कराया गया।

इस पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला कांग्रेस की नवनियुक्त महासचिव डॉ. प्रतिभा पटेल, लक्ष्मी सिंह परिहार, प्रदेश सचिव, महिला कांग्रेस की शहर महामंत्री सत्या द्विवेदी, पूजा द्विवेदी, संध्या सिंह, डिप्टी साकेत, सुनील साकेत, लालवा कोल, जरीना बेगम, कन्हैयालाल तिवारी, लाली तिवारी, जानवी चौहान, मीना चौहान, आराध्या तिवारी सहित अनेक महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## सार-समाचार

### सिद्धि विनायक मंदिर भूमि आवंटन हेतु उपमुख्यमंत्री को दिया प्रस्ताव



***हिन्दू धर्म परिषद को मंदिर निर्माण स्थल मिलने का इंतजार***

**रीवा देशबन्धु।** समूचे देश में मुंबई और इंदौर के पश्चात् विन्ध्य धरा के रीवा नगर में तीसरे सिद्धि विनायक मंदिर निर्माण के लिये अग्रिम प्रक्रिया के तहत उप मुख्यमंत्री द्वारा भूमि प्रदाय किये जाने की घोषणा के अनुरूप उनको मंदिर निर्माण हेतु नगर के छः भूमि स्थलो में कोई एक आवंटित किये जाने मंदिर निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष कमलेश सचदेवा एवं संयोजक नारायण डिगवानी ने प्रस्ताव प्रपत्र प्रेषित किया है। जिसमें उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला द्वारा जल्द निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया है। हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक स्व0 भैय्यालाल शुकला के नाम से बनने वाले बी एल सिद्धि विनायक मंदिर की समस्त योजना की जानकारी उपमुख्यमंत्री को दी गई है। अब सिर्फ भूमि आवंटन का इंतजार है वह शासकीय तौर पर मिलती है या किसी दानदाता के द्वारा यह भविष्य निर्धारित करेगा। हिन्दू धर्म परिषद के अध्यक्ष रिषिशंकर मिश्रा ने बताया कि यह प्रस्ताव उनकी पंजीकृत संस्था के द्वारा दिया गया है।

### विद्युत कंपनियों के पेंशन लाभार्थियों के लिए महंगाई से राहत के आदेश जारी

**रीवा देशबन्धु।** मध्यप्रदेश की विद्युत कंपनियों के पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशन धारकों के लिए पुनरीक्षित महंगाई राहत के आदेश मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा जारी कर दिए गए हैं। अब पेंशनरों को 6वें वेतनमान में 5 प्रतिशत तथा 7वें वेतनमान के अनुसार 3 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ प्राप्त होगा। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता मानव संसाधन एवं प्रशासन धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि यह आदेश मध्यप्रदेश शासन के ज्ञाप के अनुक्रम में जारी किया गया है, जो 01 जनवरी 2026 से प्रभावी होगा। इससे प्रदेश की सभी उत्तरवर्ती बिजली कंपनियों के 58943 पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशन धारकों को लाभ प्राप्त होगा तथा इस पर लगभग 468 लाख रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त व्यय आयेगा।

### श्रमिक नेता 'मुफलिश' को किया गया याद



**रीवा देशबन्धु।** सीटू के सहायक महासचिव रहे का. विनय शंकर तिवारी 'मुफलिश' को याद करने के लिए शहर के विकास कालोनी स्थित संगठन के कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभा में उपस्थित आशा उषा यूनियन, मेडिकल रिप्रजेन्टेटिव, आंगनवाड़ी, वर्कचार्ज, सीमेन्ट, किसान सभा आदि विभिन्न संगठनों के बड़ी संख्या में उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए सीटू के प्रान्तीय महासचिव प्रमोद प्रधान ने 48 वर्ष की अल्प आयु में हुई का.विनय की मृत्यु को सीटू व समूचे श्रमिक आन्दोलन के लिए एक अपूर्णीय क्षति बताते हुए कहा कि जिस प्रकार से उन्होने अपने जीवनकाल में श्रमिकों को उनके अधिकार दिलाने के लिए पूरे जिले में घूमकर सभी विकासखण्डो में संगठन का निर्माण किया उनके न रहने पर उसे बचाने और बढ़ाने का काम करके ही हम उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करेगें।

## डॉ. अम्बेडकर जयंती पर 10 से 14 अप्रैल तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**रीवा।** भारत रत्न और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल को मनाई जाएगी। अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 10 से 14 अप्रैल तक जिला और विकास खण्ड स्तर पर समारोहपूर्वक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार 10 से 14 अप्रैल तक जिला और विकासखण्ड मुख्यालयों में हितग्राही सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। सभी कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों और आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित कराएं।

# महापौर की पहल पर शहर को मिले पांच आधुनिक आरओ वाटर एटीएम



**रीवा देशबन्धु।** शहरवासियों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महापौर की अनूठी पहल के अंतर्गत शहर में 5 आधुनिक आरओ वाटर एटीएम प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। जिसका लोकार्पण अस्पताल चौक में महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' की उपस्थिति में घनपत साहू द्वारा विधिवत रूप से किया गया।

इस अवसर पर महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने कहा कि नगर निगम रीवा द्वारा शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुलभ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए

## शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर सात नए आरओ वाटर एटीएम होंगे स्थापित

मध्यप्रदेश का पहला आधुनिक सुविधाओं से लैस आरओ वाटर एटीएम स्थापित किया जा रहा है। यह पहल न केवल जनसुविधा को बढ़ाएगी, बल्कि गर्मियों के मौसम में राहगीरों और शहरवासियों को स्थायी रूप से शीतल जल उपलब्ध कराएगी।

नगर निगम क्षेत्रांतर्गत वर्तमान में 5 आरओ वाटर एटीएम नगर निगम, अस्पताल चौक, सिरमौर चौक एवं बस स्टैंड में स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर 7 नए आरओ वाटर एटीएम शीघ्र ही स्थापित किए जाएंगे। इस प्रकार कुल 12 वाटर एटीएम स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्लांटों का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को निरंतर गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध हो सके। साथ ही इन वाटर एटीएम में सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक यूनिट में सीसीटीवी कैमरा एवं टोल-फ्री नंबर की सुविधा भी प्रदान की गई है, जिससे किसी भी प्रकार की



समस्या या शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। इसके अतिरिक्त तकनीकी समस्या की स्थिति में त्वरित समाधान उपलब्ध कराने हेतु वाटर प्लांट पर 24 घंटे टेक्नीशियन उपलब्ध रहेंगे, जो किसी भी समस्या का समाधान 15 मिनट के भीतर सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य रमा दुबे, गुलाम अहमद, सहायक यंत्री अभिनव चतुर्वेदी, पूर्व पार्षद लखनलाल खण्डेलवाल, अशोक पटेल, रामप्रकाश तिवारी 'डैडू', अमित चतुर्वेदी, निजावत खान, संजय पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# निगमायुक्त ने वार्ड 02, 03 एवं 05 में भ्रमण कर स्थलीय व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**रीवा देशबन्धु।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने आज वार्ड 02, 03 एवं 05 में भ्रमण कर स्थलीय व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शिवकंठ नगर का भ्रमण करते हुए निर्देशित किया कि 100 मीटर और नाला निर्माण कर बरसात के पहले यहां की जलभराव की स्थिति को दूर किया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि जहां फ्लो क्रॉसिंग में बाधा हो रही है, वहां सेक्शन पाइप कर्व बनाकर सुचारू निकासी सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने दोही में नाली निर्माण हेतु एस्टीमेट बनाए जाने के निर्देश दिए।

वार्ड 03 में भ्रमण के दौरान आयुर्वेदिक कॉलेज रोड पर कच्चे नाले के निर्माण हेतु एस्टीमेट एवं सीमांकन करने के निर्देश दिए। वार्ड की स्वच्छता व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि कचरे के ढेर लंबे समय तक पड़े रहते हैं, उनका उठाव समय पर सुनिश्चित किया जाए। दिल्ली दरबार द्वारा पार्किंग तक चौपाटी बनाए जाने के कारण वहां आवागमन बाधित हो रहा है। जिस पर उन्हें नोटिस जारी कर हटाने के सख्त निर्देश दिए गए। वार्ड 05 में भ्रमण के दौरान संगम नगर रोड के गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए तत्कालीन उपयंत्री पर रिकवरी के निर्देश दिए, साथ



ही ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने निर्माणाधीन संजीवनी क्लीनिक के स्थल का निरीक्षण किया एवं लेआउट पश्चात शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान वार्ड पार्षद राजीव शर्मा, सहायक यंत्री राजेश मिश्रा, अभिनव चतुर्वेदी, सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 'रचना की आग' विशेष व्याख्यान में गूंजी राष्ट्रचेतना माखनलाल चतुर्वेदी के कृतित्व पर हुआ विचार विमर्श

**रीवा देशबन्धु।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के रीवा परिसर में 'रचना की आग' विषय पर केंद्रित विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें माखनलाल चतुर्वेदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर गहन विचार-विमर्श हुआ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. चंद्रिका प्रसाद चंद्र एवं अध्यक्ष योगेश त्रिपाठी रहे। मंच पर वरिष्ठ कवि डॉ. राजकुमार शर्मा राज, भृगुनाथ पाण्डेय भ्रमर, परिसर निदेशक डॉ. सतेंद्र डहेरिया तथा एडजंक्ट प्रोफेसर जयराम शुक्ला सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पण से हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. चंद्रिका प्रसाद चंद्र ने माखनलाल चतुर्वेदी के साहित्यिक योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उनका लेखन भारतीय आत्मा की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि आचार्य रामचंद्र शुक्ल के इतिहास में भले उन्हें अपेक्षित स्थान न मिला हो, किंतु उनकी रचनाधर्मिता सर्वोच्च कोटि की रही है। अध्यक्षीय उद्बोधन में योगेश त्रिपाठी ने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपनी लेखनी से जन-जन में चेतना की अग्नि प्रज्वलित की, आज भी उनकी रचनाएं समाज को जाग्रत करने की क्षमता रखती हैं। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन एवं विषय प्रवेश करते हुए जयराम शुक्ला ने कहा कि साहित्य संवेदना, एवं विचार परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि कुछ रचनाएं मन को स्पर्श करती हैं, जबकि कुछ रचनाएं समाज में क्रांति की चेतना जगाती हैं।

## उपभोक्ताओं को विद्युत समाधान योजना की दें जानकारी: कलेक्टर

**रीवा देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने विद्युत विभाग की समाधान योजना की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा? कि मध्यप्रदेश सरकार की विद्युत समाधान योजना के द्वितीय व अंतिम चरण को 15 मई तक बढ़ा दिया गया है। पूर्व में यह योजना 31 मार्च तक लागू थी। विद्युत विभाग के अधिकारी समाधान योजना की जानकारी उपभोक्ताओं को दें और बकाया बिजली बिल के भुगतान कराने के लिए उन्हें प्रेरित करें। योजना के तहत सरचार्ज में छूट का यह अंतिम अवसर है। उल्लेखनीय है कि विद्युत समाधान योजना का उद्देश्य तीन माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है।

## कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा में कृषि मंथन कार्यक्रम का किया सीधा प्रसारण

**रीवा देशबन्धु।** कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा के सभागार में कृषि सखियों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा कृषि मंथन 2026 कार्य क्रम का सीधा प्रसारण संचालक विस्तार सेवाएं डा़ टी आर शर्मा, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय जबलपुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया मंथन कार्यक्रम का आयोजन जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में आयोजित हुआ।



जिसके मुख्य अतिथि डा़ मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन थे बेब कास्टिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री के उद्बोधन को कृषि सखियों को दिखाया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा में कृषि सखियों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन की नोडल डा़ स्मिता सिंह रही इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यू पी बागरी उप संचालक कृषि विभाग रीवा थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र प्रमुख डा़ एके पांडेय ने किया।

**न्यायालय उपखंड अधिकारी, उपखंड अमरपाटन जिला मैहर म.प्र.**
**प्रकरण क्र.0131/ अपील/2025-26**

**प्रेस विज्ञप्ति**

1. अपराजिता चटर्जी पिता अरिजीत चटर्जी, निवासी ग्राम खजुरी सुखनन्दन तहसील अमरपाटन जिला मैहर म0प्र0, 2 श्रीमती अर्पणा चटर्जी पत्नी अरिजीत चटर्जी, निवासी ग्राम खजुरी सुखनन्दन तहसील अमरपाटन जिला मैहर म0प्र0 ......अपीलार्थी

बनामः 1. स्वरूप सागर पिता शशांक शेखर सागर निवासी हेडगेवार नगर रीवा तहसील हुजूर जिला रीवा म0प्र0, 2. अरिजीत चटर्जी पिता अवनि कुमार चटर्जी, निवासी ग्राम खजुरी सुखनन्दन तहसील अमरपाटन जिला मैहर म0प्र0, 3 अवनि कुमार चटर्जी पिता अटल बिहारी चटर्जी (फौत). ...उत्तरवादीगण

एतद् द्वारा उत्तरवादीगण क्र0 2 को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी अपराजिता चटर्जी पिता अरिजीत चटर्जी निवासी खजुरी सुखनन्दन तहसील अमरपाटन जिला मैहर म0प्र0 के द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त ताला के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0004/अ-6/2015-16 में पारित आदेश दिनांक 17.11.2015 के विरुद्ध म.प्र.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत प्रथम अपील प्रस्तुत की गई है. उक्त अपील इस न्यायालय में सुनवाई हुतु दिनांक 17.04.2026 को नियत है। अतः आप स्वतः या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक को सुनवाई हेतु उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन करें। नियत तिथि को उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 20.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी।

उपखंड अधिकारी
उपखंड अमरपाटन
जिला मैहर म0प्र0

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.),**

क्रमांक 05 रीवा. दिनांक 08/04/2026

**अनाधिकृत कालोनी विकास के संबंध में सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा द्वारा अनाधिकृत रूप से नियमित की जा रही अवैध कालोनियों के विरूद्ध म.प्र. नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 में वर्णित प्रावधान कण्डिका 22 के तहत अवैध कालोनी निर्माणकर्ता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है। अतः निम्न अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनियों में क्रय किये भूखण्ड, कोई अंतरण हेतु किसी करारनामा शून्य होगा। निम्न भूखण्डों में कोई क्रय विक्रय किया जाना दण्डनीय अपराध माना जावेगा।

| क्र. | वार्ड क्र. मोहल्ला | अवैध कालोनाइजर का नाम/पता | ग्राम/पटवारी तहसील/हल्का | आराजी नं. | कुल रकवा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02, सम्राट नगर दोही रोड के बगल में | श्रीमती प्रीती कुशवाहा पत्नी श्री सुनील कुमार कुशवाहा वगैरह | निपनिया | 1246/2 (S) | जुज रकवा 0.1620 हे. (आवासीय) |
| 2 | 02, सम्राट नगर दोही रोड के बगल में | श्री उमेश प्रताप कुशवाहा पिता श्री वालकरण कुशवाहा वगैरह, | निपनिया | 1247 (S) | जुज रकवा 0.2590 हे. (आवासीय) |
| 3 | 02, सम्राट नगर दोही रोड के बगल में | श्री सुनील कुशवाहा पिता श्री कमलेश कुशवाहा वगैरह | निपनिया | 1266 (S) | जुज रकवा 0.1620 हे. (आवासीय) |
| 4 | 02, सम्राट नगर दोही रोड के बगल में | श्री दिनेश प्रसाद पिता इन्द्रदत्त ब्रा. वगैरह | निपनिया | 1267/4 (S) | जुज रकवा 0.4860 हे. (आवासीय) |
| 5 | 02, सम्राट नगर दोही रोड के बगल में | श्री दिनेश प्रसाद पिता इन्द्रदत्त ब्रा. वगैरह | निपनिया | 1267/2 (S) | जुज रकवा 0.1860 हे. (कृषि) |

उपरोक्तानुसार सर्वसाधारण एवं भूमि स्वामी अवगत होकर सूचित हों।

कार्यपालन यंत्री
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम रीवा (म0प्र0)

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### भाजपा राष्ट्र प्रथम.....

संजर, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, पूर्व मंत्री व विधायक अजय विश्नोई, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, डॉ. अभिलाष पाण्डेय, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जिला अध्यक्ष ग्रामीण राजकुमार पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोटिया, श्रीमती मनोरमा पटेल, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज मंचासीन रहे। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश महामंत्री विनोद गोंटिया, विज, शरद अग्रवाल पूर्व विधायक शरद जैन, अंचल सोनकर, नंदनी मरावी, नीलेश अवस्थी पूर्व महापौर प्रभात साहू जीएस ठाकुर, सदानंद गोडबोले, रानू तिवारी, स्वाति गोडबोले, महामंत्री पंकज दुबे, राजेश दाहिया, रंजीत पटेल, रुपेश पटेल, संजय यादव के साथ पार्टी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### वेदांता माइनिंग.....

से जोड़ने वाली लगभग 3 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण है। इस सड़क का निर्माण 'वेदांता एल्युमिना' कंपनी के प्रोजेक्ट के लिए किया जा रहा है। स्थानीय आदिवासी समुदाय लंबे समय से इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि यह सड़क उनके विस्थापन और पर्यावरण विनाश की शुरुआत है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन उनके हितों की अनदेखी कर कॉरपोरेट लाभ के लिए उनकी जमीनें छीन रहा है।

**कलेक्टर का वीडियो और बढ़ता आक्रोश-** हाल ही में रायगढ़ा के कलेक्टर कुलकर्णी आशुतोष सी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसने आग में घी डालने का काम किया। वीडियो में कलेक्टर ग्रामीणों को सख्त लहजे में जमीन खाली करने और दस्तावेज दिखाने की चेतावनी देते नजर आ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने माइनिंग बिल पास कर दिया है और पुलिस बल की तैनाती की जा चुकी है। कलेक्टर के इस कड़े रुख और 'आदिवासी मुख्यमंत्री' का हवाला देने के बावजूद ग्रामीणों में डर और गुस्से का माहौल बन गया, जो अंततः हिंसा में तब्दील हो गया।

**तड़के शुरू हुई कार्रवाई और पथराव-** जानकारी के अनुसार, पुलिस मंगलवार सुबह करीब 5 बजे एक वारंटी की तलाश में और सड़क निर्माण कार्य को सुरक्षा देने के लिए गांव पहुंची थी। पुलिस की मौजूदगी देख प्रदर्शनकारी उग्र हो गए और उन्होंने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने सोते हुए लोगों पर लाठीचार्ज किया, जबकि पुलिस का कहना है कि ग्रामीणों ने उन पर कुल्हाड़ी, तलवार और पत्थरों से हमला किया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। इस संघर्ष में घायल हुए 40 से ज्यादा जवानों में से 7 की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल पुलिसकर्मियों को बेहतर इलाज के लिए रायगढ़ा जिला अस्पताल से विशाखापत्तनम रेफर किया गया है। दूसरी ओर, कुछ ग्रामीणों के भी घायल होने की खबर है।

**इलाके में भारी पुलिस बल तैनात-** वर्तमान में जिले की एसपी स्वाति एस. कुमार और कलेक्टर खुद घटनास्थल पर डेरा डाले हुए हैं। पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और शगाबाड़ी गांव के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की भीड़ पर पाबंदी लगा दी गई है। यह घटना एक बार फिर औद्योगिक विकास और जल-जंगल-जमीन पर आदिवासियों के अधिकारों के बीच के पुराने संघर्ष को उजागर करती है।

सतना, गुरूवार 09 अप्रैल 2026

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मोदी सरकार की विदेश नीति की बड़ी नाकामी

7 और 8 अप्रैल की आधी रात को जब भारत के लोग सो रहे थे, उस समय वैश्विक व्यवस्था में बदलाव की एक बड़ी करवट ली जा चुकी थी। 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजरायल के छेड़े गए युद्ध को अब अगले दो सप्ताह तक रोकने के लिए ईरान और अमेरिका के बीच सहमति बन गई है। खास बात यह है कि युद्धविराम का यह ऐलान उस समय हुआ जब ट्रंप की तरफ से दी गई समयबद्ध चेतावनी की सीमा खत्म होने में दो घंटे ही बचे थे। ईरान के समयानुसार बुधवार सुबह तीन बजे तक का वक्त डोनाल्ड ट्रंप ने दिया था कि ईरान उनकी बात मान ले, वर्ना वे ईरान के बिजलीघरों, पुलों और सड़कों पर भारी बमबारी करवाएंगे। ट्रंप ने सीधे-सीधे ईरान को तबाह करने की चेतावनी दी थी। ईरान के लोगों ने भी हिम्मत दिखाते हुए बिजलीघरों और पुलों के सामने मानवश्रृंखला बना ली थी कि वे ऐसे किसी भी बड़े हमले में कुर्बानी के लिए तैयार हैं, लेकिन समझौता करने के लिए नहीं। लेकिन 1 बजे के करीब युद्धविराम का ऐलान हो गया।

इस बड़ी घटना को कालानुक्रम में देखिए- 7 और 8 अप्रैल की रात 12:46 बजे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्रंप और ईरान से 2 हफ्ते के लिए युद्धविराम अनुरोध एक पोस्ट पर किया।

बुधवार सुबह 4:02 बजे ट्रंप ने पोस्ट किया कि - 'पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ बातचीत के बाद मैं आज रात ईरान पर हमला रोक रहा हूं। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को खोलने को तैयार हो गया है।

4:41 को ईरान के विदेश मंत्री ने पोस्ट किया कि- इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की ओर से, मैं क्षेत्र में युद्ध को समाप्त करने के अथक प्रयासों के लिए अपने प्रिय भाइयों महामहिम पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ और महामहिम फील्ड मार्शल मुनीर के प्रति आभार और सराहना व्यक्त करता हूं। मैं ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की ओर से घोषणा करता हूं: यदि ईरान के खिलाफ हमले रोक दिए जाते हैं, तो हमारी शक्तिशाली सशस्त्र सेनाएं अपने रक्षात्मक अभियान बंद कर देंगी।

5:20 बजे शाहबाज शरीफ ने पोस्ट में लिखा अत्यंत विनम्रता के साथ, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि ईरान और अमेरिका तत्काल प्रभाव से युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। मैं इस बुद्धिमान पहल का हार्दिक स्वागत करता हूं और दोनों देशों के नेतृत्व के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। अब बातचीत के आधार पर एक निर्णायक समझौते के लिए शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 को दोनों देश के प्रतिनिधिमंडलों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करता हूं।

अब शुक्रवार को यह दो हफ्तों का युद्धविराम स्थायी युद्धविराम में बदलेगा या फिर नए सिरे से हमलों की शुरुआत होगी, फिलहाल कहा नहीं जा सकता। लेकिन अभी जो 15 दिनों की शांति की बात हुई है, उसमें भी दुनिया ने राहत की सांस ली है, क्योंकि इस जंग की तपिश में पूरी दुनिया झुलस रही थी। ईरान की तरफ से दिए गए 10 बिंदुओं के प्रस्ताव पर ही ट्रंप चर्चा के लिए तैयार हो गए हैं, यह भी ईरान के लिए बड़ी जीत के संकेत हैं। क्योंकि उसने अपने बड़े नेताओं को खोने के बावजूद आखिरी तक हथियार डालने से मना कर दिया। इस युद्धविराम प्रक्रिया में पाकिस्तान के साथ सऊदी अरब, तुर्किए और मिस्त्र भी लगे थे, लेकिन ईरान इन पर भरोसा नहीं कर पा रहा था। जिसके बाद चीन का आश्वासन आया और ईरान ने सहमति जताई। खुद ट्रंप ने कहा है कि चीन ने ईरान को बातचीत की मेज पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो सकती है।

इस पूरे घटनाक्रम को देखें तो समझ आता है कि जब दुनिया नयी व्यवस्था की तरफ बढ़ रही थी, भारत हिंदू-मुस्लिम के नशे में धुत्त था। ईरान पाकिस्तान को शुक्रिया कह रहा है, अमेरिका कह रहा है कि पाकिस्तान से चर्चा के बाद युद्ध रोका और पाकिस्तान ईरान और अमेरिका को धन्यवाद दे रहा है, इसमें कहीं भी भारत का नामोनिशान नहीं है, क्योंकि हमारी सरकार की प्राथमिकताएं बदल गई हैं। नरेन्द्र मोदी को बिना कुछ किए विश्वगुरु बनने का शौक है। उन्हें और उनके सलाहकारों को लगता है कि नेहरू-इंदिरा को कोसेंगे तो मोदी का कद ऊंचा हो जाएगा। वैश्विक नेताओं से जबरन गले मिलेंगे, फिजूल हँसी-ठट्टा करेंगे तो दुनिया में रुतबा बढ़ेगा। लेकिन कोरी लफ्फाज़ी और काम करने में क्या अंतर है, अब नजर आ रहा है। इस युद्धविराम से अमेरिका के अकेले महाशक्ति होने के दावे को बड़ा झटका लगा है, और इससे पहले युद्ध के दौरान जिस तरह यूरोप के कई देशों ने अमेरिका की हरकतों पर सवाल उठाए, उससे भी जाहिर हुआ कि अब अमेरिका की हर बात में हां में हां मिलाने के दिन चले गए हैं। दुनिया के कई देश अब अमेरिका के पिछलग्गू होने की जगह उसे साझीदार की तरह देख रहे हैं। अब पाकिस्तान भी कह सकता है कि अमेरिका ने उसकी बात सुनी। लेकिन भारत में मोदी सरकार ऐसा नहीं कह पाएगी। क्योंकि मोदी अब भी ट्रंप और नेतन्याहू के सामने दबे दिख रहे हैं।

जिस पाकिस्तान को मनमोहन सिंह सरकार ने आतंकवादी देश के तौर पर स्थापित कर दिया था वह मोदी सरकार की अक्षम विदेश नीति के कारण अंतरराष्ट्रीय महत्व हासिल कर रहा है और यहां मोदी समर्थक यही बता रहे हैं कि इस युद्ध से हमारा लेना-देना ही नहीं था तो हम बीच में क्यों पड़ें। हालांकि इस युद्ध के कारण ही देश में ऊर्जा संकट आया, महंगाई बढ़ी तो इससे कैसे हमारा लेना-देना नहीं था। इससे पहले भी जब पाकिस्तान की मध्यस्थता की बात आई थी तो एस जयशंकर ने इसे दलाली जैसा निकृष्ट काम बताया था, लगे हाथ विदेश मंत्री यह भी बता दें कि जब ट्रंप ने ऑपरेशन सिंदूर रुकवाने का दावा किया था, तो क्या ट्रंप ने तब दलाली की थी?

बहरहाल, अब अंतरराष्ट्रीय नक्शे में पाकिस्तान ने भारत से थोड़ी बढ़त बढ़ा ली है, ये हमारे लिए चिंता की बात होनी चाहिए और उसके साथ चीन का नाम भी युद्धविराम में आ रहा है, यह भी विचारणीय है। याद कीजिए कि राहुल गांधी ने पहले ही चेतावनी दी थी कि मोदी सरकार की विफल नीति के कारण पाकिस्तान और चीन एक साथ आएंगे और यह भारत के लिए बड़ा खतरा बन जाएंगे। अब राहुल की बात फिर सही साबित हो रही है। एक बड़ा डर भारत के सामने खड़ा हो गया है कि पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को अब अंतरराष्ट्रीय पटल पर ले जाने की पुरजोर कोशिश करेगा। जबकि अब तक हमारी मजबूत नीति के कारण उसे इसमें सफलता नहीं मिली थी। लेकिन मोदी शायद इसे भी मुमकिन कर दिखाएं। उनके समर्थक अब गंभीरता से विचार करें कि क्या ऐसे ही दिनों के लिए इन्हें सत्ता सौंपी थी?

# ईरान का अद्भूत जज्बा दुनिया के लिए मिसाल

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

टाइटैनिक फिल्म का एक अद्भुत दृश्य है, जब जहाज टुकड़े-टुकड़े होकर डूबता है, अमीरों में आपाधापी मची रहती है कि बचाने वाली नावों पर वे किसी भी तरह सवार हो जाएं, नीचे गरीबों के निकलने के रास्ते पर दरवाजा बंद करके ताला लगा दिया जाता है, क्योंकि उनकी जान की कीमत नहीं समझी जाती, पूरे जहाज में चीख-पुकार मची रहती है और इस बीच संगीतकारों के दल के सदस्य अपने वाद्य लेकर जाते-जाते ठहरते हैं और एक आखिरी बार अपने संगीत की प्रस्तुति देते हैं। मौत के बीच वे जिंदगी, जिंदादिली और जिजीविषा की अद्भुत संगीत रचना पेश करते हैं।

बीते दिनों ईरान के सुप्रसिद्ध संगीतकार अली ग़मसारी जब इसी तरह तेहरान में दमावंद बिजली संयंत्र के सामने पहुंचे और उन्हें देखकर कई और कलाकार भी इसी तरह अपने वाद्ययंत्रों के साथ प्रस्तुति देने बाहर आए, तो टाइटैनिक के उस दृश्य की ही याद आ गई। ग़मसारी के कई वीडियो सोशल मीडिया पर देखे जा सकते हैं, उन्होंने तेहरान के दमावंद बिजली संयंत्र में अपने वाद्य यंत्रों के साथ पहुंचकर बम के धमाके के जवाब के लिए संगीत के सुरों को चुना। बिजली संयंत्र के सामने दरी बिछाकर अपने वाद्य 'तार' के साथ ग़मसारी बैठे और दो दिनों तक बजाते रहे। उनके इस फैसले के पीछे डोनाल्ड ट्रंप की वह धमकी थी, जिसमें वे ईरान की पूरी सभ्यता को खत्म करने का ऐलान कर रहे थे।

गौरतलब है कि 28 फरवरी के बाद ट्रंप ने कई बार ईरान को कई तरह की धमकियां दीं, लेकिन बीते दिनों उनकी दो धमकियां चर्चा में रहीं। पहले तो उन्होंने ईरान की सैन्य ताकत खत्म करने के दावे के साथ ईरान को पाषाण युग में वापस भेजने की धमकी दी, इसके बाद एक और धमकी देकर मंगलवार रात आठ बजे तक का वक्त दिया कि इसके बाद वे ईरान के बिजली संयंत्रों, पुलों और सड़कों पर ऐसे हमले करेंगे जिससे एक पूरी सभ्यता नष्ट हो जाएगी। ईरान को धमकाने के लिए ट्रंप ने अपशब्दों का इस्तेमाल भी किया, जिससे उनका असली चेहरा दुनिया के सामने खोल कर रख दिया। हालांकि जो लोग ईरान को एक पिछड़ा, अशिक्षित, दकियानूसी, कट्टरपंथी, धर्मान्ध देश मानने की भूल करते थे, क्योंकि अमेरिका ने उनके सामने ईरान की ऐसी ही तस्वीर पेश की थी। उन्हें भी नजर आ गया कि असल में ईरान क्या है। अली ग़मसारी जैसे सैकड़ों-हजारों-लाखों-करोड़ों लोगों ने दुनिया को ईरान के एक ऐसे जुझारू पक्ष को दिखा दिया, जो आज के वक्त में दुर्लभ गुण हो चुका है। प्रसंगवश बता दूं कि युद्ध में अपने देश की सेवा के लिए दुनिया भर से ईरानी जनता वतन वापस लौट गई। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान, चीन जैसे तमाम विकसित देशों में आराम का जीवन बिताने का मौका इन अप्रवासी ईरानियों के पास था, लेकिन अपनी सुरक्षा और आराम से पहले इनके लिए देश की रक्षा है, जिसकी खातिर वे लौट आए। जबकि अमूमन यही होता है कि जब किसी देश पर हमला हो या किसी किस्म का संकट आए, तो बाहर बैठे उसके नागरिक खैर मनाते हैं कि अच्छा है हम वहां नहीं हैं। भारत के भी लाखों लोग विदेशों में बसे हैं, जिनके लिए देशप्रेम का मतलब विदेशी धरती पर अपने त्योहार मनाना, अपने सनातनी संस्कारों को पेश करना ही है। भारत वापस आकर ये कभी यहां के प्रदूषण पर नाक-भौं सिकोड़ेंगे, तो कभी यातायात व्यवस्था की हंसी उड़ाएंगे या फिर विदेश में बैठकर देश के लोगों को देशभक्ति का ज्ञान देंगे। ऐसे में ईरान के लोगों का जज़्बा किसी अजूबे से कम नहीं है।

**बहरहाल बात ईरान के लोगों की हिम्मत और अनूठी रचनात्मकता की हो रही है। संगीतकार अली ग़मसारी ने दमावंद बिजली संयंत्र के सामने बैठकर संगीत के तार छेड़े, ताकि ईरान की अधोसंरचना पर होने वाले हमलों को रोकने में मदद मिल सके। वहीं ईरान के प्रसिद्ध गायक अली ज़ंदवाकिली ने बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए रेलवे लाइन के किनारे गीत गाए। इधर ईरान के शरीफ विश्वविद्यालय को अमेरिका ने मिसाइल से तबाह किया।**

बहरहाल बात ईरान के लोगों की हिम्मत और अनूठी रचनात्मकता की हो रही है। संगीतकार अली ग़मसारी ने दमावंद बिजली संयंत्र के सामने बैठकर संगीत के तार छेड़े, ताकि ईरान की अधोसंरचना पर होने वाले हमलों को रोकने में मदद मिल सके। वहीं ईरान के प्रसिद्ध गायक अली ज़ंदवाकिली ने बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए रेलवे लाइन के किनारे गीत गाए। इधर ईरान के शरीफ विश्वविद्यालय को अमेरिका ने मिसाइल से तबाह किया तो अगले ही दिन गणित के एक प्रोफेसर ने राख और मलबे के बीच बैठकर ही ऑनलाइन क्लास ली, जबकि एक और प्रोफेसर डॉ. मसूद शादनाम ने कहा कि ये हमले ईरान में वैज्ञानिक प्रगति को प्रभावित नहीं कर सकते, क्योंकि इमारतें दोबारा बनाई जा सकती हैं, लेकिन बुद्धि को निशाने पर नहीं लिया जा सकता और विज्ञान के क्षेत्र में काम करने वाले प्रतिभाशाली लोग यहीं रहते हैं। अमेरिका की ईरान को पूरी तरह तबाह करने की धमकी के बीच युवा और खेल मामलों के उपमंत्री अलीरेजा रहीमी ने एक चैनल पर आकर अपने देशवासियों से अपील की कि हम मानवश्रृंखला बनाकर इन धमकियों का जवाब दें, उन्होंने कहा कि, 'बिजली संयंत्र जो हमारी राष्ट्रीय संपत्ति और पूंजी हैं, चाहे किसी भी पसंद या राजनीतिक नजरिए से देखें, वे ईरान और ईरानी युवाओं के भविष्य के हैं। हम सब हाथों में हाथ डालकर यह कहेंगे कि सार्वजनिक ढांचे पर हमला करना युद्ध अपराध है।' मंत्री की इस अपील पर देश के युवा, छात्र, खिलाड़ी, कलाकार, शिक्षक सब हाथों में हाथ डालकर मानवश्रृंखला बनाकर खड़े हो गए।

हम होंगे कामयाब की पंक्तियां याद आ गईं- हम चलेंगे साथ-साथ, डाल हाथों में हाथ, हम चलेंगे साथ-साथ एक दिन, मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास, हम होंगे कामयाब एक दिन। ईरान वाकई ऐसे ही कामयाबी की राह पर आगे बढ़ा। तभी तो ट्रंप को सभ्यता खत्म करने की धमकी के बाद यह कहने पर मजबूर होना पड़ा कि हम दो हफ्ते के युद्धविराम के लिए तैयार हैं, हम आगे चर्चा के लिए तैयार हैं, हम ईरान में पुनर्निर्माण के लिए मुआवजा देंगे। दरअसल ईरान को यह कामयाबी, यह नायकत्व अपने नेतृत्व और जनता की अटूट देशभक्ति के जज्बे से हासिल हुआ है। मंगलवार को जब सब कुछ खत्म करने की चेतावनी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी थी, तो उसके जवाब में उनके समकक्ष ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशिकयान ने कहा था कि 1.4 करोड़ से अधिक ईरानी लोगों ने देश रक्षा में शहादत के लिए तैयार रहने का इरादा जताया है। मैं भी ईरान के लिए अपनी जान देने के लिए पहले भी तैयार था, अब भी हूं और आगे भी रहूंगा। अब दुनिया देख रही है कि जिस देश का राष्ट्रपति खुद कहे कि मैं शहीद होने के लिए तैयार हूं, और जिस देश के सर्वोच्च नेता ने पहले अपनी शहादत दे दी, क्या उस ईरान को अमेरिका और इजरायल कभी हरा पाएंगे।

याद रहे कि दिवंगत अयातुल्लाह अली खामेनेई के पास मौका था कि वे युद्ध शुरु होते ही किसी बंकर में जाकर रहते ताकि उनकी जान बचे और वे अपने देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। उनके सलाहकारों ने उनसे यही गुजारिश भी की थी। खामेनेई के करीबी रहे अब्दुल माजिद हकीम इलाही ने बताया था कि खामेनेई ने अपने सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि अगर वे ईरान के 9 करोड़ लोगों के लिए सुरक्षित शेल्टर का इंतजाम कर सकते हैं, तभी वे अपना घर छोड़कर कहीं और जाएंगे। उनके साथ उनके परिवार वालों ने भी किसी खास सुरक्षा प्रावधान से इंकार कर दिया और 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल के हमले में इन सभी ने अपनी शहादत दी। खामेनेई का कहना था कि एक नेता को हमेशा अपनी जनता और गरीबों के बराबर ही रहना चाहिए। अगर कोई नेता अपने लिए अलग और खास जीवन जीने लगे, तो वह देश का नेतृत्व करने के लायक नहीं रहता।

अयातुल्लाह अली खामेनेई के बाद सुरक्षा परिषद के प्रमुख अली लारीजानी भी इसी तरह हमले में मारे गए। और जब तक वे जिंदा थे, उन्हें कई बार ईरान की सड़कों पर आम जनता के साथ, आम जनता के बीच देखे गये। अब राष्ट्रपति डॉ.पेजेशिकयान ने भी शहादत का यही जज्बा दिखाया है। डोनाल्ड ट्रंप से पूछा जाना चाहिए कि क्या असभ्य, खतरनाक और आतंक फैलाने वाले लोग ऐसे होते हैं, क्योंकि ईरान को वे दुनिया की सबसे खतरनाक कौम कहते हैं। ईरान ने साहस और देशभक्ति की नयी मिसाल ही नहीं पेश की, बल्कि इंसानियत और भाईचारा भी दिखाया है। ईरान के दुनिया भर में बने दूतावासों से रोजाना ही ट्रंप और इस युद्ध को लेकर पोस्ट हो रहे हैं, जिनमें कभी तंज होते हैं, कभी मार्मिक संदेश होते हैं। किसी पोस्ट में मीनाब शहर की मृत बच्चियों के साथ जेफ्री एपस्टीन के द्वीपों में यौनशोषण का शिकार बच्चियों को ईरान एक साथ रखकर ट्रंप और नेतन्याहू को उनका दोषी करार दे रहा है, तो किसी में दिवंगत खामेनेई के साथ स्वर्ग में इन बच्चियों को दिखा रहा है। कहीं ट्रंप की पाषाण युग में भेजने वाली धमकी पर उलाहना है। लेकिन इन सबके साथ अमेरिकी जनता को कई बार ये संदेश ईरान ने दिया है कि हमारी दुश्मनी आपसे नहीं है, हम आपका नुकसान नहीं चाहते, लेकिन ट्रंप और नेतन्याहू आपके जीवन को खतरे में डाल रहे हैं।

युद्ध में दुश्मन देश की जनता के लिए भी चिंता होना क्या पाषाण युग के लक्षण हैं या इंसानियत दिखाने की पराकाष्ठा है, ये दुनिया को तय करना है।

# न्यायपालिका में ए. आई. के उपयोग की संभावनाएं

सर्वप्रथम मैं ख्याति प्राप्त कवि एवं चिंतक डॉ. शिवमंगल सिंह 'सुमन' की पंक्तियों से अपनी बात प्रारंभ करना चाहूंगा—

क्या हार में क्या जीत में,
किंचित नहीं भयभीत मैं,
संघर्ष पथ पर जो मिले यह भी
सही वह भी सही,
वरदान मांगूंगा नहीं।

विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए. आई. )अर्थात कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उसके न्यायपालिका में उपयोग से संबंधित है, जो जितना आधुनिक है उतना ही महत्वपूर्ण भी है। इसलिए इसके मूल स्वरूप को संक्षेप में समझना आवश्यक है, ताकि आगे हम न्यायपालिका में इसके प्रयोग को बेहतर ढंग से समझ सकें।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए. आई. )का विकास अनेक वैज्ञानिकों के योगदान से हुआ। समय के साथ यह तकनीक मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के रूप में विकसित होकर ऐसी स्थिति में पहुंच गई है, जहां यह डाटा, एल्गोरिदम और कंप्यूटिंग शक्ति के आधार पर स्वयं सीखकर निर्णय लेने में सक्षम हो गई है। सरल शब्दों में कहें तो ए.आई. मनुष्य के व्यवहार को समझकर कार्य करने वाली एक बुद्धिमान प्रणाली है, जो जटिल समस्याओं का समाधान तेजी और सटीकता के साथ कर सकती है।

<>आज चिकित्सा के क्षेत्र में इसके माध्यम से रोगों की पहचान अधिक सटीक हो रही है और भविष्य में संभावित बीमारियों का अनुमान भी लगाया जा रहा है, वहीं मौसम विज्ञान में यह पूर्वानुमान देने में सक्षम है कि कब और कितनी वर्षा होगी, जिससे किसान अपनी फसलों की योजना पहले से बना लेते हैं और आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन के माध्यम से कृषि कार्य अधिक प्रभावी हो गए हैं।

इसी प्रकार कंप्यूटर विज़न और रोबोटिक्स के माध्यम से उद्योगों में उत्पादन क्षमता बढ़ी है और एक जैसे कार्य कम समय में अधिक दक्षता से संपन्न हो रहे हैं, शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में भी ए.आई. ने जानकारी को त्वरित और संक्षिप्त रूप में उपलब्ध कराकर कार्यों को सरल बना दिया है। वित्तीय क्षेत्र में यह धोखाधड़ी की पहचान करने और बाजार के रुझानों का विश्लेषण करने में सहायक है, वहीं अंतरिक्ष विज्ञान और रक्षा क्षेत्र में भी इसकी भूमिका निरंतर बढ़ रही है, जिससे स्पष्ट है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी सिद्ध हो रहा है, और इसी व्यापक उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए अब यह आवश्यक हो जाता है कि हम न्यायपालिका जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इसके संभावित उपयोग पर विचार करें।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की एक महत्वपूर्ण विशेषता इसकी सेल्फ लर्निंग क्षमता है, किंतु इसके लिए सही और प्रमाणिक डाटा अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि त्रुटिपूर्ण डाटा से प्राप्त परिणाम भी गलत हो सकते हैं। इसके साथ ही इसके उपयोग से समय की बचत और कार्यों में सटीकता तो आती है, परंतु डाटा की गोपनीयता, रोजगार पर प्रभाव और साइबर अपराध जैसी चुनौतियां भी सामने आती हैं। जैसे फर्जी प्रोफाइल बनाना, छवि का दुरुपयोग करना या भ्रामक जानकारी फैलाना। इसके अतिरिक्त यह भी एक महत्वपूर्ण प्रश्न है कि यदि ए.आई.के माध्यम से किसी व्यक्ति के बारे में आपत्तिजनक सामग्री प्रस्तुत होती है तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? यह भविष्य का एक गंभीर विधिक प्रश्न है। इसलिए यह आवश्यक है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग पूरी सावधानी और नैतिकता के साथ किया जाए, क्योंकि यह मानव जीवन को सरल बनाने का एक प्रभावी साधन तो है, किंतु मानव की भावनाओं और नैतिक मूल्यों का पूर्ण विकल्प नहीं बन सकता।

इन्हीं आधारों को ध्यान में रखते हुए हम न्यायपालिका में इसके उपयोग की संभावनाओं को समझने का प्रयास करेंगे। सर्वप्रथम कानूनी शोध के क्षेत्र में यह अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है, जहां न्यायाधीश, अधिवक्ता और शोधार्थी इसके माध्यम से त्वरित रूप से आवश्यक सामग्री प्राप्त कर रहे हैं।

पहले जहां किसी केस में लॉ (कानून )को खोजने के लिए अनेक पुस्तकों का अध्ययन करना पड़ता था, वहीं अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से वह कार्य तुरंत संभव हो गया है। इसके अतिरिक्त केस मैनेजमेंट और न्यायालयीन प्रक्रिया के प्रबंधन में भी इसका उपयोग किया जा सकता है। न्यायालयों में अनुवाद और लिप्यांतरण के कार्य में भी ए.आई.सहायक बन रहा है। उच्चतम न्यायालय में इस प्रकार के प्रयोग प्रारंभ हो चुके हैं, जहां विभिन्न भाषाओं में दिए गए निर्णयों और दस्तावेजों का त्वरित अनुवाद संभव हो रहा है, जिससे कार्य की दक्षता बढ़ती है, सटीकता में सुधार होता है और त्रुटियों की पहचान करना भी सरल हो जाता है। साथ ही मैनुअल कार्य में कमी आने से समय और खर्च दोनों की बचत होती है। किन्तु इसके साथ यह संभावना भी बनी रहती है कि यदि डाटा त्रुटिपूर्ण है तो उसके आधार पर अनुचित परिणाम सामने आ सकते हैं। इसके अतिरिक्त ए.आई. आधारित निर्णयों में पारदर्शिता और स्पष्टीकरण का अभाव भी एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है, तथा अत्यधिक निर्भरता से मानवीय संवेदनाओं और न्यायाधीश के अनुभव पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि न्यायिक प्रक्रिया में केवल साक्ष्य ही नहीं बल्कि गवाह की भाव-भंगिमा, व्यवहार और आचरण भी कई बार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही यदि समस्त सूचनाएं डाटा के रूप में संरक्षित होती हैं तो गोपनीयता का जोखिम भी बना रहता है। अत: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाने के लिए आवश्यक सावधानियां अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इसके लिए ए.आई.गवर्नेंस फ्रेमवर्क विकसित किया जाना चाहिए तथा न्यायालयों में इसके उपयोग के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश निर्धारित होने चाहिए। निष्पक्षता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र ऑडिट की व्यवस्था आवश्यक है और गोपनीयता की सुरक्षा को भी सुदृढ़ किया जाना चाहिए, साथ ही कानूनी शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।



ज. अनिल कुमार शुक्ला

**भारत के संदर्भ में अभी कई चुनौतियां विद्यमान हैं, जिनमें न्यायिक प्रक्रियाओं में औपचारिक ढांचे का अभाव, अत्यधिक निर्भरता का जोखिम और ए.आई.के प्रशिक्षण की कमी प्रमुख हैं। यदि सावधानीपूर्वक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग न्यायालयीन कार्यों में किया जाए, विशेषकर उन मामलों में जो डाटा आधारित हैं, जैसे संपत्ति विवाद, मोटर दुर्घटना दावे और नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स से संबंधित प्रकरण**


भारत के संदर्भ में अभी कई चुनौतियां विद्यमान हैं, जिनमें न्यायिक प्रक्रियाओं में औपचारिक ढांचे का अभाव, अत्यधिक निर्भरता का जोखिम और ए.आई.के प्रशिक्षण की कमी प्रमुख हैं। यदि सावधानीपूर्वक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग न्यायालयीन कार्यों में किया जाए, विशेषकर उन मामलों में जो डाटा आधारित हैं, जैसे संपत्ति विवाद, मोटर दुर्घटना दावे और नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स से संबंधित प्रकरण, तो इनका त्वरित निपटारा संभव हो सकता है, जिससे न्यायालय का समय बचेगा और जटिल तथा गंभीर मामलों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा, क्योंकि वर्तमान में निचली अदालतों से लेकर उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय तक सभी स्तरों पर लंबित प्रकरणों का दबाव बना हुआ है।

न्यायाधीशों की संख्या की अपेक्षा उनके समक्ष लंबित मामलों की संख्या अत्यधिक है और उनके त्वरित निराकरण के लिए वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अतिरिक्त कोई प्रभावी विकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता। इस संदर्भ में कुछ प्रकरण भी उल्लेखनीय हैं, जिनसे यह स्पष्ट होता है कि न्यायालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग सहायक उपकरण के रूप में प्रारंभ हो चुका है। उदाहरण स्वरूप एक मामले में, जिसमें एक कर्मचारी को सेवा से पृथक किया गया था और उसे पर्याप्त कारणों की जानकारी नहीं दी गई थी,न्यायालय ने उपलब्ध तथ्यों और तकनीकी साधनों की सहायता से मामले का परीक्षण करते हुए प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को प्राथमिकता दी।

इसी प्रकार वर्ष 2023 में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति अनूप चितकारा द्वारा निर्णय प्रक्रिया के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित उपकरण का संदर्भ लिया गया, जिसने इस दिशा में एक नई संभावनाओं को संकेत दिया। भारत के अतिरिक्त अन्य देशों में भी न्यायपालिका द्वारा ए.आई. के उपयोग की दिशा में प्रयास बढ़ रहे हैं, जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका में कुछ प्रकरणों में ए.आई.आधारित अनुसंधान उपकरणों का उपयोग देखा गया है, वहीं यूनाइटेड किंगडम में न्यायालयों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे इसके व्यवस्थित और जिम्मेदार उपयोग की रूपरेखा स्पष्ट होती है।

चीन सहित कुछ अन्य देशों में भी न्यायालयीन प्रक्रियाओं को अधिक दक्ष और त्वरित बनाने के लिए तकनीकी साधनों, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, का प्रयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है। इन सभी उदाहरणों से यह स्पष्ट होता है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(ए. आई. )न्यायपालिका में निर्णय का विकल्प नहीं, बल्कि एक सहायक साधन के रूप में उभर रहा है, जो न्यायिक प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनाने में योगदान दे सकता है। मैं यह आशा और विश्वास व्यक्त करता हूं कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस न्यायपालिका की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़, त्वरित एवं न्यायसंगत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**( उज्जैन में आयोजित तेइसवीं अखिल भारतीय सद्भावना व्याख्यानमाला में 21 नवम्बर 2025 को 'ए. आई. युग में सामाजिक सरोकार एवं न्याय के उपादान' विषय पर प्रमुख वक्ता के रूप में वीडियो कॉन्फ्रेंस में लेखक द्वारा दिए गए भाषण पर आधारित आलेख )**



## ललित सुरजन की कलम से

### जोसेफ ब्रूचाक

**( अमेरिकन मूलनिवासी कवि )**

हम देख रहे हैं
पंचायत घर की खिडकियों से,
जहाँ हमारी दादियों ने
समझ और धीरज के साथ
चुना उन नेताओं को
जिन्हें जनता ने चाहा, विश्वास किया,
और आगे बढ़ाया,
जहाँ आकाश को प्रकंपित करते हुए
डैने फडफ़ड़ाकर चीलों ने
संगीत दिया
शांति के गीतों को,
बच्चों की, बड़ों की और
आने वाली पीढियों को
स्वस्ति के लिए,
हम देख रहे है
उस ठिकाने से, जहाँ दफन किए गए
बंधुद्रोही लड़ाईयों के हथियार
और जहाँ अब खड़ा है
गगनचुंबी वृक्ष देवदार का,
और उस पर बैठी चील
नीचे देखती हुई

**अंग्रेजी से रुपांतर:**
**ललित सुरजन**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2020/07/blog-post_15.html

## पावन प्रसंग

### जीवन विकास में पुस्तकों का महत्व

मानव जीवन के विकास में ज्ञान का स्थान सर्वोपरि है और इस ज्ञान की प्राप्ति का सबसे सशक्त माध्यम पुस्तकें हैं। स्वाध्याय और पुस्तकें एक-दूसरे के पूरक हैं। जिस प्रकार अन्न और जल जीवन के लिए आवश्यक हैं, उसी प्रकार पुस्तकें बौद्धिक और आत्मिक विकास के लिए अनिवार्य हैं। पुस्तकें केवल कागज और अक्षरों का संग्रह नहीं होतीं, बल्कि उनमें महान विचारकों, संतों और महापुरुषों के अनुभव, चिंतन और जीवन का सार समाहित होता है। वे मनुष्य को दिशा देती हैं, उसे अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाती हैं।

पुस्तकों की विशेषता यह है कि वे निर्जीव होते हुए भी जीवंत प्रतीत होती हैं। उनमें लेखक की आत्मा बसती है। जब कोई व्यक्ति पुस्तक खोलता है तो उसे ऐसा अनुभव होता है मानो महान व्यक्तित्व उसके सामने उपस्थित होकर उससे संवाद कर रहे हों। इस प्रकार पुस्तकें केवल ज्ञान का संग्रह नहीं बल्कि जीवंत संवाद का माध्यम बन जाती हैं। यही कारण है कि उन्हें ज्ञानियों की समाधि कहा गया है, जहां उनके विचार सुरक्षित रहते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी मानवता का मार्गदर्शन करते हैं।

पुस्तकों का प्रभाव दो प्रकार का होता है। वे अमृत भी बन सकती हैं और विष भी। अच्छी पुस्तकें मनुष्य को सत्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं, उसके विचारों को शुद्ध करती हैं और उसके चरित्र का निर्माण करती हैं। वे सच्चे मित्र की भांति उसका मार्गदर्शन करती हैं और जीवन की कठिनाइयों में उसे सही दिशा दिखाती हैं। इसके विपरीत, निम्न स्तर की या गलत विचारों वाली पुस्तकें मनुष्य को भ्रमित कर सकती हैं और उसे गलत रास्ते पर ले जा सकती हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि व्यक्ति विवेकपूर्वक पुस्तकों का चयन करे और सद्ग्रंथों का अध्ययन करे।

पुस्तकों का महत्व इस बात से भी स्पष्ट होता है कि वे अमर होती हैं। मनुष्य का शरीर नश्वर है, लेकिन उसके विचार और कृतियां पुस्तकों के माध्यम से सदैव जीवित रहती हैं। प्राचीन ग्रंथ जैसे गीता, रामायण, महाभारत और अन्य धार्मिक व नैतिक साहित्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने अपने समय में थे। इन ग्रंथों ने न केवल अपने युग को प्रभावित किया बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी दिशा प्रदान की है। यही कारण है कि पुस्तकें लेखक के अमरत्व का प्रतीक मानी जाती हैं।

इतिहास में पुस्तकों के निर्माण और संरक्षण के लिए अनेक प्रयास किए गए हैं। प्राचीन काल में ज्ञान को सुनकर याद रखने की परंपरा थी, जिसे श्रुति कहा जाता था। बाद में जब यह अनुभव हुआ कि स्मृति पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है, तब ज्ञान को लिखित रूप देने की आवश्यकता महसूस हुई। प्रारंभ में ताड़पत्र, भोजपत्र और चमड़े पर लेखन किया जाता था। यह प्रक्रिया अत्यंत कठिन और श्रमसाध्य थी। एक पुस्तक तैयार करने में वर्षों लग जाते थे और उसकी प्रतियां बनाना भी अत्यंत कठिन कार्य था। इसके बावजूद ज्ञान के संरक्षण के लिए विद्वानों और राजाओं ने अथक प्रयास किए।

-कांतिलाल मांडोत

## नो एंट्री बोर्ड के दम पर नहीं लग पा रही रोक

**नगर पंचायत नागौद का मामला**

**अनुविभागीय दंडाधिकारी नागौद के आदेश एवं नगर परिषद के नो एंट्री बोर्ड के दम पर नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक नहीं लग पा रही है। जिसके चलते कस्बे की यातायात व्यवस्था तो पटरी से उतरी हुई है जिसके चलते छोटे वाहन चालकों को महज परेशानी का सामना करना पड़ता है।**

**सतना, देशबन्धु।** ज्ञात हो कि नगर में कई पुरानी घटनाओं के मद्देनजर आवागमन में हो रही है सुविधा को ध्यान में रखकर अनुविभागीय दंडाधिकारी नागौद ने कार्यालयीन आदेश क्रमांक/ 290 के तहत 28फरवरी को जारी कर 7 बिंदुओं में नगरीय ट्राफिक व्यवस्था को व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश निषेध करने का प्रयास किया था। जो अब सिर्फ कागजी आदेश बन कर रह गया है।




**दिनभर मचाते हैं धमाचौकड़ी**

वर्तमान समय में तो भारी लंबे विशेष वाहन धान का पैरा लेकर नगर में दिन भर घुसे रहते हैं। जो आवागमन को बाधित करते हैं। सब्जी मंडी में वाहनों की भारी संख्या दिन भर जमी रहती है। पता नहीं कौन जिम्मेदार लोग नागौद की इस अति खराब ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने का श्रेय हासिल कर पाएगा।

- **प्रवेश निषेध का फरमान अब सिर्फ कागजी आदेश बना**

**बोर्ड लगाकर पूरी कर ली जवाबदेही**

बताया गया है कि इसी क्रम में नगर परिषद ने दो-चार स्थानों पर नो एंट्री बोर्ड प्रदर्शित कर अपनी जवाबदेही पूरा करने का प्रयास किया। एसडीएम के उक्त आदेश के चलते तो एकाध दिन नागौद पुलिस ने भी सिंहपुर चौराहा में सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने की जवाबदारी निभाई, कुछ परिणाम भी दिखे, लेकिन दो-तीन दिनों बाद वही अव्यवस्था का आलम है, वही जाम, वही भारी वाहनों के धमा चौकड़ी किसी भी समय देखी जा सकती है।



## 7 दिन में मुआवजा दिलाने का आश्वासन

**सतना, देशबन्धु।** पिपरौखर गांव में 7 अप्रैल की शाम आग जनी से तबाह हुई फसलों व पीड़ित किसानों से मिलने के लिए बुधवार को पूर्वजिला पंचायत सदस्य यतेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने तत्काल तहसीलदार व पटवारी को बुलाकर नुकसान का सर्वे कराया तथा एसडीएम उचेहरा से चर्चा कर प्रभावित किसानों को सात दिवस के भीतर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इस अग्निकांड में प्रभावित किसानों में अशोक मिश्रा, राम जी मिश्रा, रामकेश मिश्रा, रामसेवक ढीमर, शारदा तिवारी, राजभान तिवारी और वीरेंद्र तिवारी शामिल हैं। मौके पर तहसीलदार उचेहरा ज्योति पटेल, पटवारी आशीष तिवारी, सरपंच भूपेंद्र सिंह, सरपंच सुनील सिंह, पूर्व सरपंच समीर सिंह तथा पूर्व जनपद सदस्य मनीष सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।



## वायरल आपत्तिजनक वीडियो पर युवाओं का प्रदर्शन

**सतना, देशबन्धु।** जिले में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे आपत्तिजनक वीडियो को लेकर क्षेत्र के युवाओं में भारी आक्रोश देखा गया। कमल सिंह तिवारी, प्रवीण तिवारी, रमेश पाण्डेय एवं पप्पू तिवारी के नेतृत्व में युवाओं ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरएन खरे को ज्ञापन सौंपकर। संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वीडियो में ब्राह्मण एवं क्षत्रिय समाज के प्रति अत्यंत अभद्र एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया है। जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। युवाओं ने प्रशासन से मांग की कि वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की शीघ्र पहचान कर उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए । ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। इस दौरान राजाभैया, राहुल तिवारी, सोमेश मिश्रा, शिवम सिंह तिवारी, विपुल दुबे, मोंटी पाण्डेय, मंटू मिश्रा, शिवम द्विवेदी एवं हंसराज तिवारी सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

- **व्यक्ति की पहचान कर कार्रवाई की मांग**

### सार-समाचार



## एम्बुलेंस में चालकों और दलालों का कब्जा

**अमरपाटन, देशबन्धु।** सिविल अस्पताल अमरपाटन परिसर पर मौजूदा समय में अनाधिकृत एम्बुलेंस मालिकों चालकों और दलालों ने पूरी तरह से कब्जा जमाया हुआ है। हालत यह है कि ये लोग अस्पताल परिसर में मरीज और उनके परिजनों को गुमराह कर निजी अस्पतालों या मेडिकल दुकानों की ओर ले जाते हैं। जिसके चलते मरीज को अनावश्यक परेशानी और अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। सिविल अस्पताल बीएमओ एवं अस्पताल प्रभारी की मिली भगत के चलते अस्पताल के अंदर एंबुलेंस मलिक दलाल चालक डेरा जमाए बैठे दिख सकते हैं। जिला कलेक्टर मैहर से मांग है कि जिला अस्पताल सतना की तर्ज पर अस्पताल परिसर में बाहरी एम्बुलेंस और दलालों की बढ़ती गतिविधियों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए।

## सात किसानों की गेहूं की फसल राख



**सतना, देशबन्धु।** बढ़ते तापमान और हवा के बीच गेहूं के खेतों में आग लगने का सिलसिला जारी है। मंगलवार की शाम उचेहरा जनपद क्षेत्र व नागौद थाना क्षेत्र के पिपरोखर गांव के खेतों के ऊपर से गुजरी बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई । आग की लपटें देखकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की हर संभव कोशिश की लेकिन आग की तीव्रता के कारण किसान रामरतन मिश्रा, मनीष सिंह, संजय तिवारी, रामभान तिवारी, रामजी मिश्रा, कन्हैलालाल मिश्रा, रामसेवक वर्मन के खेत में लगी करीब 12 एकड़ से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। हालांकि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और फायर बिग्रेड वाहन भी पहुंचा। टीम के मोर्चा संभालाने के पहले ही इन किसानों की गेहूं की फ्सल पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी।

**शॉर्ट सर्किट से लगी आग**

## सालाना उर्स पर सूफियाना कब्बाली



**नागौद, देशबन्धु।** हाफिज मिन्हाजुलहक पीर बाबा का सालाना 24वॉं उर्स शरीफ मनाया गया। इस मौके पर सूफियाना कब्बाली का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने शिरकत की। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक कल्पना वर्मा, पूर्व भूमि विकास बैंक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह छोटे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य यतेंद्र सिंह पप्पू, नागौद थाना प्रभारी अशोक पांडेय, एडवोकेट मुखतार अहमद सिद्दीकी, जसो थाना प्रभारी बीआर सिंह, सिंहपुर थाना प्रभारी सहित रैगांव थाना प्रभारी बिशन सिंह मरावी, पटवारी अजीत सिंह, एसआई अजय दीक्षित, राम निहोर नामान, भाई मोहम्मद जाकिर, सदर मोहम्मद अलताब, मोहम्मद हामिद, तारीख जावेद, कलाम भैया, यादव रजा सिद्दीकी, अली खुर्शीद, हीरा शहीद सहित न्य लोग मौजूद रहे।

# मांग पूरी न होने तक जारी रहेगा

**शिक्षकों ने अधिकारों की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन**

- **शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त की जाए**

**सतना, देशबन्ध।** न आप नेता, न मैं नेता, संघर्ष ही हमारा नेता है। इसी संकल्प के साथ अध्यापक/शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के आह्वान पर सतना जिले में शिक्षकों द्वारा अपने अधिकारों की मांग को लेकर जिला स्तर पर प्रदर्शन व रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया।

शिक्षा कर्मी, गुरुजी एवं संविदा शिक्षकों ने एकजुट होकर यह स्पष्ट किया कि वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान के लिए अब निर्णायक संघर्ष किया जाएगा। सभी शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि उनके भीतर अधिकारों की जो ज्वाला जल रही है, वह



अब शांत नहीं होगी और अपने हक लेकर ही रहेंगे। इस आंदोलन की प्रमुख मांगों में शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त की जाए।

नवीन शिक्षक संवर्ग में प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना लागू की जाए। शिक्षकों का कहना है कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के प्रावधानों एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुरूप कई वर्गों को एनसीटीई से छूट प्राप्त है, फिर भी विभागीय स्तर पर अनावश्यक रूप से इसे अनिवार्य बनाया जा रहा है, जो न्यायसंगत नहीं है। इससे प्रदेश के लाखों शिक्षकों में मानसिक तनाव की स्थिति निर्मित हो रही है। इसी प्रकार, सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से न किए जाने के कारण शिक्षकों को पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अन्य वैधानिक लाभों से वंचित होना पड़ रहा है, जो उनके साथ अन्याय है। सतना कलेक्ट्रेट में हजारों शिक्षक एकत्रित होकर ज्ञापन के माध्यम से शासन-प्रशासन से मांग की है कि जारी आदेशों की पुर्नसमीक्षा करते हुए तत्काल राहत प्रदान की जाए तथा शिक्षक वर्ग के हित में न्यायपूर्ण निर्णय लिया जाए। रैली प्रदर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। जिसमें उपरोक्त मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा व्यक्त की गई।

ज्ञापन कायज्रक्रम में मुख्य रूप से काफी लोग उपस्थिति रहे। अंत में सभी शिक्षकों ने एकजुटता का परिचय देते हुए यह संकल्प लिया कि जब तक उनकी जायज मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।



## जॉनसन सीमेंट निर्माण प्रक्रिया से रूबरू हुए एकेएस के छात्र

**सतना, देशबन्ध।** एकेएस विवि के एमबीए मार्केटिंग विभाग के छात्रों ने जॉनसन सीमेंट डिवीजन में औद्योगिक भ्रमण कर उद्योग जगत की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं अनुभवपूर्ण रहा। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. प्रदीप चौरसिया एवं मोहित आनंद श्रीवास्तव द्वारा किया गया। भ्रमण के दौरान जॉनसन सीमेंट डिवीजन के जनरल मैनेजर राकेश कुमार, मानव संसाधन विभाग से अंबिकेश त्रिपाठी एवं संतोष कुमार पाण्डेय ने छात्रों को सीमेंट निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कच्चे माल के चयन से लेकर क्लिंकर निर्माण, पीसाई, पैकेजिंग तक की प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया। साथ ही, औद्योगिक इकाइयों में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों एवं गुणवत्ता नियंत्रण की आधुनिक तकनीकों से भी छात्रों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर विभाग के डीन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. कौशिक मुखर्जी ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रायोगिक एवं कौशल आधारित शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों को वास्तविक औद्योगिक वातावरण को समझने का अवसर मिलता है।

## समीक्षा अधिकारी बने दिवाकर को डीएम ने किया सम्मानित

**चित्रकूट, देशबन्धु।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी दिवाकर सिंह निवासी ग्राम बाबूपुर, पोस्ट पहाड़ी, जनपद चित्रकूट को सम्मानित किया है। उल्लेखनीय है कि दिवाकर सिंह ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत चित्रकूट में संचालित नि:शुल्क कोचिंग संस्थान से तैयारी कर यह सफलता अर्जित की है।



इस अवसर पर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने चयनित अभ्यर्थी को बधाई देते हुए कहा कि जनपद के अन्य प्रतियोगी छात्र-छात्राएं भी मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत संचालित नि:शुल्क कोचिंग संस्थान का लाभ उठाकर अपनी तैयारी को सुदृढ़ बनाएं एवं अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें। अवगत कराया गया कि राजकीय जिला पुस्तकालय, चित्रकूट में संचालित कोचिंग में सिविल, एक दिवसीय प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ नीट,जेईई की कक्षाएं संचालित हैं। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी डॉ. वैभव त्रिपाठी उपस्थित रहे ।

## सदगुरु शिक्षा समिति का वार्षिक गृह-परीक्षा परिणाम घोषित

**चित्रकूट, देशबन्धु।** पूज्य संत रणछोड़दास महाराज की प्रेरणा से चित्रकूट के जानकीकुंड में संचालित सदगुरु शिक्षा समिति के तत्त्वावधान में संचालित शैक्षणिक संस्था विद्याधाम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सदगुरु पब्लिक स्कूल का वार्षिक गृह परीक्षा परिणाम गरिमामय समारोह में घोषित किया गया। समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन एवं संस्कार आधारित शिक्षा की झलक स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। मुख्य अतिथि के रूप में सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के प्रबंध ट्रस्टी एवं निदेशक डॉ. ईलेश जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा समिति की अध्यक्षा ऊषा बी. जैन ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान के साथ माता सरस्वती एवं पूज्य गुरुदेव के चित्रों पर



माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद स्वागतीय उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए समिति की अध्यक्षा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया। इसके बाद दोनों विद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा कक्षावार परीक्षा परिणामों की विस्तृत घोषणा की गई। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए मंचासीन अतिथियों ने प्रत्येक कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 70 से अधिक छात्र-छात्राओं को स्वर्ण एवं रजत पदक प्रदान कर सम्मानित किया। मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर अभिभावकों एवं शिक्षकों में विशेष उत्साह एवं गौरव का वातावरण रहा। इस अवसर उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, सचिव आर.बी. सिंह चौहान तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राकेश शाक्या, कार्तिकेय द्विवेदी, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शुक्ला, प्राचार्य शंकरदयाल पांडेय, राकेश तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी, सीमा चौधरी, ज्योति सिंह सहित विद्यालयों के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण मौजूद रहे।

## डीएम ने किया पार्कों और ऐतिहासिक स्थलों का निरीक्षण

- **तुलसी पार्क में नियमित संचालित हो फाउंटेन**

**चित्रकूट, देशबन्धु।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा जनपद मुख्यालय स्थित तुलसी पार्क, धुस मैदान पार्क, पुरानी कोतवाली परिसर एवं तहसील पार्क का लखनऊ से आए आर्किटेक्ट पवन सिंह एवं सुश्री देवीना अग्रवाल के साथ स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिए। निरीक्षण के दौरान तुलसी पार्क का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने बाउंड्रीवाल की ग्रिल सहित मरम्मत कार्य कराते हुए आकर्षक थीम पर पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। बंदरों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए फाउंडेशन में जाली



लगवाने के निर्देश भी दिए, जिससे पार्क की संरचना को क्षति से बचाया जा सके। उन्होंने फाउंटेन को प्रतिदिन संचालित रखने के निर्देश दिए। पार्क परिसर में स्थित स्टोर का निरीक्षण करते हुए अधिशासी अधिकारी को साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही पार्क में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष बल देते हुए कहा कि यह स्थान आमजन के प्रात:कालीन व्यायाम एवं मॉर्निंग वॉक हेतु उपयोग में आता है, अत: किसी भी प्रकार की गंदगी न रहने दी जाए।

उन्होंने आर्किटेक्ट से पार्क के सौंदर्यीकरण हेतु विस्तृत स्टीमेट तैयार कर साडा के माध्यम से स्वीकृति हेतु प्रेषित करने के निर्देश दिए। पार्क के मुख्य द्वार को आकर्षक स्वरूप में परिवर्तित कर उस पर पार्क का नाम अंकित कराने तथा पार्क में वाहनों के प्रवेश को पूर्णत: प्रतिबंधित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही फ्रंट एरिया में सुदृढ़ एवं आकर्षक फुटपाथ निर्माण कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान मार्ग के किनारे विद्युत विभाग की सामग्री पाए जाने पर संबंधित एसडीओ को तीन दिवस के भीतर सामग्री हटाने के निर्देश दिए गए, अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

## स्थापना दिवस पर मंदिर में चला स्वच्छता अभियान

**रामपुर बाघेलान, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय एवं रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। बताया गया है कि मौहारी कटरा मण्डल के ग्राम ऐरा के मतहा काली माता मंदिर परिसर ऐरा भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक शिवांक त्रिपाठी एवं भाजपा मौहारी कटरा मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा की उपस्थिति सराहनीय रही। इस मौके पर मंन्दिर परिसर में स्वच्छता अभियान चला कर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया । इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा, भाजयुमो



जिला कार्यसमिति सदस्य शिवम त्रिपाठी, ग्राम पंचायत ऐरा के सरपंच रामबक्स सिंह, भाजपा नेता राजकृष्ण अग्निहोत्री, संगीता प्रजापति सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## जिपं सीईओ ने की एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की वर्चुअल समीक्षा

**सतना, देशबन्धु।** एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को गति देने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने मैहर जिले के अमरपाटन एवं सतना जिले के उचेहरा जनपद पंचायतों एवं नगर परिषदों में चले रहे एचपीवी वैक्शीनेशन कार्य की वन-टू-वन वर्चुअल समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह ने डीपीओ, डीईओ, डीपीसी को निर्देश दिए गए है कि प्रतिदिन का टारगेट तय करके व उसके विरूद्ध उपलब्धि की स्वयं समीक्षा करें और कहीं भी



**प्रतिदिन टारगेट तय करें, स्वयं समीक्षा करें**

समस्या होने पर तत्काल अवगत कराये। वीसी में जनपद पंचायत अमरपाटन, उचेहरा के सीईओ व नगर परिषद के अधिकारी, डीईओ, बीईओ, डीपीसी, बीआरसी, डीपीओ, सीडीपीओ, सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक शामिल हुए। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने दोनों विकासखंडों में टीकाकरण की प्रगति, लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि तथा मैदानी स्तर पर आ रही समस्याओं की जानकारी ली।

**घर-घर संपर्क बढ़ाने पर जोर**

वर्चुअल समीक्षा के दौरान जिपं सीईओ ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा एवं एएनएम को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश देते हुए घर-घर संपर्क बढ़ाने पर भी जोर दिया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण टीकाकरण की गति अपेक्षित नहीं है। इस पर सीईओ ने निर्देशित किया कि स्कूलों, ग्राम सभाओं एवं जनसंपकज़ के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। जिपं सीईओ ने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने, डेटा अपडेट रखने तथा दैनिक प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## स्कूल चलो अभियानः नामांकन कराने पर जोर

**चित्रकूट, देशबन्धु।** जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल की अध्यक्षता में जिला भाजपा अध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शशांक सिंह, शेखर शुक्ला सहित अधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्कूल चलो अभियान की रैली का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जीजीआईसी में सम्पन्न कराया गया। सर्वप्रथम स्कूल चलो रैली की शुरूआत मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। सीडीओ ने कहा कि षिक्षा विकास का आधार है। सभी अभिभावक अपने बच्चों का षत प्रतिषत नामांकन कराकर सरकार के स्कूल चलो अभियान को सफ्ल बनाये।

## 15 दिनों में लक्ष्य पूर्ण करें:



**चित्रकूट, देशबन्धु।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को कैंप कार्यालय में फार्मर रजिस्ट्री अभियान की प्रगति के संबंध में जूम एप के माध्यम से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद की सभी तहसीलों में चल रहे पंजीकरण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई और अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान कृषि उपनिदेशक राजकुमार ने अवगत कराया कि नेटवर्क संबंधी समस्याओं के कारण वर्तमान में सभी तहसीलों को मिलाकर कुल 209 पंजीकरण हुए हैं। जिलाधिकारी ने इस पर निर्देश दिया कि नेटवर्क की सुगमता के अनुसार कार्ययोजना बनाएं और किसानों के आधार विवरण प्राप्त कर रात्रि में डाटा फीडिंग का कार्य करें ताकि प्रगति सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को 15 दिवस के भीतर शत-प्रतिशत पंजीकरण पूर्ण करने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि अभियान की समाप्ति के बाद एक भी पात्र किसान पंजीकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) चंद्रशेखर, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, कृषि उपनिदेशक राजकुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी देवेंद्र सिंह, तहसीलदार चंद्रकांत तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अंबेडकर प्रतिमा का टूटा चश्मा, दो साल से हो रही उपेक्षा, प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप




**शहडोल, देशबन्धु।** संभाग के अंबेडकर चौक में विश्व रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का चश्मा पिछले दो वर्षों से टूटा पड़ा है। यह क्षतिग्रस्त चश्मा अब प्रशासनिक उदासीनता का जीता-जागता प्रतीक बन चुका है।

स्थानीय निवासियों ने कई बार ज्ञापन सौंपकर मरम्मत की मांग की गई लेकिन नगर पालिका और संबंधित विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। न केवल चश्मा बदला गया, बल्कि प्रतिमा स्थल की साफसफाई पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। क्षेत्र में जगह-जगह खोदे गए गड्ढों ने स्थिति को और बदतर बना दिया है। बारिश के मौसम में ये गड्ढे जलभराव का कारण बनते हैं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी होती हैं। विशेषकर महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग पैदल चलने में असमर्थ हो जाते हैं। अंबेडकर चौक शहर का व्यस्त केंद्र हैं, जहां रोज सैकड़ों लोग आते-जाते हैं लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से यहां दुर्घटना का खतरा मंडरा रहा है। इधर 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती पर शहडोल में विशाल रैली सभा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होने हैं। स्थानीय संगठनों ने लाखों समर्थकों के सहभाग की तैयारी की है लेकिन प्रतिमा स्थल की बदहाल हालत देखकर लोगों में भारी आक्रोश है।

सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर उइके ने कहा कि बाबा साहब समानता के प्रतीक हैं लेकिन उनकी प्रतिमा की यह दुर्दशा असहनीय है। प्रशासन जयंती से पहले सुधार करे, वरना आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि प्रतिमा मरम्मत और साफ सफाई की जिम्मेदारी नगर पालिका की है या लोक निर्माण विभाग की दो साल बीत चुके, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। जयंती नजदीक आ रही है, क्या प्रशासन अब जागेगा या उपेक्षा का यह सिलसिला जारी रहेगा।

## दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दरअसल, चरखरी के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। घटना मंगलवार शाम करीब 4 बजे की है।

सूचना मिलते ही ब्यौहारी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया, जिनका उपचार जारी है। मृतक की पहचान उमरिया जिले के मानपुर निवासी जगदीश पाल के रूप में हुई है।

तेज रफ्तार की वजह से हादसे की आंशका पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है।

## ब्यौहारी में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

### किराना गोदाम में काफी नुकसान आग बुझाने 8 घंटे की मशक्कत



**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में एक छोटी सी चिंगारी ने देखते ही देखते बड़ा कहर बरपा दिया। वार्ड नंबर 9 न्यू बरौधा स्थित एक किराना गोदाम में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों में भय का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह गोदाम स्थानीय व्यापारी राजेश गुप्ता का है, जो किराना सामान के थोक व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। घटना के समय गोदाम बंद था और परिवार के सदस्य घर पर मौजूद थे। देर शाम आसपास के लोगों ने गोदाम से धुआं उठते और आग की लपटें निकलती देखी। जिसके बाद तुरंत इसकी सूचना राजेश गुप्ता को दी गई। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी और स्थिति नियंत्रण से बाहर हो चुकी थी।घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। आग इतनी भीषण थी कि इसे काबू में करने के लिए दमकल कर्मियों को करीब 8 घंटे तक लगातार मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान दमकल वाहनों द्वारा 6 से अधिक बार पानी डालकर आग पर नियंत्रण पाने का प्रयास किया गया। लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक गोदाम में रखा अधिकांश सामान पूरी तरह जल चुका था। इस भीषण आगजनी में गोदाम में रखा भारी मात्रा में किराना सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस हादसे में 30 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। स्वयं गोदाम मालिक राजेश गुप्ता ने भी नुकसान की पुष्टि करते हुए बताया कि उनका लगभग पूरा स्टॉक आग की भेंट चढ़ गया है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। ब्यौहारी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आगजनी का प्रकरण दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा हैए हालांकि पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाताए तो यह आग आसपास के मकानों और दुकानों तक भी फैल सकती थीए जिससे और बड़ा नुकसान हो सकता था। प्रशासन और दमकल विभाग की तत्परता से एक बड़ी दुर्घटना टल गई लेकिन इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्थाओं और विद्युत उपकरणों की नियमित जांच की आवश्यकता को एक बार फिर उजागर कर दिया है।

### सार-समाचार



## दिव्यांगों एवं वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण वितरित

### सामाजिक अधिकारिता शिविरों में मिली राहत

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जनपद पंचायत बुढार एवं गोहपारू में सामाजिक अधिकारिता शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से एडिप योजना एवं आरव्हीवाई योजना के तहत चिन्हित हितग्राहियों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गएए जिससे उनके दैनिक जीवन में सुविधा और आत्मनिर्भरता बढ़ सके। जनपद पंचायत बुढार में आयोजित शिविर में स्थानीय विधायक जयसिंह मरावी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान 17 वरिष्ठ नागरिकों और 17 दिव्यांगजनों को कुल 70 सहायक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम में हितग्राहियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी, क्योंकि लंबे समय से उन्हें जिन सुविधाओं की आवश्यकता थी, वह अब पूरी हो सकी। इसी तरह जनपद पंचायत गोहपारू में आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर में 19 वरिष्ठजन एवं 11 दिव्यांगजनों को कुल 56 सहायक उपकरण वितरित किए गए।

इन उपकरणों में बैसाखी, ट्राई साइकिल, वॉकर, व्हीलचेयर, छड़ी सहित अन्य उपयोगी सामग्री शामिल रही। इन साधनों के माध्यम से दिव्यांगजन अपनी दैनिक गतिविधियों को अधिक सहजता से कर सकेंगेए वहीं वरिष्ठजनों को भी चलने-फिरने में सहूलियत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि शासन की मंशा है कि समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ा जाए और उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए समय.समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता हैए ताकि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ सीधे पहुंच सके। शिविर में उपस्थित लाभार्थियों ने शासन एवं प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सहायक उपकरण मिलने से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। कई लाभार्थियों ने बताया कि पहले उन्हें चलने-फिरने में काफी कठिनाई होती थी लेकिन अब इन उपकरणों के माध्यम से वे अपने कार्य स्वयं कर सकेंगे।

## जनगणना के दृष्टिगत समस्त अवकाश पर लगा प्रतिबंध

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ऊषा परमार द्वारा जनगणना 2027 अंतर्गत एवं जनगणना अधिनियम 1948 के तहत न्याय, पुलिस, वन विभाग एवं होमगार्ड को छो?कर पूर्व में जिले के सभी लोकसेवकों के अवकाश प्रतिबंधित किए गए थे। इस अनुक्रम में तत्काल प्रभाव से आदेश जारी कर शैक्षणिक संवर्ग के लोकसेवकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश में अपने मुख्यालय पर ही निवास करना अनिवार्य किया गया है। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी से मुख्यालय छोड़ने की लिखित अनुमति प्राप्त होने पर ही लोकसेवक को नियंत्रणकर्ता अधिकारी द्वारा अनुमति प्रदान की जाएगी। चार्ज जनगणना अधिकारी द्वारा आवश्यकता मुताबिक जनगणना कार्य के संबंध में आदेश जारी करने की स्थिति में संबंधित लोकसेवक को अनिवार्य रूप से निर्दिष्ट स्थान पर उपस्थिति प्रस्तुत करना होगी। जिले के समस्त जिला अधिकारियों को कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी से मुख्यालय छोड़ने की अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है।

## अनंतिम चयन सूची जारी

**पन्ना, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय पन्ना ग्रामीण द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पद की पूर्ति के लिए खंड स्तरीय चयन समिति की बैठक उपरांत अनंतिम चयन सूची जारी की गई है। सूची का अवलोकन एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल पर किया जा सकता है। इस संबंध में पोर्टल के माध्यम से 8 से 14 अप्रैल तक दावा आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। अनंतिम चयन सूची अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र मडला 4 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर अनीसा अहिरवार, बांधीकला 1 में अंजना राजा एवं गहरा में मनीषा डुमार का अनंतिम चयन किया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान को मिला नया आयाम नर्सरी में चार हजार पौधों की तैयारी शुरू

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को लेकर चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड ब्यौहारी में एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल सामने आई है। इस अभियान के अंतर्गत नवांकुर संस्था एवं जगदम्बा जन विकास समिति भमरहा प्रथम द्वारा नर्सरी में बड़े स्तर पर पौध तैयार करने का कार्य प्रारंभ किया गया हैं। जो आने वाले समय में क्षेत्र के पर्यावरण संतुलन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

अभियान के तहत नर्सरी में मुनगा, सहजन, अमरूद, सीताफल और आंवला जैसे उपयोगी एवं पर्यावरण के लिए लाभकारी पौधों का बीजारोपण किया गया है। प्रत्येक प्रजाति के लगभग 1000 पौध तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग 4000 पौधों की तैयारी की जा रही है। इन पौधों के माध्यम से न केवल हरित आवरण बढ़ेगा,



बल्कि जल संरक्षण की दिशा में भी ठोस परिणाम देखने को मिलेंगे।

इस पहल के पीछे उद्देश्य केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं हैए बल्कि स्थानीय स्तर पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बताया कि पौध तैयार होने के बाद इन्हें प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से विभिन्न गांवों एवं सार्वजनिक स्थलों पर रोपित कराया जाएगा। इससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगीए मिट्टी का क्षरण रुकेगा और जल स्रोतों का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि मुनगा, अमरूद, सीताफल और आंवला जैसे पौधे न केवल पर्यावरण के लिए उपयोगी हैं बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। इन फलों से लोगों को पोषण के साथ.साथ आय के साधन भी उपलब्ध होंगे।जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इस तरह के नवाचार जिले में एक सकारात्मक संदेश दे रहे हैं। यह पहल दर्शाती है कि यदि समाज के विभिन्न संगठन और स्थानीय समुदाय मिलकर प्रयास करें तो पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। प्रशासन द्वारा भी इस अभियान को निरंतर प्रोत्साहन दिया जा रहा हैए जिससे अधिक से अधिक लोग इससे जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। आने वाले समय में जब ये पौधे बड़े होकर पेड़ों का रूप लेंगे तब यह पहल क्षेत्र के लिए एक हरित क्रांति का आधार बन सकती है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान : पानी की हर बूंद को संरक्षित करने की पहल

**शहडोल, देशबन्धु।** जल संरक्षण को लेकर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा श्जल गंगा संवर्धन अभियान शहडोल जिले में प्रभावशाली रूप से प्रगति कर रहा है। जल की हर बूंद की रक्षा के संकल्प के साथ संचालित यह अभियान न केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का माध्यम बन रहा है, बल्कि जन-जन में जल के महत्व को समझाने का एक व्यापक जनांदोलन भी बनता जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेशभर में चल रहे इस अभियान के तहत शहडोल जिले में जल संरक्षण से जुड़े कार्यों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की गई हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संचयनए जल स्रोतों का संरक्षण एवं संवर्धनए तथा आमजन में जल के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह अभियान आगामी 30 जून तक निरंतर जारी रहेगा।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति के निर्देशन में जिले की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत पुराने तालाबों की सफाई, जल स्रोतों का जीर्णोद्धार, सोक पिट निर्माण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण तथा अन्य जल संरक्षण गतिविधियों को प्राथमिकता दी जा रही है।

## जिला प्रशासन ने जन सहयोग से वितरित की पोषण किट

### कुपोषण मुक्त शहडोल की दिशा में पहल तेज




**शहडोल, देशबन्धु।** जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभागए पंचायत विभाग, आजीविका मिशन तथा जन सहयोग के संयुक्त प्रयास से चिन्हित कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरित किए जाने का अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान आगामी तीन माह तक लगातार संचालित किया जाएगाए जिससे बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सके।

इसी क्रम में जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत चिन्हित बच्चों को पोषण किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभा मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति ने स्वयं बच्चों एवं उनके परिजनों को किट सौंपकर इस अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बच्चों के बेहतर पोषण और स्वस्थ भविष्य के लिए इस पहल को अत्यंत आवश्यक बताया।

वितरित किए जा रहे पोषण किट में भुना चना, गुड़, मूंगफली, ड्राई फ्रूट तथा मोरिंगा पाउडर जैसी पौष्टिक सामग्री शामिल की गई है। ये सभी सामग्री बच्चों को आवश्यक ऊर्जा, प्रोटीन और पोषक तत्व प्रदान करने में सहायक होंगी। विशेषज्ञों के अनुसार, नियमित रूप से इन पोषक आहारों के सेवन से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि कुपोषण केवल स्वास्थ्य का ही नहींए बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास का भी एक बड़ा मुद्दा है। इसे समाप्त करने के लिए प्रशासन के साथ-साथ समाज के हर वर्ग की सहभागिता जरूरी है। इसी उद्देश्य से जन सहयोग को इस अभियान में विशेष महत्व दिया गया हैए ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद बच्चों तक सहायता पहुंचाई जा सके।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष फूलवती सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अखिलेश मिश्रा, परियोजना अधिकारी आनंद अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर कुपोषण के खिलाफ इस मुहिम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## शिक्षक मोर्चा ने टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने और सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति से करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में अध्यापक एवं शिक्षक संवर्ग से जुड़े हजारों शिक्षकों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर अब आवाज तेज हो गई है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला शहडोल द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर तत्काल निर्णय लेने की मांग की गई है। यह ज्ञापन कलेक्टर शहडोल के माध्यम से भेजा गयाए जिसमें शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता समाप्त करने से लेकर सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने तक की प्रमुख मांगें शामिल हैं। ज्ञापन में मोर्चा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वर्तमान में लागू नीतियां अध्यापक एवं शिक्षक संवर्ग के हितों के विपरीत हैं और इससे हजारों शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। मोर्चा का मानना है कि यदि समय रहते इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गयाए तो यह आंदोलन का रूप भी ले सकता है। ज्ञापन का सबसे प्रमुख मुद्दा शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने से जुड़ा है। मोर्चा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन यह निर्णय उन शिक्षकों के लिए कठिनाई पैदा कर रहा हैए जो वर्षों से सेवा में कार्यरत हैं।

**ऋण वसूली अधिकरण**

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग, (बैंकिंग प्रभाग)
द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर (म.प्र.)– 482001

**ई-नीलामी सूचना** **ई-नीलामी क्रमांक- 80/2026**

**Case No.: RC 393/2016 / ओ.ए.नं. 111/2015**

**INDIAN BANK वि. M/S BHAGWAT CONSTRUCTION एवं अन्य** में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC No. RC 393/2016/ O.A. No. 111/2015** में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **Rs. 28,39,196.00 (Rupees Twenty Eight Lakh Thirty Nine Thousand One Hundred Ninety Six only)** तथा उस पर 12.00 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से दिनांक 24.03.2015 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई–नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से की जायेगी।

**ई– नीलामी की तिथि एवं समय: 20–05–2026 दोपहर– 12.00 से 01.00**

**सम्पत्ति की अनुसूची–**

**All that part and parcel of Land bearing Khasra No. 10/2/tha (old) 10/2/21 (new) and Khasra No. 10/2/tha/2 (old) 10/2/12/2 (new), total area admeasuring 0.052 hectare, PH No. 34-36, situated at Village- Gahilgad West, Waidhan, Tehsil & District- Singrauli (M.P.); Property in the name of Shri Hari Charan Yadav S/o Late Shri Mukkha Yadav.**

**प्रारक्षित मूल्य– रूपये : Rs. 30,50,000.00 (Rupees Thirty Lakh Fifty Thousand only).**

विक्रय की शर्तें– (1) इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र धारक होना चाहिये। अधिक विवरण हेतु **M/s. C-1 India Pvt. Ltd. website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466, E-mail id- mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com** (2) इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेब साईट https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें। (3) बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति के साथ संलग्न कर जमा करनी होगी। (विस्तृत नियम व शर्तों का संदर्भ लें)। (4) अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रूपये **Rs. 3,05,000.00 (Rupees Three Lakh Five Thousand only)** है, RTGS / NEFT / MONEY TRANSFER द्वारा वसूली अधिकारी, ई–नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित Account No. **5692799461** in the name of Recovery Officer, E-auction account, DRT Jabalpur with **CENTRAL BANK OF INDIA, DHOBIGHAT BRANCH, JABALPUR. (IFSC Code: CBIN0281618)** में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा। (5) निविदा ऑनलाईन माध्यम से **दिनांक 18–05–2026** अथवा इसके पूर्व 17.00 बजे तक जमा करनी होगी। (6) ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अतिशीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें। (7) ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम रू. **Rs. 30,000.00 (Rupees Thirty Thousand only);** होगी। ऑन लाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता रहेगा। (8) असफल बोलीकर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात वे जब तक असफल बोलीकर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त कर ली जायेगी। (9) सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुये) अगले दिन RTGS/ NEFT / MONEY TRANSFER के द्वारा कंडिका–4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी। (10) सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि, एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रू. 10 (प्रति संपत्ति अलग–अलग) सहित नीलामी के 15 दिनों के अन्दर या यदि 15 वां दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15 वें दिन पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्रमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर सम्पत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे। (11) सम्पत्ति "जहाँ है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत" के आधार पर विक्रय की जायेगी। (12) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **04–05–2026 को प्रातः 12 बजे से 16 बजे** तक किया जा सकेगा। (13) संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी। (14) वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा। (15) इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **Shri Ganesh Gorai, Branch Manager, Mob. No. 97279 81160** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर लें तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर लें। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है। (16) ई–नीलामी के संबंध में विवरण **M/s. C-1 India Pvt. Ltd. website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466, E-mail id- mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com** (17) संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **Shri Ganesh Gorai, Branch Manager, Mob. No. 97279 81160** से प्राप्त की जा सकती है। (18) इच्छुक निविदाकर्ता ई – नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/ स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते हैं। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वतः सुनिश्चित करनी होगी। डीआरटी/बैंक/ सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**स्थान– जबलपुर**
**दिनांक– 18/03/2026**

**(प्रीति देसाई)**
**वसूली अधिकारी 1**

# नॉन-टीईटी शिक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा अनिवार्य करने को लेकर हजारों शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन

## सामतपुर तालाब में जुटे 4 हजार शिक्षक, शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन



**अनूपपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में नॉन-टीईटी शिक्षकों के मुद्दे ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। अध्यापक/शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के आह्वान पर अनूपपुर जिले में हजारों शिक्षकों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में 8 अप्रैल को जिले के सभी विकासखंडों से करीब 4 हजार शिक्षक सामतपुर तालाब परिसर में एकत्र हुए। दोपहर 12 बजे से शुरू हुए धरना-प्रदर्शन में शिक्षकों ने सरकार के हालिया आदेशों का विरोध करते हुए नॉन-टीईटी शिक्षकों को राहत देने की मांग उठाई।

मोर्चा का कहना है कि लोक शिक्षण संचालनालय और जनजातीय कार्य विभाग द्वारा नॉन-टीईटी शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य की जा रही है, जबकि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की पूर्व अधिसूचनाओं में कुछ वर्गों को इससे छूट दी गई थी। ऐसे में सभी नॉन-टीईटी शिक्षकों पर यह नियम लागू करना अन्यायपूर्ण है और पूर्व न्यायालयीन निर्णयों के भी विपरीत है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि 3 सितंबर 2001 से पहले नियुक्त शिक्षक एवं वर्ष 2011 से 2014 के बीच संविदा के रूप में कार्यरत शिक्षकों को टीईटी की बाध्यता से मुक्त किया जाए। साथ ही 2 मार्च 2026 और 26 मार्च 2026 के आदेशों को तत्काल निरस्त करने, सेवा अवधि की गणना पहली नियुक्ति तिथि से करने तथा वेतन, ग्रेच्युटी, पेंशन, अवकाश नगदीकरण और पदोन्नति/क्रमोन्नति सहित सभी लाभ प्रदान करने की मांग की गई।

धरना-प्रदर्शन को जे.जे. तिवारी, रवीन्द्र सिंह, धर्मराज शुक्ला, दीपक तिवारी, संतोष सुरेश्वर, संजय सिंह, नंदनी पटेल, चंदा सिंह, किरण पाण्डेय, सी.पी. तिवारी, अमित प्रताप सिंह, विश्वास राज शुक्ला, लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी, रामानुज पाण्डेय, संजय निगम, श्रीनिवास तिवारी और अनिल कुमार सिंह सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार राठौर ने किया।

धरना के बाद शिक्षकों ने रैली और जुलूस के माध्यम से कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपर कलेक्टर डी.के. पाण्डेय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। बड़ी संख्या में शिक्षकों की मौजूदगी से शहर की सड़कें भर गईं। प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और पुलिस प्रशासन का सहयोग भी सराहनीय रहा।

संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। साथ ही सरकार से अपेक्षा जताई गई है कि वह संवेदनशील और न्यायपूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए शिक्षकों को राहत प्रदान करेगी।

# बदला मौसम : रिमझिम बारिश से ठंडक, किसानों की बढ़ी चिंता



**अनूपपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में बुधवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से ही आसमान में काले बादल छा गए और रिमझिम बारिश ने पूरे इलाके को भिगो दिया। जिले के फुनगा, राजेंद्रग्राम, अमरकंटक और जैतहरी में भी मौसम का यही मिजाज देखने को मिला।

**हवाओं के साथ बूंदाबांदी, फिर निकली धूप** - सुबह हल्की हवाओं के साथ 5 से 7 मिनट तक बूंदाबांदी हुई, जिसके बाद तेज धूप निकल आई और मौसम सुहावना हो गया। हालांकि दोपहर में फिर से मौसम बदला और करीब 5 मिनट तक हल्की बारिश हुई। दिनभर सूरज और बादलों के बीच लुकाछिपी का दौर चलता रहा।

**गेहूं की फसल पर मंडराया खतरा** - इस बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिले में गेहूं की कटाई का काम अभी जारी है, जो अन्य जिलों की तुलना में थोड़ा देर से होता है। ऐसे में बारिश से फसल खराब होने की आशंका बढ़ गई है। खेतों में कटाई और मड़ाई के दौरान नमी से नुकसान होने का डर किसानों को सता रहा है।

**आंधी-ओलावृष्टि से बढ़ सकता है नुकसान** - कृषि उपसंचालक कैलाश मगर के अनुसार मौसम में अचानक बदलाव और चल रही हवाएं आगे भी असर डाल सकती हैं। यदि तेज हवा या ओलावृष्टि होती है तो आम, महुआ और टमाटर जैसी फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। आम के पेड़ों में फल लग चुके हैं, जिनके झड़ने की संभावना अधिक है।

**शाम को फिर बारिश के आसार** - मौसम विभाग के संकेतों के अनुसार शाम के समय फिर से हल्की बारिश हो सकती है। जहां इस बदलाव से शहरवासियों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसान अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

## सार-समाचार




### ग्राम पंचायतों में राहगीरों के लिए शीतल पेयजल प्याऊ का शुभारंभ

**अनूपपुर, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अनूपपुर जिले की ग्राम पंचायतों में राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामुदायिक जल मंदिर (प्याऊ) का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत खोलाड़ी में सार्वजनिक स्थान पर प्याऊ प्रारंभ किया गया है, जहां राहगीरों एवं ग्रामीणों के लिए शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। भीषण गर्मी को देखते हुए यह पहल लोगों के लिए राहत प्रदान करने वाली साबित हो रही है।

स्थानीय ग्रामीणों एवं राहगीरों ने इस सराहनीय पहल का स्वागत करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की व्यवस्था से न केवल आमजन को सुविधा मिल रही है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना भी मजबूत हो रही है।

### 10 और 11 अप्रैल को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनूपपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अनूपपुर संभाग द्वारा आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के चलते जिले के कई क्षेत्रों में 10 एवं 11 अप्रैल को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कार्यपालन अभियंता से मिली जानकारी के अनुसार संचारण/संधारण उपसंभाग कोतमा अंतर्गत कोतमा एवं बिजुरी वितरण केंद्र के तहत आने वाली 33 केवी और 11 केवी लाइनों का आवश्यक रखरखाव कार्य किया जाएगा। इस दौरान संबंधित फीडरों की बिजली सप्लाई अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी। 33/11 केवी राजनगर फीडर से जुड़े रेलवे, एसईसीएल के सभी हाईटेंशन उपभोक्ता तथा राजनगर एसईसीएल आवासीय कॉलोनी क्षेत्र में सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

कोतमा एवं बिजुरी वितरण केंद्र अंतर्गत आने वाले सभी 33/11 केवी सबस्टेशनों की 11 केवी लाइनों से जुड़े उपभोक्ताओं को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि कार्य की आवश्यकता के अनुसार बिजली बंद रहने की समयावधि में बदलाव किया जा सकता है। नागरिकों से सहयोग की अपील की गई है।

# युवती से दुष्कर्म के आरोपी को दस साल के कारावास की सजा

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले में एक गंभीर आपराधिक मामले में न्यायालय ने कड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी है। सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल की अदालत ने थाना भालूमाडा क्षेत्र के आरोपी रोहित यादव को दोषी करार दिया। अदालत ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 64 के तहत 10 वर्ष का कारावास और 5 हजार रुपये जुर्माना तथा धारा 332 के तहत 3 वर्ष का कारावास और 3 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। आरोपी वर्तमान में जिला जेल अनूपपुर में न्यायिक अभिरक्षा में है।



लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा के अनुसार घटना 20 नवंबर 2024 की है। आरोपी रोहित यादव ने पड़ोस में रहने वाली युवती के घर में घुसकर उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया। उस समय पीड़िता घर पर अकेली थी। आरोपी ने मौके का फायदा उठाकर पहले उसका मुंह दबाया और फिर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। घटना के बाद पीड़िता ने अगले दिन अपने परिवार को इसकी जानकारी दी और 21 नवंबर 2024 को थाना भालूमाडा में शिकायत दर्ज कराई। मामले में अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम की धाराएं भी जोड़ी गईं, क्योंकि पीड़िता अनुसूचित वर्ग से संबंधित है।

पुलिस जांच के दौरान पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। एफएसएल सागर से प्राप्त डीएनए रिपोर्ट में आरोपी की पुष्टि हुई, जिससे यह साबित हुआ कि आरोपी ने पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत की। मामले की सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया और सख्त सजा सुनाई।

# संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेज के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेज अनूपपुर द्वारा विद्यार्थियों को व्यावहारिक शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए उन्हें महाराष्ट्र के पुणे शहर में प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और नई उम्मीदों का विशेष वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच स्पष्ट रूप से दिखाई दी।




## पुणे के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्राप्त करेंगे आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण

महाविद्यालय प्रबंधन के अनुसार, यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इसके तहत छात्र पुणे के प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं चिकित्सा संस्थानों का भ्रमण करेंगे, जहां उन्हें आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की नवीनतम तकनीकों, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, हाई-एंड डायग्नोस्टिक उपकरणों तथा उन्नत परीक्षण पद्धतियों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों को औद्योगिक एवं हॉस्पिटल वर्किंग कल्चर का प्रत्यक्ष अनुभव भी प्राप्त होगा।प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न आधुनिक उपकरणों पर कार्य करने का अवसर मिलेगा, जिससे वे वास्तविक कार्यप्रणाली को समझ सकेंगे। इसके अतिरिक्त उन्हें करियर निर्माण, कौशल विकास और भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की जाएंगी। यह अनुभव विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, कार्यकुशलता एवं जिम्मेदारी की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

कॉलेज के संचालक अंकित शुक्ला ने बताया कि वर्तमान समय में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रायोगिक एवं औद्योगिक ज्ञान भी उतना ही आवश्यक हो गया है। इसी सोच के साथ इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, ताकि विद्यार्थी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में स्वयं को सक्षम बना सकें। महाविद्यालय प्रबंधन ने यह भी बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के प्रायोगिक कौशल, संचार क्षमता एवं कार्य दक्षता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे उन्हें भविष्य में बेहतर रोजगार अवसर प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं प्रबंधन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुरक्षित, सफल एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण की कामना की। सभी ने आशा व्यक्त की कि यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगा।

# पसला ग्राम पंचायत में बोरी बंधान कर दिया जल संरक्षण का संदेश



**अनूपपुर, देशबन्धु।** भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट से निपटने के लिए सार्थक पहल की जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद जैतहरी की ग्राम पंचायत पसला में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत पसला द्वारा सोन नदी के शांति धाम के पास बैगान टोला क्षेत्र में बोरी बंधान (रेत से भरी बोरियों का अस्थायी बांध) का निर्माण किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीणों के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इस कार्य में स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हुए श्रमदान किया। बोरी बंधान के माध्यम से न केवल पानी को रोका जा रहा है, बल्कि लोगों को जल संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल स्रोतों की साफ-सफाई, गहरीकरण और संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां भी निरंतर संचालित की जा रही हैं। स्थानीय प्रशासन के सहयोग से यह अभियान जनभागीदारी का उदाहरण बनता जा रहा है।

### 15 मई तक मौका : समाधान योजना में बिजली सरचार्ज पर बड़ी छूट

**अनूपपुर, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार बकायादार विद्युत उपभोक्ताओं के लिए चलाई जा रही समाधान योजना का लाभ अब 15 मई तक लिया जा सकेगा। इस योजना के तहत उपभोक्ता अपने बकाया बिजली बिलों का निराकरण अधिकतम छूट के साथ करा सकते हैं। योजना में विशेष रूप से बिजली बिल पर लगने वाले सरचार्ज (अधिभार) में बड़ी राहत दी जा रही है, जिससे आर्थिक कारणों से अब तक बिल जमा नहीं कर पाने वाले उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। यह योजना स्थायी एवं अस्थायी घरेलू, गैर-घरेलू, औद्योगिक तथा कृषि श्रेणी के सभी उपभोक्ताओं के लिए लागू है। उपभोक्ता अपने नजदीकी विद्युत वितरण केंद्र, एमपी ऑनलाइन कियोस्क या बिजली विभाग के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से आसानी से इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बढ़ी हुई समय-सीमा का लाभ उठाकर अपने बकाया बिलों का निराकरण समय रहते करा लें।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 09 अप्रैल 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, बैशाख कृष्ण पक्ष की सप्तमी, नक्षत्र-मूल**

मेष - आज के दिन आप थकान, आलस्य और चिंता का अनुभव करेंगे। आज आपमें ताज़गी और स्फूर्ति नहीं रहेगी। बात-बात में आपको गुस्सा आएगा।

वृषभ - आज आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत ना करें। खान-पान में विशेष ध्यान रखें।

मिथुन - आज के दिन आप मनोरंजन तथा आनंद-प्रमोद में व्यस्त रहेंगे। मित्रों तथा परिजनों के साथ आनंदित वातावरण में दिन गुजार सकेंगे।

कर्क - आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहने वाला है। परिजनों के साथ समय सुख से गुजरेगा। आवश्यक काम पर धन खर्च होगा। आर्थिक लाभ के लिए दिन अच्छा है।

सिंह - आज आपका शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज अपनी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसानी से पूरा कर पाएंगे। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे।

कन्या - आज समय अनुकूल नहीं है। कई बातों को लेकर आप को चिंता रहेगी, जिससे आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे।

तुला - आज का दिन भाग्यवृद्धि का रहने वाला है। भाई-बहनों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। किसी धार्मिक प्रवास का आयोजन हो सकता है। नए काम की शुरुआत के लिए दिन शुभ है।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी है। अनावश्यक खर्च पर अंकुश रखें। वाणी पर संयम रखने से परिवार में सुख-शांति बना पाएंगे।

धनु - आप शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थ्य का ध्यान रखें। आज आप निर्धारित काम कर सकेंगे। आर्थिक लाभ की प्राप्ति होगी। प्रवास की विशेषकर धार्मिक यात्रा की संभावनाएं हैं।


मकर - आज के दिन आपको सावधानीपूर्वक रहना होगा। आज व्यावसायिक कामों में किसी का हस्तक्षेप बढ़ेगा। खर्च सामान्य से अधिक रहेगा।

कुंभ - नए काम की शुरुआत के लिए आज का दिन अच्छा है। नौकरी तथा व्यापार में लाभ होने की संभावना है। मित्रों से लाभ मिल सकता है।

मीन - आपका दिन अत्यंत शुभ फलदायी है। आज आपके सभी कामों सफलता मिलेगी। अधिकारियों की कृपादृष्टि के कारण प्रसन्नता भरा दिन रहेगा।

# जैतहरी में विप्र समाज अक्षय तृतीया पर करेगा जिला स्तरीय आयोजन

**अनूपपुर, देशबन्धु।** विप्र समाज अनूपपुर द्वारा इस वर्ष अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य एवं व्यवस्थित रूप से मनाने की तैयारी जोरों पर है। इस संबंध में विप्र समाज के संयोजक पंडित रामनारायण द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 20 अप्रैल को जैतहरी स्थित भगवान परशुराम चौराहा में जिला स्तरीय आयोजन किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव को विशेष रूप से मनाया जाएगा, जिसमें सामूहिक पूजन, धार्मिक अनुष्ठान एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है। इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई है, जिससे धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी सुदृढ़ किया जा सके।

इस भव्य आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों का दायित्व विप्र समाज जैतहरी के अध्यक्ष विजय शुक्ला को सौंपा गया है। विजय शुक्ला पूर्व में भी सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों के कुशल संचालन के लिए जाने जाते रहे हैं। उनके नेतृत्व में यह आयोजन सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं प्रभावशाली ढंग से संपन्न होने की उम्मीद जताई जा रही है। उन्हें प्रभारी बनाए जाने से आयोजन को एक सशक्त दिशा मिलने की संभावना व्यक्त की जा रही है। विप्र समाज ने सभी सदस्यों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जिला स्तरीय धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं। उल्लेखनीय है कि विप्र समाज द्वारा प्रत्येक वर्ष अक्षय तृतीया के अवसर पर विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो समाज में एकता, परंपरा एवं आस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# माता-पिता को मारने रात में घर में घुसा पूर्व जिला बदर का आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कोतवाली पुलिस द्वारा मंगलवार की देर रात्रि पूर्व जिला बदर एवं सूचीबद्ध निगरानी बदमाश प्रकाश बासिल निवासी अनूपपुर को अपने माता-पिता पर हमला करने के लिए रॉड लेकर घर में घुसने के रिपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया है। 7 अप्रैल मंगलवार को बसंत वासिल पिता सुखमंता वासिल उम्र 52 साल निवासी पटोराटोला अनूपपुर द्वारा थाना कोतवाली में अपनी पत्नी के साथ पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसका बेटा प्रकाश वासिल आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध करीब एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले हैं और पूर्व में जिला बदर भी रह चुका है और चार दिन पूर्व ही एक मामले में जेल से बाद छूटा है। मंगलवार की रात करीब 10 प्रकाश वासिल लोहे की राड लेकर घर में माता-पिता के साथ मारपीट करने के लिए घुसा है, जो किसी तरह माता-पिता ने कमरे के अंदर अपने आप को बंद करके अपने आप को बचाया है। उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 331( 6) 296 (बी), 351 (2) बीएनएस पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी प्रकाश वासिल पिता बसंत वासिल उम्र करीब 31 साल निवासी पटोराटोला को गिरफ्तार किया है।



## शिक्षकों ने निकाली आक्रोश रैली, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



### संयुक्त मोचा ने शिक्षक पात्रता परीक्षा का किया विरोध, नियुक्ति दिनांक से हो गणना

**सीधी देशबन्धु।** बुधवार को सीधी जिले के शैक्षणिक संगठनो ने स्थानीय पुजा पार्क में आम सभी आयोजित कर गॉधी चौक से अस्पताल चौक होते हुए कलेक्ट्रेट तक विशाल रैली निकाली। जिसमें हजारों की संख्या में शिक्षक एकत्रित होकर अपनी जायज मॉगों की आवाज बुलंद की साथ ही आगामी दिनो में शिक्षकों की होने वाली पात्रता परीक्षा का विरोध करते पीड़ा वेदना को जिला प्रशासन माध्यम से प्रदेश के मुखिया तक पहॅुचाने का प्रयास किया गया।

हरीश मिश्रा संयोजक अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने बताया की 8 अप्रैल 26 को मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल माध्यम सीधी के नाम माध्यम कलेक्टर को सौपे ज्ञापन में मांग की गई कि आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल म.प्र. द्वारा दिनांक 2 मार्च 2026 एवं आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग म.प्र. द्वारा दिनांक 26 मार्च 2026 को जारी आदेशो द्वारा प्रदेश के समस्त नॉन टीईटी शिक्षको को शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी उत्तीर्ण करने हेतु निर्देश जारी किये गये है। जिससे समस्त शिक्षक संवर्ग अनावश्यक रूप से मान सिक तनाव में आ गये है, अत: अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा उक्त जारी आदेश को निरस्त करने की मॉग की गयी है एवं आध्यापक शिक्षको के पक्ष में मप्र सरकार की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करायें। नवीन शैक्षिक संवर्ग के शिक्षको की लम्बे समय से की जा रही प्रमुख मॉग को दृष्टिगत रखते हुयें उनकी सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किये जाने हेतु आदेश जारी करे।



*इन्होने किया संबोधित*

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा आयोजित सभा को अभयराज योगी, जयभारत सिंह, पद्मधर द्विवेदी, राकेश द्विवेदी, उमा सिंह, मीरा गौतम, श्रवण मिश्रा, मधु पटेल, राजकुमारी पाण्डेय ने संबोधित किया। साथ ही धरना प्रदर्शन कार्यक्रम रैली में डॉ. राकेश सिंह, राकेश मिश्रा, अरुण सिंह, प्रशांत जायसवाल, महेश प्रजापति, रमेश पाण्डेय, दान बहादुर सिंह, पाण्डुरंग भक्ते, सुखधाम सिंह संतोष प्रजापति बांकेलाल सिंह, अनिल तिवारी, वीरेंद्र सिंह, शैलेंद्र मिश्र, शैलेंद्र सिंह, संजय पाण्डेय, इंद्रपाल सिंह, प्रभातमणि त्रिपाठी सहित हजारों शिक्षक शामिल रहे।




## नल-जल योजनाओं की जाँच की खानापूर्ति जारी: वीरेन्द्र सिंह

**सीधी देशबन्धु।** वीरेन्द्र सिंह परिहार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाते हुए कहा कि लोक स्वास्थ्य यात्रिकीय मध्यप्रदेश शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत किये गये नल जल योजनाओं की जाँच दिनांक 7 अप्रैल से 9 अप्रैल तक होनी है। विभाग के प्रमुख सचिव पी. नरहरि द्वारा गठित किये गये जाँच दल में एक अधीक्षण यंत्री तथा दो कार्यपालन यंत्री हैं।

जिनको लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन यंत्री द्वारा शहर से दूर शानदार होटल में ठहराया गया है। जिससे लोग मिलकर उनसे असलियत न बता सकें। बताया जाता है कि प्रबंधन के तहत नल जल योजना बनाने वाले ठेकेदारों से राशि इकट्ठा कर जाँच दल को प्रभावित करने की योजना है, ताकि वास्तविक जाँच न हो सके। बताया जाता है कि जाँच दल द्वारा एक तरह से चुरहट उपखण्ड के अन्तर्गत जाँच कर ली गई है, पर जहाँ कागजों में भुगतान हो गया है और नल जल योजनाओं में काम ही नहीं हुआ है, वह जगहें विभाग के अधिकारियों द्वारा जाँच दल को दिखाई ही नहीं गई है।

सूचनाधिकार कार्यकर्ता वीरेन्द्र सिंह परिहार एडवोकेट ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि इस सम्बन्ध में चुरहट क्षेत्र की बघवार, बुढ़गौना, धनहा, भितरी, रघुनाथपुर, पिपराँव, चोरगड़ी की नल जल योजनाएं देखी जा सकती हैं। इसी तरह से पूरे जिले में कहीं भी नल जल योजनाओं को स्कूल और आँगनवाड़ी से नहीं जोड़ा गया है। ग्राम बघवार में तो टंकी में पानी ही नहीं चालू है, पर नल जल योजना में चालू बता दिया गया है। जबकि कन्य स्कूल के पूर्वी हिस्से में पाइप ही नहीं डाली गई है, जबकि इन सबका भुगतान हो गया है। श्री परिहार ने कहा कि यही स्थिति सीधी और मझौली क्षेत्र की योजनाओं का भी है, जहाँ जनता एक-एक बूँद पानी को तरस रही है। यह बात और है कि अकेले मार्च माह में ही 16 करोड़ का भुगतान नल जल योजनाओं के नाम कर दिया गया है। श्री परिहार ने कहा कि वह सीघ्र ही भोपाल जा रहे हैं और इस सम्बन्ध में जाँच दल द्वारा किये गये फर्जी जाँच प्रतिवेदन के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव श्री नरहरि को अवगत करायेंगे।

## सार-समाचार

### कमर्जी पुलिस ने दो नाबालिग सकुशल कियें बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**सीधी देशबन्धु।** थाना कमर्जी पुलिस को दो अलग.अलग मामलों में सफलता प्राप्त हुई है। बताया गया कि विगत दिवस थाना कमर्जी अंतर्गत एक 17 वर्षीय बालक के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई थी। फरियादी बालक के पिता की रिपोर्ट पर तत्काल प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी इन्द्राज सिंह ने तत्काल एक विशेष टीम गठित की। साइबर सेल की मदद और मुखबिर तंत्र के जरिए बालक की लोकेशन ट्रेस की गई। पुलिस के निरंतर दबाव और सर्चिंग के चलते बालक को ग्राम रायखोर थाना रामपुर नैकिन से महज 21 घंटे के भीतर सकुशल ढूंढ निकाला गया।काउंसलिंग के दौरान पता चला कि बालक अपने पिता की डाँट से भयभीत होकर बिना बताए घर से निकल गया था। बालक को समझा.बुझाकर सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार दूसरे प्रकरण में थाना क्षेत्र से करीब एक सप्ताह पूर्व एक नाबालिग बालिका के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर गहन तलाश शुरू की थी। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि एक आरोपी द्वारा नाबालिग बालिका को बहला. फुसला कर अपने साथ ले जाया गया था। पुलिस टीम ने त्वरित घेराबंदी करते हुए बालिका को सकुशल दस्तयाब किया। मामले में संलिप्त आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसके विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। बालिका की उचित काउंसलिंग कराई जाकर उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसो की बैठक सम्पन्न

**रीवा देशबन्धु।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन रीवा की कार्यकारिणी की बैठक आज दिनांक 08.04.2026 को संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में श्री वीरेन्द्र कुमार तिवारी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उपप्रान्ताध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कोषाध्यक्ष द्वारा वर्ष 2025-26 का आय-व्यय पत्रक प्रस्तुत किया गया, बैठक में सदस्यता बढ़ाये जाने हेतु अध्यक्ष द्वारा सदस्यता अभियान सघन रूप से चलाये जाने हेतु समस्त सदस्यों से अनुरोध किया गया बैठक में स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत् पेंशनर्स साथियों से शासन द्वारा लिये जाने वाली निर्धारित प्रीमियम राशि को शून्य कर लागू किये जाने हेतु प्रस्ताव पारित कर शासन से अनुरोध किया गया है। इस संबंध में संगठन का तर्क है कि छठवें वेतनमान एवं सतवे वेतनमान पाने वाले अधिकांश पेंशनर्स की मासिक पेंशन 20 से 25 हजार रूपये महीने है, इस पेंशन राशि पर प्रीमियम जमा करना कठिन प्रतीत होता है।

### मड़वास ब्लॉक कांग्रेस की बैठक संपन्न

**सीधी देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने धौहनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जोगी पहड़ी में आयोजित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मड़वास के नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचय बैठक में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया और संगठन की वर्तमान स्थिति, विस्तार एवं मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि गांव.गांव तक पहुंच बनाकर आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएं और उनके समाधान के लिए संघर्ष करें। ज्ञान सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा जनसेवा, समानता और न्याय पर आधारित है, जिसे प्रत्येक कार्यकर्ता को जन.जन तक पहुंचाना होगा। उन्होंने पदाधिकारियों से संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखते हुए एकजुटता के साथ कार्य करने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी किसानों की समस्याएं और मूलभूत सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी और जनआंदोलन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना होगा।

## जल संरक्षण में स्वयंसेवी संस्थाओं और आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित करें: कमिश्नर

### कमिश्नर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से दिए निर्देश

**रीवा देशबन्धु।** कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विकास योजनाओं और जनहितकारी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कमिश्नर ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इसमें स्वयंसेवी संस्थाओं और आम जनता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के तहत शुरू किए गए जल संरक्षण के अधूरे कार्यों को जल्द पूरा किया जाए और प्रत्येक जिले में कम से कम एक ऐसी नदी का चयन किया जाए जहां संरक्षण और साफ-सफाई के कार्य नियमित रूप से किए जा सकें। पेयजल व्यवस्था और कृषि कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि भीषण गर्मी को देखते हुए सभी बसाहटों में पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बंद पड़ी नल-जल योजनाओं और हैंडपंपों को चालू करने के लिए निरंतर अभियान चलाने की बात कही। इसके साथ ही, समर्थन मूल्य पर गेहूं और अन्य अनाजों के उपार्जन की तैयारियों को लेकर सभी कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया कि वे उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराएं, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण अभियानों की भी समीक्षा की गई। कमिश्नर ने 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों का दो दिनों के भीतर निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। इसके अलावा, एचपीवी टीकाकरण, कुपोषण नियंत्रण, 'स्कूल चलें हम' अभियान, पंचायतों द्वारा बिजली बिलों का भुगतान और नामांतरण-बंटवारा जैसे राजस्व प्रकरणों के निपटारे पर भी चर्चा हुई। बैठक में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, जिला पंचायत सीईओ और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




## अवैध रूप से संचालित डेयरी के विरुद्ध निगम की स्वच्छता टीम ने की कार्रवाई

**रीवा देशबन्धु।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 29 के कटरा मोहल्ला में अवैध रूप से संचालित डेयरी के विरुद्ध निगम की स्वच्छता टीम द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। डेयरी संचालन के कारण आसपास गंदगी फैलने एवं स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त स्थल पर अवैध डेयरी संचालित की जा रही थी।



उक्त डेयरी के संचालक नरेंद्र चिकवा को पूर्व में डेयरी संचालन बाहर स्थानांतरित करने हेतु नोटिस भी जारी किया गया था, इसके बावजूद उनके द्वारा सेकेंडरी प्वाइंट में गोबर फेंका जा रहा था, जिससे क्षेत्र में गंदगी एवं दुर्गंध फैल रही थी। इस पर स्वच्छता टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए मौके से 6 गायों को पकड़कर बसामन मामा गौशाला भिजवाया गया।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में अवैध डेयरी संचालन एवं सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें एवं निर्धारित नियमों का पालन करें। उक्त कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, दीपक सिंह तोमर, स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड दरोगा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अंगूठा पहले, राशन बाद में, गुढ़ में कोटेदारों पर गंभीर आरोप

**गुढ़ देशबन्धु।** गुढ़ नगर परिषद में शासकीय नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र के कोटेदार गरीबों के हक पर डाका डाल रहे हैं और नियमों की खुलकर अनदेखी की जा रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 8 से 13 तक खाद्यान्न वितरण करने वाले कोटेदार अनिल सैनी तथा वार्ड क्रमांक 1 से 7 तक के कोटेदार छोटेलाल उर्मालिया द्वारा हितग्राहियों को पहले लाइन में खड़ा कर अंगूठा लगवाया जाता है, जबकि खाद्यान्न का वितरण करीब एक सप्ताह बाद किया जाता है। इस प्रक्रिया के चलते हितग्राहियों को बार-बार लाइन में लगना पड़ता है, जिससे उनका समय और मजदूरी दोनों का नुकसान हो रहा है। हितग्राहियों का आरोप है कि वितरण के दौरान तौल में भी भारी गड़बड़ी की जा रही है। बताया जा रहा है कि निर्धारित मात्रा से करीब 10 से 15 प्रतिशत तक कम खाद्यान्न दिया जा रहा है। कई मामलों में प्रति व्यक्ति लगभग 5 किलो तक अनाज कम दिए जाने की शिकायत सामने आई है। इसके साथ ही कोटेदारों द्वारा हितग्राहियों के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने की बात भी सामने आई है, जिससे आमजन में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कोटेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गरीबों को उनका हक मिल सके और वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे।

## मां खंधो देवी धाम गोविंदगढ़ में कल होगा भव्य लोकार्पण समारोह



### विधायक नागेंद्र सिंह करेंगे अध्यक्षता

**गोविंदगढ़ देशबन्धु।** दीनदयाल शोध संस्थान के माननीय संगठन सचिव एवं वरिष्ठ प्रचारक अभय महाजन के मुख्य आतिथ्य में आगामी 10 अप्रैल को माँ खंधो देवी धाम गोविंदगढ़ में भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा।

इस विशेष अवसर पर धाम के कुंड को सालभर जल से लबालब रखने के लिए गोविंदगढ़ तालाब से बिछाई गई पाइपलाइन का शुभारंभ होगा।

कार्यक्रम की आयोजक एवं जिला पंचायत वन समिति की सभापति श्रीमती निर्मला संजीव द्विवेदी ने बताया कि यह गरिमामय आयोजन गुरुवार सुबह 8:00 बजे संपन्न होगा। समारोह की अध्यक्षता गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह करेंगे।

इन सुविधाओं का होगा लोकार्पण

मुख्य अतिथि श्री अभय महाजन एवं अन्य अतिथियों द्वारा धाम परिसर में नवनिर्मित सत्संग सदन, भव्य कथा मंच और नवग्रह वाटिका में स्थापित फव्वारे का लोकार्पण किया जाएगा। इन विकास कार्यों से धाम आने वाले श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रीवा कमिश्नर बी.एस. जामोद आईजी गौरव राजपूत मुख्य वन संरक्षक रीवा राजेश राय, जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता राजेश यादव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयोजक निर्मला संजीव द्विवेदी ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने की अपील की है।

### अभय महाजन के मुख्य आतिथ्य में खंधो धाम को मिलेगी विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

## बेटे के लिए तड़प रही मां, पुलिस से भी नहीं मिल रही सहायता

**गुढ़ देशबन्धु।** गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद गोविंदगढ़ वार्ड क्रमांक 10 निवासी दीपांशु गुप्ता पिता स्वर्गीय शरमन गुप्ता बीते 6 फरवरी 2026 को काम-धंधे की तलाश में घर से निकला था। शुरुआती कुछ दिनों तक वह फोन के माध्यम से अपने परिजनों के संपर्क में रहा, लेकिन पिछले लगभग डेढ़ माह से उसका मोबाइल बंद है और उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। परिजनों के अनुसार अचानक संपर्क टूट जाने से परिवार गहरे चिंता में है। बेटे की कोई खबर न मिलने से मां का रो-रोकर बुरा हाल है और वह लगातार उसके सुरक्षित लौटने की प्रार्थना कर रही है।



मामले की सूचना गोविंदगढ़ थाने में भी दी गई, लेकिन अब तक युवक का कोई पता नहीं चल सका है। हताश और परेशान मां ने पुलिस अधीक्षक रीवा से गुहार लगाते हुए अपने बेटे की सकुशल तलाश और जल्द पतासाजी कराने की मांग की है।

## सीईओ के निरीक्षण में दो शासकीय स्कूलों में बंद मिला ताला

### दो शिक्षिकाएं अनुपस्थित थमाया कारण बताओ नोटिस

**त्यौंथर देशबन्धु।** रीवा जिले के त्यौंथर क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति एक बार फिर उजागर हुई है। जनपद शिक्षा केंद्र त्यौंथर द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण बांसोड ने 8 अप्रैल 2026 को दोपहर 2:40 बजे क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दो शासकीय स्कूलों में ताला बंद पाया गया, जो गंभीर लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है। निरीक्षण के समय विद्यालयों का बंद मिलना न केवल शासकीय नियमों की अवहेलना है, बल्कि इससे यह भी साफ होता है कि जिम्मेदार शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति कितने उदासीन हैं। शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में इस प्रकार की लापरवाही सीधे तौर पर विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ मानी जा रही है।



मौके पर पदस्थ शिक्षिका सरिता पांडे और सुनीता वर्मा अनुपस्थित पाई गईं। दोनों की गैरहाजिरी ने मामले को और गंभीर बना दिया है। निरीक्षण के दौरान न तो कोई वैकल्पिक व्यवस्था दिखाई दी और न ही विद्यालय संचालन का कोई संकेत मिला। जनपद शिक्षा केंद्र त्यौंथर ने इस पूरे प्रकरण को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए संबंधित संस्था प्रमुख को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। नोटिस में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि दो दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत किया जाए। साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इस घटना ने क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार सामने आ रही ऐसी लापरवाहियां यह दर्शाती हैं कि निगरानी और जवाबदेही की व्यवस्था कहीं न कहीं कमजोर पड़ रही है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों में भी इस मामले को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। अब सबकी नजर प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि दोषियों के खिलाफ क्या कदम उठाए जाते हैं और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए क्या ठोस उपाय किए जाते हैं, ताकि विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित न हो।

### वाहन पार्किंग फीस वसूली के लिए निविदा आमंत्रित

**रीवा।** हुजूर तहसील कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2026-27 में वाहन पार्किंग फीस वसूली के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। तहसीलदार एवं उपाध्यक्ष भवन रखरखाव प्रबंध समिति ने बताया है कि निविदा फार्म 8 अप्रैल से 29 अप्रैल तक क्रय और जमा किए जा सकते हैं। निविदा एक मई को खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य एक हजार रुपए निर्धारित किया गया है। इस संबंध में अत्यधिक जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## जिए सिंधी भाषा-तुहंजी मुहंजी भाषा

**सिंधी भाषा दिवस पर विशेष**

**रीवा देशबन्धु।** भारत के सिंधी समुदाय के लिए 10 अप्रैल 1967 का दिन एक ऐतिहासिक दिन था क्योंकि इस दिन भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राधाकृष्णनने सिंधी भाषा को भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने वाले बल पर हस्ताक्षर किए थे इसलिए इस दिवस को सिंधी भाषा दिवस के रूप में मनाया जाता है अगस्त 1947 में भारत विभाजन के वक्त पंजाबियों को वादा पंजाब मिला बंगालियों को आधा बंगाल मिला लेकिन सिंधियों को आधा सिम तो क्या उसका एक टुकड़ा तक नहीं मिला और पूरा सैंड हा प्रदेश सरहद के उत्पाद चला गयाअपनी मात्र भूमियों को आजाद भारत में कोई ऐसी जगह नहीं मिली जिसे हिंदी राज्य कह सके 26 जनवरी 1950 को हिंदुस्तान का संविधान लागू हुआ आठवीं अनुसूची में 14 भाषाओं को शामिल किया गया लेकिन सिंधी भाषा कोर्स में शामिल नहीं किया गया आजादी के 20 साल बाद 21 में संविधान संशोधन अधिनियम के तहत हिंदी को संविधान की आठवीं अनुसूची में 15वीं भाषा के रूप में जोड़ा गया 7 अप्रैल 1967 को लोकसभा मे सिंधी भाषा बिल पास होने के बाद 8 अप्रैल को शनिवार और 9 अप्रैल को रविवार होने के कारण सभी सरकारी दफ्तर बंद थे 10 अप्रैल 1967 को चेट्री चंद्र पर्व का दिन था ऐसे मौके पर जयरामदास दौलतानी जी के प्रयासों से तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधा कृष्णन जी ने बिल पर हस्ताक्षर किए जिससे सिंधी भाषा आधिकारिक भाषा बन गई रीवा सिंधी सेंट्रल पंचायत के प्रवक्ता गुलाब साहनी ने जानकारी देते हुए बताया कि चेटीचंड महोत्सव के दिन सिंधी समाज को यह तोहफा मिल गया।



**गुलाब साहनी**

## एस जयशंकर ने की भारत-अफ्रीका संबंधों को लेकर कमेटी मीटिंग की अध्यक्षता

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने भारत-अफ्रीका संबंधों पर कंसल्टेटिव कमेटी की मीटिंग की अध्यक्षता की। इस बैठक का आयोजन देश की राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय में किया गया, जिसमें अफ्रीकी देशों तक भारत की पहुंच और व्यापार से लेकर निवेश पर चर्चा हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा कि आज विदेश मंत्रालय में भारत-अफ्रीका संबंधों पर कंसल्टेटिव कमेटी की मीटिंग की अध्यक्षता की। अफ्रीका के साथ हमारे ऐतिहासिक संबंधों और लोगों के बीच जुड़ाव पर जोर दिया। उन्होंने लिखा कि अफ्रीकी देशों तक भारत की पहुंच पर चर्चा की, जिसमें व्यापार और निवेश, एलओसी और ग्रांट, कैपेसिटी बिल्डिंग, खासकर शिक्षा और कौशल, रक्षा और क्षेत्रीय और मल्टीलेटरल फोरम में सहयोग शामिल हैं इसके अलावा, डॉ. जयशंकर ने कैरेबियन सागर में स्थित एक दो-द्वीपीय संघीय देश, सेंट किट्स एंड नेविस के विदेश मंत्री डॉ. डेन्जिल एल. डगलस से मुलाकात की। मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर साझा कर एस. जयशंकर ने बताया, 'आज सेंट किट्स एंड नेविस के विदेश मामलों, इंटरनेशनल ट्रेड, इंडस्ट्री, कॉमर्स और कंज्यूमर अफेयर्स, इकोनॉमिक डेवलपमेंट और इन्वेस्टमेंट मिनिस्टर डॉ. डेन्जिल एल. डगलस को होस्ट करके खुशी हुई।

### अमेरिका व भारत ने अपनी रणनीतिक साझेदारी में नई गति का दिया संकेत, कहा

# प्राथमिकताओं पर तालमेल के साथ जोर देना जरूरी

■ उच्चस्तरीय बैठकों में सुरक्षा व राजनीतिक प्राथमिकताओं पर समानता को किया रेखांकित



**वॉशिंगटन, (एजेंसियां)।** संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत ने अपनी रणनीतिक साझेदारी में नई गति का संकेत दिया है। यह संकेत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के लिए आयोजित व्हाइट हाउस रात्रिभोज से पहले मिला। वहीं वॉशिंगटन में हुई उच्चस्तरीय बैठकों की श्रृंखला ने सुरक्षा और राजनीतिक प्राथमिकताओं पर बढ़ती समानता को भी रेखांकित किया।

व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति भारत में अमेरिकी राजदूत के साथ एक रात्रिभोज में भाग लेने वाले हैं। गोर इस समय अमेरिकी राजधानी में हैं और कई बैठकों में शामिल हो रहे हैं। गोर ने वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों, जिनमें एफबीआई निदेशक काश पटेल भी शामिल हैं, के साथ बैठकों के बाद सहयोग के विस्तार पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उन्होंने 'रचनात्मक चर्चा' की, जिसमें 'सीमा पार खतरों, साइबर अपराध, मादक पदार्थों और अवैध नेटवर्क' से निपटने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा, 'सुरक्षा प्राथमिकताओं पर मजबूत तालमेल है,' और जोड़ा कि पटेल 'एफबीआई में शानदार काम कर रहे हैं।'

**सुरक्षा प्राथमिकताओं पर मजबूत तालमेल है और पटेल 'एफबीआई में शानदार काम कर रहे हैं : गोर**

उन्होंने हालिया कानून-प्रवर्तन उपलब्धियों का भी उल्लेख किया और कहा: '2025 में हिंसक अपराधों में गिरफ्तारियों में साल-दर-साल 112 प्रतिशत की वृद्धि। हत्याओं में 20 प्रतिशत की कमी। डकैती में 20 प्रतिशत की कमी! 'ये संपर्क वॉशिंगटन और नई दिल्ली के बीच साझा सुरक्षा चुनौतियों, विशेष रूप से साइबर खतरों और संगठित आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ परिचालन सहयोग को गहरा करने के व्यापक प्रयासों के बीच हो रहे हैं। गोर ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ अपनी बैठक के बाद संबंधों के राजनीतिक पहलू पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, 'अभी-अभी उपराष्ट्रपति के साथ शानदार बैठक समाप्त हुई। अमेरिका-भारत संबंधों पर उपराष्ट्रपति के निरंतर नेतृत्व और ध्यान के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में व्हाइट हाउस इस क्षेत्र में पूरी तरह सक्रिय है,' और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र तथा उसमें भारत की भूमिका पर अमेरिका के निरंतर ध्यान की ओर इशारा किया। कूटनीतिक प्रयासों में गोर और अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा के बीच बैठक भी शामिल रही। जो दोनों पक्षों के बीच करीबी समन्वय को दर्शाती है।

## सरकार भारतीयों की स्वदेश वापसी को लेकर गंभीर



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत सरकार प्रवासी भारतीयों की स्वदेश वापसी को लेकर गंभीर है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 28 फरवरी से अब तक (7 अप्रैल) 7.6 लाख यानी 7 लाख 60 हजार भारतीय स्वदेश लौटे हैं। मंगलवार को पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग के दौरान अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम आर. महाजन ने अब तक किए उपायों और तैयारियों का ब्योरा दिया। महाजन ने बताया कि विदेश मंत्रालय खाड़ी और पश्चिम एशिया की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। राज्यों, मिशनों और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय के लिए एक विशेष कंट्रोल रूम और 24/7 हेल्पलाइन सक्रिय हैं। इसके साथ ही नियमित एडवाइजरी जारी की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि वीजा, ट्रांजिट और लॉजिस्टिक्स में सहायता प्रदान की जा रही है।

## अमेरिकी दौरे पर जाएंगे विदेश सचिव विक्रम मिस्री



■ द्विपक्षीय सहयोग पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री 8 से 10 अप्रैल तक अमेरिका का आधिकारिक दौरा करेंगे। भारत के विदेश मंत्रालय की तरफ से यह जानकारी सामने आई है। इस दौरे से भारत-अमेरिका के बीच आपसी संबंधों की पूरी रेंज की समीक्षा करने के साथ-साथ खास क्षेत्रों में चल रहे सहयोग को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस दौरे पर विदेश सचिव अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे और व्यापार, रक्षा, विज्ञान व तकनीक के साथ-साथ आपसी फायदे के क्षेत्रीय और वैश्विक विकास जैसे कई मुद्दों पर बातचीत करेंगे। इससे पहले भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बाद 2 से लेकर 4 फरवरी तक अमेरिका का दौरा किया था। विदेश मंत्री के वाशिंगटन दौरे के बाद मिस्री का यह दौरा दोनों पक्षों के बीच लगातार उच्चस्तरीय बातचीत के हिसाब से है। अपने दौरे के बाद डॉ. जयशंकर ने कहा था कि नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच बढ़ते जुड़ाव में मजबूत रफ्तार साफ दिख रही है।

## आज का इतिहास

1667- पेरिस में पहली पब्लिक आर्ट प्रदर्शनी लगाई गई।
1669- मुगल बादशाह औरंगजेब ने सभी हिन्दू स्कूलों और मंदिरों को ध्वस्त करने का आदेश दिया।
1756- बंगाल के नवाब अली वर्दी खान का 80 वर्ष की आयु में निधन।
1838- लंदन में नेशनल आर्ट गैलरी खोली गई
1860- फ्रांसीसी आविष्कारक एडौर्ड-लियोन स्कॉट डी मार्टिनविले ने पहली बार मानव आवाज रेकार्ड की।
1893- हिंदी के प्रमुख साहित्यकारों में से एक राहुल सांकृत्यायन का जन्म। उन्हें महापंडित की उपाधि दी जाती है।
1948- अभिनेत्री जया बच्चन का जन्म हुआ था।
1954- जयराम रमेश का जन्म। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और अर्थशास्त्री हैं।
1963- विंस्टन चर्चिल अमेरिका के पहले मानद नागरिक बने।
1965- गुजरात के कच्छ के रन में सरदार पोस्ट पर पाकिस्तानी घुसपैठियों के हमले को सीआरपीएफ के वीर जवानों ने किया नाकाम।

## बांग्लादेश ने एलडीसी का दर्जा समाप्त करने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए यूएन से मांगा अतिरिक्त समय

**ढाका।** बांग्लादेश ने आर्थिक चुनौतियों और वैश्विक अनिश्चितताओं का हवाला देते हुए, सबसे कम विकसित देश (एलडीसी) का दर्जा समाप्त करने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए संयुक्त राष्ट्र से औपचारिक रूप से अतिरिक्त समय की मांग की है।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतरश के लिखे एक पत्र में प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने कहा कि वर्तमान में देश कठिन आर्थिक चरण से गुजर रहा है। बांग्लादेश को नवम्बर 2026 तक निर्धारित एलडीसी दर्जे से बाहर आने से पहले इसे स्थिर बनाने के लिए और समय की जरूरत होगी। इस पत्र में बढ़ती आयात लागत, विदेशी विनिमय दवाब और व्यापक वैश्विक आथिक अस्थिरता का उल्लेख किया गया है। अधिकारियो ने बताया कि अतिरिक्त समय देश को अपने उत्पादन आधार को सशक्त बनाने, निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने तथा व?यापक आर्थिक संकेतकों का स्थिर बनाने योग्य बनाएगा। संयुक्त राष्ट्र के प्रावधानों के तहत इस परिवर्तन के लिए बेहतर तैयारी करने के लिए बांग्लादेश ने तीन वर्ष की समय-सीमा के विस्तार की मांग की है। सरकार ने यह भी आगाह किया है कि समय से पहले यह दर्जा समाप्त होने से शुल्क मुक्त और कोटा मुक्त बाज़ार की पहुंच सहित मुख्य अंतरराष्ट्रीय समर्थन उपायों की हानि हो सकती है। इससे, विकास बढ़त के जोखिमपूर्ण होने की सम्भावना बनती है। बांग्लादेश दीर्घकालीक आर्थिक स्थिरता लक्ष्यों के साथ अपनी परिवर्तन समय-सीमा के अनुरूप बनाने की आशा कर रहा है। इसलिए इस आग्रह पर विकास नीति समिति सहित संयुक्त राष्ट्र में विचार-किया जाएगा।

## कश्मीर में पिछले कुछ सालों में देखी जा रही लगातार बढ़ोतरी

**जम्मू, देशबन्धु।** कैंसर के दानव से जम्मू कश्मीर को मुक्ति नहीं मिल रही है। यह सुरसा के मुख की भांति बढ़ता जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ा इसकी पुष्टि करता है कि प्रदेश में इसके बढ़ने की दर देश में सबसे अधिक है। जो गंभीर चिंता का विषय बन गया चुका है। यह सच है कि कश्मीर में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़ों से सामने आई है। इन आंकड़ों के मुताबिक, 2018 से 2024 के बीच कश्मीर में कैंसर के 50,551 मामले सामने आए, जो इस बात पर जोर देते हैं कि बीमारी का जल्दी पता लगाना, समय पर इलाज करना और बचाव के लिए स्वास्थ्य उपाय अपनाना कितना जरूरी है। एक्टिविस्ट सैयद आदिल द्वारा दायर एक सूचना का अधिकार आवेदन से पता चला है कि 2015 से 2025 के बीच गवर्नमेंट मेडिकल कालेज जम्मू में कैंसर के 22,130 मामले दर्ज किए गए, जिसमें फेफड़ों का कैंसर इस इलाके में सबसे आम कैंसर के तौर पर सामने आया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कश्मीर में कैंसर के मामलों में पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है, वर्ष 2018 में 6,649 मामले, 2019 में 6,374 मामले, 2020 में 6,113 मामले, 2021 में 7,090 मामले, 2022 में 7,846 मामले, 2023 में 8,124 मामले और 2024 में 8,355 मामले सामने आए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि हालांकि 2019-2020 के दौरान मामलों में थोड़ी कमी आई थी, संभवत: कोविड-19 महामारी के दौरान मामलों की पूरी जानकारी न मिल पाने के कारण, लेकिन कुल मिलाकर रुझान लगातार ऊपर की ओर ही रहा है, जिससे मेडिकल प्रोफेशनल्स के बीच चिंता बढ़ गई है।

## सुडोकू 7235

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | 6 | | |
| | 3 | | 9 | | 7 | | 4 | 5 |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 2 | | 4 | 9 | | | |
| | | 7 | | | | 3 | | |
| | | | 7 | 6 | | 5 | | |
| 2 | | 5 | 6 | | | | 8 | |
| 1 | 4 | | 8 | | 3 | | 5 | |
| | | 3 | 2 | | | | | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सीजफायर के बीच ईरान का 'डबल गेम'

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान-अमेरिका सीजफायर के बीच नया विवाद खड़ा हो गया है। ईरान के 10-सूत्रीय प्रस्ताव के फारसी और अंग्रेजी संस्करण अलग-अलग हैं, जिससे 'रणनीतिक अस्पष्टता' का आरोप लगा है। ट्रंप के 15-पॉइंट प्लान और परमाणु मुद्दे पर दोनों देश अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे...

ईरान और अमेरिका के बीच सीजफायर भले ही लागू हो गया हो, लेकिन असली लड़ाई अब कूटनीति के स्तर पर चल रही है। दोनों देशों के बीच हुए दो हफ्ते के युद्धविराम के बीच अब एक नया विवाद सामने आ गया है, जिसने पूरी कूटनीतिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला ईरान के 10-सूत्रीय प्रस्ताव की भाषा को लेकर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्रस्ताव के दो अलग-अलग संस्करण सामने आए हैं एक फारसी में और दूसरा अंग्रेजी में। फारसी भाषा वाले दस्तावेज में ईरान ने साफ तौर पर मांग की है कि अमेरिका उसके यूरेनियम संवर्धन के अधिकार को मान्यता दे।

लेकिन जब इसी दस्तावेज का अंग्रेजी अनुवाद जारी किया गया, तो यह अहम मांग उसमें गायब पाई गई।विशेषज्ञ इसे 'रणनीतिक अस्पष्टता' बता रहे हैं। इसका मतलब यह है कि ईरान अपने देश के लोगों को यह दिखाना चाहता है कि उसने अपने परमाणु अधिकार सुरक्षित कर लिए हैं, जबकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वह अपने रुख को लचीला रखना चाहता है। 'रणनीतिक अस्पष्टता' ने इस समझौते को और जटिल बना दिया है, जिससे आने वाले दिनों में नई तनातनी की आशंका बनी हुई है।

## ईरान पर अमेरिकी धमकी से संयुक्त राष्ट्र चिंतित



■ सभी पक्षों को अपने दायित्वों का सम्मान करना चाहिए

**संयुक्त राष्ट्र, (एजेंसियां)।** संयुक्त राष्ट्र ने अमेरिका के उस बयान पर चिंता जताई है, जिसमें ईरान के बिजली संयंत्रों और पुलों पर हमले की धमकी दी गई थी। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने कहा कि इस तरह की भाषा को लेकर संगठन चिंतित है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि सोशल मीडिया पर किए गए उस पोस्ट में अमेरिका द्वारा बिजली संयंत्रों, पुलों और अन्य ढांचों पर हमले की बात कही गई थी, जिसे लेकर हम चिंतित हैं, खासकर अगर ईरान किसी समझौते के लिए तैयार नहीं होता। उन्होंने कहा कि महासचिव पहले भी साफ कर चुके हैं कि अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन जरूरी है और सभी पक्षों को संघर्ष के दौरान अपने दायित्वों का सम्मान करना चाहिए।

प्रवक्ता के मुताबिक, गुटेरेस ने दोहराया कि आम लोगों से जुड़ी सुविधाओं, जैसे बिजली और ऊर्जा से जुड़े ढांचे, पर हमला नहीं किया जाना चाहिए, भले ही कुछ मामलों में उन्हें सैन्य लक्ष्य माना जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि सभी पक्ष इस संघर्ष को खत्म करें, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय विवादों का शांतिपूर्ण समाधान ही सबसे सही रास्ता है। जब यह पूछा गया कि क्या ऐसे हमले युद्ध अपराध माने जाएंगे, तो दुजारिक ने कहा कि ये अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन होंगे। यह तय करना कि यह अपराध है या नहीं, अदालत का काम है। उन्होंने साफ कहा, 'किसी भी नागरिक ढांचे पर हमला करना अंतरराष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। इस बीच, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची ने तेहरान स्थित शरिफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पर अमेरिका और इजरायल के हमले की कड़ी निंदा की। इस हमले में यूनिवर्सिटी के सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र की इमारत और पास में स्थित गैस स्टेशन को भारी नुकसान पहुंचा। ईरान की सेना ने रविवार को बताया कि उसने दक्षिणी इज़रायल में स्थित पेट्रोकेमिकल उद्योगों और पेट्रोलियम उत्पादों के भंडारण केंद्रों को निशाना बनाया है। इसके अलावा, उसने कुवैत स्थित एक सैन्य अड्डे पर मौजूद अमेरिकी उपकरणों के गोदामों, उपग्रह संचार इकाइयों और वहां तैनात अमेरिकी सैनिकों पर भी हमला किया है।

## ईरान पर बातचीत अब भी जटिल, पक्ष बंटे हुए : रिपोर्ट



■ बेहद तनावपूर्ण माहौल में चल रही ईरान वार्ता

**अनताल्या।** ईरान युद्ध को खत्म करने से संबंधित बातचीत चुनौतीपूर्ण बनी हुई है और मूल मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच असहमति बरकरार है। तुर्की सरकार के एक सूत्र ने यह दावा किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा था कि अमेरिका-ईरान बातचीत सही दिशा में बढ़ रही हैं, हालांकि तुर्की सरकार के इस सूत्र ने श्री ट्रंप के दावे से बिल्कुल विपरीत बयान दिया है। स्पूतनिक की एक रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया कि ईरान वार्ता बेहद तनावपूर्ण माहौल में चल रही है। दोनों पक्ष कई अहम मुद्दों पर अब भी असहमत हैं। इसकी वजह से समझौता मुश्किल हो गया है और पहले से अधिक कूटनीतिक प्रयासों की जरूरत बढ़ गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि बातचीत जारी है लेकिन फिलहाल समझौते का कोई नामोनिशान नजर नहीं आ रहा। तुर्की मामले पर करीबी नज़र बनाए हुए है और क्षेत्रीय तनाव कम करने का पक्षधर है। अमेरिका और इज़रायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई सहित सैकड़ों लोगों की मौत हो गई।

## वर्ग पहेली 7235

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. अपहरण, भगा ले जाना,
४. दोपहर
६. लहू पीने वाला
७. वस्त्र
८. दूसरा समय
१०. उपस्थित (उर्दू)
११. हरा-भरा, वाटिका, उद्यान (उर्दू)
१२. विघ्न डालने वाला
१४. बधिर
१५. अधिक अच्छा (उर्दू)
१७. बह सकने के गुण वाले पदार्थ
१९. धन संपत्ति (उर्दू)
२१. जिसकी ईश्वर पर आस्था न हो
२२. रसीला
२४. ओस (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**
१. जो बार बार न हो, जो एक ही बार दिया जाए
२. आंसू
३. सामूहिक हत्या, कत्लेआम
४. बुराई, अहित
५. चैन, आराम (उर्दू)
९. किसी व्यक्ति, वस्तु, इमारत के देखरेख के लिए तैनात, व्यक्तियों का दल
११. दोष, अपराध (उर्दू)
१२. प्रकट (उर्दू)
१३. वरयात्रा
१४. प्रचुर, अधिक
१५. निर्दोष, निरपराध (उर्दू)
१६. तूणिर, बाण रखने का चोगा
१८. दया, कृपा (उर्दू)
१९. चक्कर, दौरा, भाग्य, हेरफेर (उर्दू)
२०. गीला, भीगा हुआ (उर्दू)
२३. अगर

**वर्ग पहेली-7234**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ वे | ला | २ प | त्र | ३ क | ■ | ४ क | ष्ट | ५ प्र | द |
| ध | ■ | र | ■ | ६ टु | क | ड़ा | ■ | त्य | ■ |
| ७ शा | स | क | ■ | व | ■ | ८ प | री | क्ष | ९ क |
| ला | ■ | ट | ■ | १० च | ल | न | ■ | ■ | न्नी |
| ■ | ११ स | ना | १२ त | न | ■ | ■ | १३ त | ड़ | का |
| ■ | जी | ■ | रू | ■ | १४ प्र | ब | ल | ■ | ट |
| १५ अ | व | १६ गु | ण | ■ | ति | ■ | १७ ब | १८ स | ना |
| नि | ■ | रू | ■ | १९ स | मा | २० ज | ■ | फ | ■ |
| २१ वा | रि | ज | ■ | वे | ■ | २२ न | क | ल | २३ ची |
| र्य | ■ | २४ न | का | रा | त्म | क | ■ | ■ | ख |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

### चिंताजनक : यूनुस सरकार ने वैक्सीनेशन के लिए फंड देने वाले प्रोग्राम को किया था रद्द

# मीजल्स वैक्सीन के संकट से 118 लोगों की मौत

**ढाका,** (एजेंसियां)। बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को देश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) ने बताया कि संदिग्ध मामलों और जटिलताओं के कारण 118 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें अधिकतर बच्चे हैं। डीजीएचएस के मुताबिक, मृतकों की ये संख्या 15 मार्च से सोमवार सुबह तक रिकॉर्ड की गई। रविवार-सोमवार के बीच महज 24 घंटों में पांच लोगों की मौत हो गई थी। हेल्थ एजेंसी ने बताया कि खसरे के संदिग्ध मरीजों की संख्या 2006 है और इनमें से अधिकतर बच्चे हैं जिनका देश के अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। रिपोर्ट्स से पता चलता है कि आरएमसीएच में संक्रामक बीमारी के लक्षणों से जूझ रहे दो और बच्चों की मौत हो गई।



जिससे इस अस्पताल में मृतकों की कुल संख्या 42 हो गई है। अस्पताल के प्रवक्ता शंकर कुमार बिस्वास के हवाले से बांग्लादेशी डेली ढाका ट्रिब्यून ने बताया कि दोनों बच्चों की मौत 24 घंटे (रविवार-सोमवार) के बीच हुई। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि सिस्टम में सुधार के बिना, खसरे को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए इमरजेंसी उपायों से कोई खास फायदा होने की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों और डीजीएचएस में डिजीज कंट्रोल की पूर्व निदेशक बेनजीर अहमद ने कहा कि मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने वैक्सीनेशन के लिए फंड देने वाले सेक्टोरल प्रोग्राम को अचानक रद्द कर दिया था। इसी वजह से मीजल्स वैक्सीन का संकट पैदा हो गया, जिससे कई बच्चों की मौत हो गई। बांग्लादेश के जाने-माने अखबार डेली स्टार ने अहमद के हवाले से कहा, 'जब हमें वर्ल्ड हेल्थ डे पर कुछ पॉजिटिव मनाना चाहिए, तो हमें एक आउटब्रेक से लड़ना पड़ रहा है, जो वाकई बहुत कष्टकारी है। हमें 2026 तक मीजल्स-रूबेला को खत्म करना है, लेकिन हम अस्पतालों में मीजल्स के बढ़ते मरीजों की संख्या से जूझ रहे हैं। मृतक संख्या बढ़ती देख, विशेषज्ञों ने सरकार से तुरंत कार्रवाई करने की अपील की है, और चेतावनी दी कि एक्शन न लेने पर मीजल्स भयंकर रूप धारण कर सकता है, क्योंकि एक मरीज 16 से 18 लोगों को संक्रमित कर सकता है। इसके अलावा, 2024 के आखिर में प्लान किया गया इम्यूनाइजेशन का स्पेशल कैंपेन सियासी बदलाव के बीच नहीं चलाया जा सका। हेल्थ अधिकारियों के मुताबिक, अंतरिम सरकार ने ऐसा कोई ड्राइव शुरू नहीं किया, जबकि शॉट लगाने वाले वर्कर 2025 में तीन बार हड़ताल पर चले गए, जिससे नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में रुकावट आई।






# लखनऊ सुपर जायंटस और केकेआर में खासे रोचक संघर्ष की उम्मीद

## पंत की अगुआई में लखनऊ लगातार दूसरी जीत दर्ज करने के मकसद से उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। विकेटकीपर बल्लेबाज कप्तान ऋषभ पंत के सूझबूझ भरे अर्द्धशतक और सदाबहार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के मात्र 9 रन दे चटकाए दो विकेट की बदौलत लखनऊ सुपर जायंटस की टीम सनराइजर्स हैदराबाद को उसके घर हैदराबाद में पांच विकेट से हरा जीत की राह पर वापस लौट चुकी है। लखनऊ सुपर जायंटस अब बृहस्पतिवार को मेजबान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को ईडन गार्डंस पर हरा तीन मैचों में लगातार दूसरी जीत दर्ज करने के मकसद से उतरेगी। केकेआर शुरू के तीन में दो हारने और तीसरा अधूरा बेनतीजा समाप्त होने के चलते बुरी जूझती नजर आ रही है। लखनऊ सुपर जायंटस ने केकेआर से बीते बरस अपने आखिरी मैच सहित पांच में तीन मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच भले ही लखनऊ सुपर जायंटस का पलड़ा केकेआर के खिलाफ भारी रहा,लेकिन पिछले पांच में से ज्यादातर मैच बेहद करीबी रहे हैं। लखनऊ सुपर जायंटस और कोलकाता में केकेआर के खिलाफ बृहस्पतिवार को खेला जाने वाले मैच में खासे रोचक संघर्ष की उम्मीद है। मोहम्मद शमी घरेलू रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिए ईडन गार्डंस पर खेले हैं और ऐसे में उनका अनुभव लखनऊ सुपर जायंटस के बहुत काम आ सकता है। शमी ने यदि हैदरबाद में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच की तरह बृहस्पतिवार को केकेआर के शुरू के विकेट सस्ते में निकाल दिए तो फिर लखनऊ सुपर जायंटस शुरू में ही मैच पर अपनी पकड़ बना सकती है। लखनऊ सुपर जायंटस के लिए ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श (कुल 56 रन) व दक्षिण अफ्रीका के एडन मरक्रम(कुल 49 रन) शुरू के दो मैचों में अच्छे आगाज को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए हैं।

### केकेआर दो हार के बाद बुरी जूझती नजर आ रही

### गेंदबाज तय करते हैं मैच की दिशा : पंत

लखनऊ सुपर जायंटस के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा, 'मेरा आखिर तक क्रीज पर रह कर अपनी लखनऊ सुपर जायंटस टीम को जिता कर लौटना मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि रहा। गेंदबाजों की तारीफ की जानी चाहिए क्योंकि वे ही मैच की दिशा तय करते हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और आवेश खान के साथ लेग स्पिनर दिग्वेश राठी सहित हमारे सभी गेंदबाजों ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उसके घर मे हमारी टीम को जिताने में योगदान किया साथ ही बाएं हाथ के स्पिनर सिद्धार्थ ने भी गेंद से योगदान किया। हमारा यह मानना है कि कोई भी मैच आदर्श मैच नहीं होता। प्रबंधन के लिहाज से हमें हमें आलोचनात्मक रुख अपनाना पड़ता है, लेकिन हम योजना को अमली जामा पहनाने की तारीफ करते हैं। मैं जानता हूं कि मैं बढ़िया ढंग से तैयारी कर रहा था। बस यही कहूंगा कि अंत भला, तो सब भला। मैं अपने बल्ले से जवाब देना चाहता था। मेरी टीम के साथी और हमारा प्रबंधन जानता है कि मैं कितनी शिद्दत से मेहनत कर रहा था और यही बात मायने भी रखती है।



### मैंने धीमी गेंद का बहुत इस्तेमाल किया : शमी



सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैन ऑफ द' मैच रहे लखनऊ सुपर जायंटस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा, 'हम अपना पिछला मैच हार गए थे और लय पाने के लिए हमारे लिए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच जीतना जरूरी था। आप यदि खेलना चाहते हैं तो आपको मैच में बने रहता है। आप पूरी तरह फिट होने पर अपना कौशल बेहतर करने के लिए मेहनत कर सकते हो। मैं इसीलिए घरेलू मैचों में बराबर खेलता रहा। बिना कौशल और अनुभव के कुछ मुमकिन नहीं। बावजूद इसके आपको हालात के मुताबिक ढालना होता है। मैं बीते बरस भी यहां था, और मैंने धीमी गेंद का बहुत इस्तेमाल किया।

# सैमसन, बटलर और वॉटसन के क्लब में शामिल हुए यशस्वी

**गुवाहाटी,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। बाएं हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को तीनों फॉर्मेट में खेलने के लिए उपयुक्त माना जाता है। वह भारतीय टीम के टेस्ट स्क्वाड का नियमित हिस्सा हैं, लेकिन अच्छे प्रदर्शन के बावजूद वनडे और टी20 में उनकी जगह स्थिर नहीं है। जायसवाल बिना इससे निराश हुए जहां भी मौका मिलता है, पूरी क्षमता के साथ अपनी प्रतिभा दिखाते हैं। आईपीएल 2026 में मंगलवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हुए मैच में जायसवाल ने कुछ ऐसा ही किया और एक अनोखा कीर्तिमान अपने नाम किया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हुए मैच में यशस्वी जायसवाल ने मात्र 32 गेंदों पर 77 रनों की विस्फोटक पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 10 चौके और 4 छक्के लगाए। चौथा छक्का लगाते ही आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के लिए यशस्वी जायसवाल ने अपने 100 छक्के पूरे कर लिए। जायसवाल से पहले आरआर के तीन ही बल्लेबाज यह उपलब्धि हासिल कर सके हैं। पूर्व कप्तान संजू सैमसन 192 छक्कों के साथ पहले स्थान पर हैं। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर 135 छक्कों के साथ दूसरे, और आरआर को 2008 में पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले शेन वॉटसन 109 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### जायसवाल ने मुंबई के खिलाफ 32 गेंदों पर 77 रनों की विस्फोटक पारी खेली

### वैभव-यशस्वी की तारीफ के लिए मेरे पास शब्द नहीं : रियान



**गुवाहाटी।** आईपीएल 2026 का 13वां मुकाबला मंगलवार को बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम, गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच खेला गया। बारिश की वजह से 11-11 ओवर के इस मैच में एमआई को 27 रन से हार का सामना करना पड़ा। आरआर की जीत के हीरो उनके सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने रहे। मैच के बाद आरआर के कप्तान रियान पराग ने दोनों बल्लेबाजों की जमकर तारीफ की। रियान पराग ने कहा, 'वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के बारे में कुछ बताने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। वह इस आईपीएल में बतौर ओपनर पहले स्थान पर मौजूद हैं। उनके पास उम्र है, प्रतिभा है। वैभव बस कमाल का है। अगर आपने उसे अहमदाबाद में देखा होता, तो उसने हालात को समझा और आगे बढ़ गया। जायसवाल ऐसा 3-4 साल से कर रहा है। मुझे लगता है कि दोनों अपनी स्किल्स और इतनी कम उम्र के बावजूद परिपक्वता की वजह से सबसे अच्छा कर रहे हैं।' पराग ने आगे कहा कि तीन मैचों में तीन जीत हासिल कर बहुत अच्छा लग रहा है।

## सलीमा की अगुआई में अर्जेंटीना दौरे के लिए घोषित 24 सदस्यीय

# भारतीय महिला हॉकी टीम में दीपिका और सविता ने की वापसी



**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (देशबन्धु)। भरोसेमंद मिडफील्डर सलीमा टेटे की अगुआई में अर्जेंटीना में उसके खिलाफ 13 से 17 अप्रैल, 2026 तक ब्यूनस आयर्स में खेली जाने वाली चार मैचों की हॉकी सीरीज की भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की बुधवार को घोषणा कर दी गई। बड़े जिगरे से खेलने वाली चतुर और शांत सलीमा टेटे भारत की मध्यपंक्ति और आक्रमण के बीच एक मजबूत और अहम कड़ी है। चोट के चलते लंबे समय तक बाहर रहने के बाद इससे उबर कर स्ट्राइकर-ऑलराउंडर दीपिका और 'आराम' दिए जाने के बाद अनुभवी गोलरक्षक सविता ने बीते महीने तेलंगना में अहम एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप क्वॉलिफायर्स से बाहर रहने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम में वापसी की है। भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए दुनिया की शीर्ष महिला हॉकी टीमों में से एक अर्जेंटीना के खिलाफ उसके घर में यह चार मैचों की सीरीज इस साल अगस्त में नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले महिला हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों की तैयारियों के बेहद अहम है। अर्जेंटीना दौरे के लिए चीफ कोच शुएर्ड मराइन के मार्गदर्शन में भारत की अनुभवी और नौजवान खिलाड़ियों की एक मिली जुली मजबूत टीम चुनी गई है।भारतीय महिला हॉकी टीम अपन इस अर्जेंटीना दौरे पर मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ13, 14, 16 और 17 अप्रैल को चार मैच खेलेगी और ये सभी मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े बजे से खेले जाएंगे। भारत के चीफ कोच शुएर्ड मराइन ने स्ट्राइकर -ड्रैग फ्लिकर दीपिका की फिट होने के बाद महिला हॉकी टीम में बहु प्रतीक्षित वापसी का स्वागत किया है। भारतीय महिला हॉकी टीम का यह अर्जेंटीना दौरा महज तैयारी ही रहीं बल्कि खिलाड़ियों के लिए खुद अपनी छाप छोड़ कर 2026 के एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश करने का भी मौका है। अर्जेंटीना दौरे के लिए चुनी गई भारतीय महिला हॉकी टीम की बाबत चीफ कोच शुएर्ड मराइन ने कहा,' हमारे लिए यह अर्जेंटीना दौरा कई और खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय अनुभव दिलाने के साथ उन्हें अर्जेंटीना जैसी मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ परखने का मौका है। हमारे लिए टीम के भीतर ही उसकी ताकत बढ़ा उसे मजबूत बनाना खासा अहम है। अर्जेंटीना का यह दौरा हमारी नौजवान खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर हॉकी की जरूरतों को समझने के साथ अलग अलग संयोजनों को आजमाने का मौका है।

■ 2026 महिला हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों की तैयारियों के लिए अर्जेंटीना दौरा अहम

### अर्जेंटीना दौरे के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम

**गोलरक्षक :** सविता , बिच्छू देवी खरीबम।
**रक्षापंक्ति :** निकी प्रधान, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरंबम,मनीषा चौहान, ललथांतलुआंगी, ज्योति, उदिता।
**मध्यपंक्ति :** वैष्णवी विट्ठल फाल्के, साक्षी राणा, सुनीलिता टोपो, सलीमा टेटे, नेहा, दीपिका सोरेंग, ऋतुजा डडासो पिसल, इशिका।
**अग्रिम पंक्ति :** बलजीत कौर, नवनीत कौर, दीपिका, अनु, ब्यूटी डुंगडुंग,



## 10 मीटर पिस्टल फाइनल में जगह बनाने से चूके भारतीय पुरुष निशानेबाज

**नई दिल्ली,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल के मेंस 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के फाइनल में भारतीय निशानेबाज जगह बनाने से चूक गए। बुधवार को स्पेन के ग्रेनाडा में लास गैबियास शूटिंग रेंज में मुकेश नेलावल्ली भारतीयों में सबसे ऊपर 14वें स्थान पर रहे। मुकेश ने इससे पहले मंगलवार को 10 मीटर मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीता था। 86 निशानेबाजों के क्वालिफिकेशन ग्रुप में, मुकेश ने 579-21× (94, 98, 98, 97, 95) का स्कोर किया, जो फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए जरूरी स्कोर से दो प्वाइंट्स कम था। एंटोन अरिस्टारखोव ने 581-203 के स्कोर के साथ फाइनल में जगह पक्की की। चीन के जी यू 588-183 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में सबसे ऊपर रहे। हालांकि, भारतीयों में सबसे अच्छा प्रदर्शन आकाश भारद्वाज का रहा, जिन्होंने 580-263 का स्कोर करके स्टैंडिंग में 10वां स्थान हासिल किया, लेकिन वे सिर्फ रैंकिंग प्वाइंट के लिए ही खेल रहे थे। मैदान में मौजूद अन्य भारतीयों में, उज्ज्वल मलिक 577-173 के स्कोर के साथ 22वें स्थान पर रहे। प्रमोद कुमार 574-163 के स्कोर के साथ 39वें स्थान पर रहे। वरुण तोमर, जो रैंकिंग पॉइंट के लिए ही खेल रहे थे, उन्होंने 569-133 का स्कोर करके 63वां स्थान हासिल किया।

# सिंधु-प्रणय की जीत, लक्ष्य और किदांबी को लगा झटका

**निंगबो,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। बैडमिंटन एशियन चैंपियनशिप के पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन मिला-जुला रहा। बुधवार को 2 बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु और एचएस प्रणॉय ने पहले राउंड की कड़ी चुनौती को पार कर लिया, जबकि लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत को बाहर होना पड़ा। सिंधु को मलेशिया की वोंग लिंग चिंग ने कड़ी टक्कर दी, जिसके बाद उन्होंने तीन गेम में मुश्किल से जीत हासिल की। पहला गेम 15-21 से हारने के बाद, भारतीय शटलर ने खुद को संभाला और दूसरे गेम पर 21-11 से कब्जा कर लिया। निर्णायक गेम एक तनावपूर्ण मुकाबला बन गया, जिसमें बार-बार मैच का रुख बदल रहा था। जब स्कोर 19-19 पर बराबर था, तो सिंधु ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए आखिरी दो प्वाइंट जीते और एक घंटे सात मिनट में मैच अपने नाम कर लिया। भारतीय स्टार अब दूसरे राउंड में चीन की वांग झी यी से भिड़ेंगी। इस बीच, प्रणॉय ने गुयेन हाई डांग को सीधे गेम में 24-22, 21-12 से हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। उन्होंने पहले गेम में कई 'गेम प्वाइंट' बचाते हुए 24-22 से करीबी जीत हासिल की। इसके बाद दूसरे गेम में पूरी तरह दबदबा बनाया और लय बनाए रखते हुए 21-12 से गेम जीत लिया। अब दूसरे राउंड में उनका मुकाबला चीन के शटलर वेंग होंग यांग से होगा। इसके विपरीत, लक्ष्य सेन को हांगकांग के ली चेउक यियू के हाथों सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा, जिसके साथ उनका सफर समाप्त हो गया। 41 मिनट तक चले इस मुकाबले में लक्ष्य को 12-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य मैच में, श्रीकांत को सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू के हाथों तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्होंने पहले गेम में कड़े संघर्ष के बाद 21-18 से जीत हासिल की। हालांकि, लोह ने दूसरे गेम में वापसी की, रैलियों पर अपना दबदबा बनाया और 21-9 से गेम जीतकर मैच बराबर कर दिया।

### सिंधु अब दूसरे राउंड में चीन की वांग झी यी से भिड़ेंगी



बैडमिंटन एशियन चैम्पियनशिप

# बेरेटिनी ने बनाई तीसरे दौर में जगह

**मोंटे कार्लो,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। मोंटे-कार्लो मास्टर्स में बुधवार को वाइल्डकार्ड एंट्री पाने वाले माटेओ बेरेटिनी ने वर्ल्ड नंबर-10 खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव को 6-0, 6-0 से मात देकर तीसरे दौर में जगह बना ली है। यह मैच सिर्फ 49 मिनट तक चला। इटैलियन खिलाड़ी ने पूरे मुकाबले में मेदवेदेव पर दबदबा बनाए रखा। इस दौरान मेदवेदेव का प्रदर्शन काफी खराब रहा। वह अपनी ही सर्विस पर एक भी गेम प्वाइंट नहीं बना पाए। इस हार के साथ ऐसा पहली बार हुआ, जब इस रूसी खिलाड़ी ने टूर-लेवल का कोई मैच बिना एक भी गेम जीते गंवाया। बेरेटिनी ने अब इस टूर्नामेंट में अपने शुरुआती दोनों मैच बिना कोई गेम गंवाए जीत लिए हैं। पहले दौर में, 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 4-0 की बढ़त बना ली थी, जब रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट चोट के कारण मैच से हट गए थे। पूर्व वर्ल्ड नंबर-6 खिलाड़ी ने पिछले साल इसी टूर्नामेंट में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराने के बाद से अब टॉप-10 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की है। ऐसा पहली बार था जब बेरेटिनी ने टूर-लेवल पर 6-0, 6-0 से जीत हासिल की। डेनिल मेदवेदेव, जो इस साल दुबई और ब्रिस्बेन में खिताब जीतने के बाद अपना पहला क्ले-कोर्ट मैच खेल रहे थे, इस मुकाबले में लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते नजर आए। उन्होंने एकतरफा मुकाबले में 27 अनफोर्स्ड एरर किए। इस जीत के साथ बेरेटिनीने मेदवेदेव के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 1-3 कर लिया। अब अगले दौर में उनका सामना जोआओ फोंसेका या आर्थर रिंडरकनेच में से किसी एक से होगा। मैच जीतने के बाद बेरेटिनी ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह मेरे जीवन के सबसे बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक था।

### माटेओ बेरेटिनी ने डेनिल मेदवेदेव को 6-0, 6-0 से हराया



# एफसी बायर्न म्यूनिख ने रियल मैड्रिड को 2-1 से हराया



**मैड्रिड,** 8 अप्रैल (एजेंसियां)। एफसी बायर्न म्यूनिख ने रियल मैड्रिड को चैंपियंस लीग क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की दिशा में मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। बायर्न के लिए लुइस डियाज और हैरी केन ने गोल किए, जबकि मैड्रिड की ओर से किलियन म्बाप्पे ने एकमात्र गोल दागा। मैच में बायर्न ने कई मौके बनाए और टीम को महसूस होगा कि वह बड़े अंतर से जीत सकती थी। मैड्रिड के कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने युवा मिडफील्डर थियागो पिटार्च को मौका दिया, जबकि ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड और अल्वारो कैरेरास को फुलबैक के रूप में उतारा। वहीं बायर्न को केन की फिटनेस से बड़ी मजबूती मिली। मैच की शुरुआत में बायर्न को केन के शुरुआत करने के लिए फिट होने से बढ़ावा मिला। केन ने तुरंत असर डाला, लेकिन डेयोट उपामेकानो मौका नहीं भुना सके। एक फ्री किक को डेयोट उपामेकानो की तरफ हेड किया, लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया। इसके बाद मैड्रिड ने पलटवार किए, जहां मैनुअल न्यूएर ने शानदार बचाव करते हुए एम्बाप्पे और विनीसियस जूनियर को गोल करने से रोका।

## सार संक्षेप

### शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में वॉर्नर ने मानी गलती

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर से जुड़े ड्रिंक-ड्राइविंग केस में नई जानकारी सामने आई है। वार्नर ने शराब के नशे में गाड़ी चलाने के आरोप को स्वीकार कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक डेविड वॉर्नर ने पुलिस को बताया कि सिडनी के पूर्वी उपनगरों में रोके जाने से कुछ देर पहले उन्होंने शराब पी थी। मीडियसा की रिपोर्ट के मुताबिक, वार्नर ने कथित तौर पर अधिकारियों को बताया कि ईस्टर संडे को गाड़ी चलाने से पहले वह एक दोस्त के साथ शराब पी रहे थे। उन्होंने बताया कि मारौबरा में अपने घर वापस जाने की कोशिश करने से पहले उन्होंने तीन ग्लास वाइन पी थी। वार्नर को एक रैंडम ब्रेथ-टेस्टिंग ऑपरेशन के दौरान रोका गया, जहां पुलिस ने देखा कि एक वैन चेकपॉइंट से थोड़ी दूर रुककर पार्क कर रही है। फिर अधिकारी गाड़ी के पास गए और सड़क किनारे टेस्ट किया, जिसमें अल्कोहल की पॉजिटिव रीडिंग आई। फिर वार्नर को आगे की जांच के लिए मारौबरा पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां कथित तौर पर उनके खून में अल्कोहल का स्तर 0.104 दर्ज किया गया, जो कानूनी सीमा से दोगुने से भी अधिक है। तब से उन पर ड्रिंक-ड्राइविंग के एक मिड-रेंज अपराध का आरोप लगाया गया है। उन्हें 7 मई को डाउनिंग सेंटर स्थानीय कोर्ट में पेश होना है।

### चोट के कारण झेंग किनवेन स्टटगार्ट ओपन से हटीं

**बर्लिन।** टूर्नामेंट के आयोजकों ने बुधवार को घोषणा की कि चीन की झेंग किनवेन चोट के कारण अगले सप्ताह स्टटगार्ट में होने वाले डब्ल्यूटीए 500 इवेंट से हट गई हैं। झेंग के हटने का मतलब है कि 2026 सीजन में क्ले-कोर्ट पर उनका डेब्यू टल जाएगा। फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला, जो अभी दुनिया में 46वें नंबर पर हैं, मुख्य ड्रॉ में उनकी जगह लेंगी। एक बयान में, स्टटगार्ट ओपन ने कहा कि हम किनवेन के जल्द ठीक होने की कामना करते हैं और उम्मीद करते हैं कि उन्हें बहुत जल्द स्टटगार्ट में कोर्ट पर वापस देखेंगे। ' झेंग आखिरी बार मार्च में डब्ल्यूटीए 1000 मियामी ओपन टूर्नामेंट में खेली थीं, जहाँ चौथे राउंड में उन्हें बेलारूस की दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से 6-3, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा था और वे क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने से चूक गई थीं।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स 2030 से वर्ल्ड मैराथन चैम्पियनशिप शुरू करेगा

**पेरिस।** वर्ल्ड एथलेटिक्स ने मैराथन को मौजूदा वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फॉर्मेट से अलग करने और 2030 से एक अलग वर्ल्ड मैराथन चैम्पियनशिप शुरू करने की योजना बनाई है। इस वैश्विक शासी निकाय ने मंगलवार को घोषणा की कि मैराथन 2027 और 2029 के संस्करणों में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप का हिस्सा बनी रहेगी, लेकिन 2030 से यह अपनी अलग चैंपियनशिप में शामिल हो जाएगी। 2031 से आगे, वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कोई भी रोड रनिंग इवेंट नहीं होगा। वर्ल्ड मैराथन चैंपियनशिप हर साल आयोजित की जाएगी, जिसमें पुरुषों और महिलाओं की दौड़ बारी-बारी से अलग-अलग वर्षों में होगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स रोड रनिंग चैंपियनशिप , जिसमें एक मील, 5 किलोमीटर और हाफ़-मैराथन की दूरियाँ शामिल हैं, एक अलग वार्षिक इवेंट के तौर पर जारी रहेगी।

| SENSEX | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| BSE | 77562.90 ▲2946.32 | NSE | 23997.35 ▲ 873.70 | MCX Gold | 153130 ▲2841 | silver 244346 ▲ 13102 |

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत

## खुदरा मुद्रास्फीति चालू वित्त वर्ष में 4.6प्रतिशत रहने का अनुमान :आरबीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 में खुदरा महंगाई दर 4.6 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया है। यह आरबीआई के संतोषजनक दायरे के अंदर हैं। सरकार ने केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से पहले, भारत के वृहद आर्थिक बुनियादी तत्व मजबूत दिख रहे थे और आर्थिक वृद्धि दर बेहतर एवं महंगाई कम रहने का आकलन किया जा रहा था।



# यूएस-ईरान में सीजफायर की घोषणा के बाद रॉकेट हुआ बाजार

## सेंसेक्स 2946 और निफ्टी 873 अंक चढ़ा, निवेशकों की झोली में 15 लाख करोड़



***मुंबई।*** *अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अस्थाई युद्धविराम की घोषणा के बाद आज घरेलू शेयर बाजार में ऐतिहासिक तेजी देखने को मिली। बुधवार को बीएसई सेंसेक्स 2946.32 अंकों (3.95 प्रतिशत) की तेजी के साथ 77,562.90 अंकों पर बंद हुआ। जबकि, एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी आज 873.70 अंक (3.78 प्रतिशत) चढ़कर 23,997.35 अंकों पर बंद हुआ।*

डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को ईरान के खिलाफ आर-पार की लड़ाई की घोषणा की थी। हालांकि, दूसरे देशों के हस्तक्षेप के बाद ट्रंप ने ईरान पर हमला करने का प्लान पर अस्थाई रोक लगाने का फैसला किया।

**इंडिगो के शेयर में छप्परफाड़ तेजी**-हफ्ते के तीसरे दिन, आज सेंसेक्स की 30 में से 27 कंपनियों के शेयर बढ़त लेकर हरे निशान में बंद हुए और बाकी की 3 कंपनी के स्टॉक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह, निफ्टी 50 की भी 50 में से 41 कंपनियों के शेयर तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 9 कंपनी के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए।

सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल इंडिगो के शेयर आज सबसे ज्यादा 8.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि, टेक महिंद्रा के शेयर 1.45 प्रतिशत की

इस रैली के दौरान मार्केट कैप में भारी उछाल आया और निवेशकों को करीब 15 लाख करोड़ रुपये का फायदा हुआ. यह तेजी सिर्फ बड़े निवेशकों तक सीमित नहीं रही, बल्कि रिटेल निवेशकों के पोर्टफोलियो भी मजबूत हुए.

**ये रहे टॉप मूवर्स**-आज के टॉप गेनर्स में इंटरग्लोब एविएशन करीब 10 प्रतिशत उछलकर सबसे आगे रहा. इसके अलावा एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट और एमएंडएम में भी शानदार खरीदारी देखने को मिली.वहीं टेक महिंद्रा, सन फार्मा और पावर ग्रिड जैसे शेयर दबाव में रहे और लूजर्स की सूची में शामिल रहे.

**किन सेक्टरों में रही सबसे ज्यादा तेजी?**- ऑटो, बैंकिंग और मेटल सेक्टर में जोरदार खरीदारी देखने को मिली. खासकर बैंकिंग शेयरों में मजबूती ने बाजार को ऊपर खींचने में अहम भूमिका निभाई.

**बड़े कारण जिनसे बाजार दौड़ा**-इस तेजी के पीछे कई फैक्टर्स काम कर रहे हैं—अमेरिका-ईरान सीजफायर, कच्चे तेल में गिरावट, ग्लोबल बाजारों में तेजी, मजबूत रुपया, आरबीआई की स्थिर पॉलिसी, वैल्यू बाइंग और घटती वोलैटिलिटी. अब बाजार की नजर आरबीआई की पॉलिसी और महंगाई-ग्रोथ के संकेतों पर है. एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अगर वैश्विक हालात स्थिर रहते हैं, तो बाजार में यह तेजी आगे भी जारी रह सकती है.फिलहाल एक बात साफ है—सीजफायर ने बाजार को वह ट्रिगर दे दिया, जिसका निवेशकों को लंबे समय से इंतजार था।

# सोने में ऐतिहासिक तेजी, चांदी 14,000 रुपये हुई महंगी



***नई दिल्ली।*** *वैश्विक बाजारों में बुधवार को सोने की कीमतों में तेज बढ़त देखने को मिल रही है। इसकी मुख्य वजह अमेरिका और ईरान के बीच तनाव में कुछ हद तक राहत मिलना रही। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने ईरान पर बमबारी और हमलों को दो हफ्तों के लिए रोकने पर सहमति जताई है। इस खबर से निवेशकों की चिंता कुछ कम हुई, खासकर ऊर्जा कीमतों में संभावित उछाल को लेकर, जिससे महंगाई बढ़ने का खतरा था। स्पॉट गोल्ड की कीमत 2.3प्रतिशत बढ़कर 4,811.66 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई।*

इससे पहले मंगलवार को भी इसमें 1.2प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई थी। वहीं, अमेरिका में जून डिलीवरी वाले गोल्ड फ्यूचर्स 3.3 प्रतिशत चढ़कर 4,840.20 डॉलर प्रति औंस हो गए। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चांदी 6.30 प्रतिशत बढ़कर 76.52 प्रति औंस हो गई है। उधर मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 24 कैरेट सोने का वायदा भाव 2.75 प्रतिशत बढ़कर यानी 4140 रुपये बढ़त के साथ 1,54,429 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। जबकि मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज र चांदी का वायदा भाव 6.21 प्रतिशत बढ़कर यानी 14378 रुपये तेजी के साथ 2,45,726 रुपये किलो हो गया। यह बढ़त दर्शाती है कि निवेशक अभी भी सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने को प्राथमिकता दे रहे हैं। दूसरी तरफ गोल्ड और सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स में भी निवेश का सैलाब उमड़ पड़ा। आलम यह रहा कि कई सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स के भाव एक ही दिन में 4 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए।

# कार खरीदने वालों को झटका, हुंदै ने बढ़ाई कीमतें



***नई दिल्ली।*** *वाहन विनिर्माता कंपनी हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड ने बढ़ती लागत के दबाव के चलते अपने वाहनों की कीमतों में इजाफा करने का फैसला किया है। कंपनी ने बुधवार को जानकारी दी कि वह मई 2026 से अपने सभी मॉडल्स की कीमतों में 1 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करेगी।*

यह फैसला कच्चे माल और अन्य इनपुट लागत में लगातार हो रही वृद्धि को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। कंपनी द्वारा शेयर बाजार को दी गई सूचना के अनुसार, यह मूल्य वृद्धि सभी मॉडल्स और वेरिएंट्स पर लागू होगी, हालांकि इसकी सीमा अलग-अलग हो सकती है यानी हर मॉडल और उसके संस्करण के आधार पर कीमतों में बदलाव अलग-अलग देखने को मिलेगा।कंपनी ने अपने बयान में कहा कि वह हमेशा कोशिश करती है कि बढ़ती लागत का बोझ खुद उठाकर ग्राहकों को कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचाया जाए। लेकिन हाल के समय में कच्चे माल, लॉजिस्टिक्स और उत्पादन लागत में लगातार इजाफा हुआ है, जिससे कीमतों में मामूली बढ़ोतरी करना आवश्यक हो गया है। ऑटो इंडस्ट्री में लागत बढ़ने का असर धीरे-धीरे ग्राहकों पर दिखाई देने लगा है और हुंदै का यह कदम उसी ट्रेंड का हिस्सा माना जा रहा है।

# ट्रंप का ऐलान. एक झटके में 100 डॉलर के नीचे आया कच्चे तेल का भाव




***नई दिल्ली।*** *आज 8 अप्रैल को कच्चे तेल की कीमत में बड़ी गिरावट देखी जा रही है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान पर संभावित बमबारी दो हफ्ते तक टालने और दो-तरफा संघर्षविराम के प्रस्ताव के बाद ग्लोबल मार्केट्स में बड़ी हलचल है. इससे पहले ट्रंप ने मंगलवार रात 8 बजे (ईस्टर्न टाइम) तक इस हमले की समय सीमा तय करते हुए धमकी दी थी।*

ट्रंप के इसी ऐलान के साथ आज ग्लोबल मार्केट में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट या अमेरिकी क्रूड वेरिएंट की कीमत 17 परसेंट तक गिरकर 95 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के करीब पहुंच गई है. वहीं, ब्रेंट क्रूड भी लगभग 16 परसेंट टूटकर 92 डॉलर के लेवल पर पहुंच गई है.

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर घोषणा की कि यह एक दो-तरफा युद्धविराम होगा, जिसकी शर्त यह है कि ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पूरी तरह और सुरक्षित रूप से फिर से खोलने पर सहमत हो. स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के लगभग बंद हो जाने से दुनिया भर के ऊर्जा बाजारों में उथल-पुथल मच गई क्योंकि इसी रास्ते के जरिए दुनिया की लगभग 20 परसेंट ऊर्जा की आपूर्ति (ज्यादातर एशिया और अन्य उभरते बाजारों में) होती है. युद्ध के दौरान अमेरिका में कच्चे तेल की कीमतें 70 परसेंट तक बढ़ गईं. ट्रंप के इस ऐलान से बाजार में युद्ध का जोखिम कम होने की उम्मीद है, जिससे कीमतों में वॉर प्रीमियम तेजी से घटा है।

### कब तक ठीक होंगे हालात?

वेस्टपैक बैंकिंग कॉर्प में कमोडिटी रिसर्च के प्रमुख रॉबर्ट रेनी ने कहना है, सिस्टम को ठीक होने में अभी लंबा टाइम लगेगा. बंद पड़े कुओं को फिर से चालू करने, क्रू और जहाजों को उनकी जगह पर वापस लाने और रिफाइनरी के स्टॉक को फिर से भरने में कई महीने लग जाएंगे. उन्होंने आगे कहा, ऐसे माहौल में, यह मानकर भी कि अगर सच में कोई सीजफायर हो भी जाता है, तो भी निकट भविष्य में ब्रेंट क्रूड का भाव 90-95 से काफी नीचे टिक पाना मुश्किल लगता है

# रुपया 50 पैसे उछला, डॉलर के मुकाबले 92.56 पर

***मुंबई।*** *पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच आज बड़ी राहत भरी खबर आई है. अमेरिका और ईरान ने अगले दो हफ्तों के लिए युद्धविराम पर सहमति जताई है. इस वैश्विक घटनाक्रम का सीधा और सकारात्मक असर मुद्रा बाजार पर देखने को मिला है. बुधवार को शुरुआती कारोबार में भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 50 पैसे की भारी बढ़त के साथ 92.56 के स्तर पर पहुंच गया. पिछले कई दिनों से भू-राजनीतिक तनाव के कारण रुपया दबाव में था और 93 के पार चला गया था, लेकिन युद्धविराम की खबर ने निवेशकों के भरोसे को फिर से जगा दिया है.*

**काम कर गया आरबीआई का एक्शन**-सट्टेबाजी के दबाव को कम करते हुए रुपये को स्थिर रखने की कोशिश में भारतीय रिजर्व बैंक ने फॉरेक्स डेरिवेटिव्स मार्केट में नियमों को सख्त कर दिया है. इसके तहत



बैंकों के लिए नेट ओपन पोजीशंस की लिमिट 100 मिलियन डॉलर तय कर दी गई है. इससे रुपये की कमजोरी और डॉलर की भविष्य की मांग को लेकर दांव लगाने में कमी आएगी.

बैंकों के पास भारतीय रुपये पर बैंकों की नेट ओपन पोजीशन पर आरबीआई के निर्देश का पालन करने के लिए 10 अप्रैल तक का समय है. पिछले हफ्ते भारी उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद पिछले सेशन में रुपये की चाल काफी शांत थी, जो 30 पैसे की रेंज में ट्रेड कर रही थी. ट्रेडर्स अब 8 अप्रैल को वित्त वर्ष 27 की पहली मॉनेटरी पॉलिसी कमिटी मीटिंग का इंतजार करेंगे, जहां उम्मीद है कि सेंट्रल बैंक रेट्स को होल्ड करेगा, जबकि लिक्विडिटी मैनेजमेंट, महंगाई और ग्रोथ प्रोजेक्शन पर भी घोषणाएं होंगी।

# होर्मुज में रुकावट से भारत की ग्रोथ पर पड़ सकता है असर

## आरबीआई गवर्नर की चेतावनी

***नई दिल्ली।*** *भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को वित्त वर्ष 27 के लिए भारत की ग्रोथ के नजरिए पर नए खतरों की ओर इशारा किया। उन्होंने चेतावनी दी कि होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की रुकावट से महंगाई, व्यापार और कुल आर्थिक गतिविधियों पर तुरंत असर पड़ सकता है।*

यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब पश्चिम एशिया में अस्थायी सीजफायर के बाद कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आई है और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है।

**वित्त वर्ष 27 के लिए 6.9 प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान**-आरबीआई ने वित्त वर्ष 27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। हालांकि, केंद्रीय बैंक का कहना है कि बाहरी जोखिम लगातार बढ़ रहे हैं और अनिश्चितता बनी हुई है।

**होर्मुज बना सबसे बड़ा खतरा**-दुनिया के सबसे अहम तेल मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की बाधा से कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आ सकता है।

इससे भारत का आयात बिल बढ़ेगा और महंगाई पर दबाव आएगा। इसके अलावा, सप्लाई चेन पर असर, महंगे फ्रेट और बीमा लागत, तथा जरूरी आयात में बाधा जैसे कारक भी आर्थिक वृद्धि को प्रभावित कर सकते हैं।

# युद्ध तो टल गया, क्या महंगाई भी थमेगी?




***नई दिल्ली।*** *ईरान से युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो हफ्तों के लिए सीज़फायर का ऐलान किया है. ट्रंप के इस बड़े फैसले ने न केवल युद्ध की आहट को टाला है, बल्कि भारतीय रुपए और शेयर बाजार को भी नई उड़ान दी है.*

बुधवार के शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 50 पैसे मजबूत होकर 92.56 पर पहुंच गया है. कल यह 93.06 पर बंद हुआ था.अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्तों के युद्धविराम की घोषणा रुपए की इस मजबूती के पीछे सबसे बड़ी वजह है. सिर्फ रुपया ही नहीं, शेयर मार्किट में आज दिवाली जैसा माहौल है. सेंसेक्स 2800 अंकों से ज्यादा की छलांग लगाकर 77 हजार 144 के स्तर पर पहुंच गया है, वहीं निफ्टी में भी 821 से ज्यादा अंकों की बढ़त देखी गई है.

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई है. ब्रेंट क्रूड 12 प्रतिशत से ज्यादा टूटकर 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास आ गया है. ईरान की ओर से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोलने की सहमति के बाद तेल की आपूर्ति में बाधा का डर खत्म हो गया है, जिसका सीधा असर डॉलर इंडेक्स में गिरावट के रूप में दिखा है. हालांकि विदेशी निवेशकों की बिकवाली कल भी जारी रही, लेकिन वैश्विक शांति की खबरों ने बाजार में जोखिम लेने की क्षमता को बढ़ा दिया है.

**रुपया मजबूत होने से आम जनता को क्या फायदा?**-जब डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मजबूत होता है तो इसका असर हमारी जेब पर सीधा और सकारात्मक पड़ता है.

**पेट्रोल और डीजल की कीमतों में राहत**-भारत अपनी जरूरत का करीब 80 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है. जिसका भुगतान डॉलर में होता है. ऐसे में रुपया मजबूत होने पर तेल आयात सस्ता हो जाता है. इससे भविष्य में पेट्रोल और डीजल के दामों में कटौती की संभावना बढ़ जाती है.माल ढुलाई के दाम कम होने से फल, सब्जियां और रोजमर्रा की चीजों की कीमतें कम होती हैं. जब ईंधन सस्ता होता है तो सामान को एक शहर से दूसरे शहर ले जाने का खर्च कम होता है, जिससे खुदरा महंगाई दर नीचे आती है.

**इलेक्ट्रॉनिक्स और विदेशी गैजेट्स होंगे सस्ते**-स्मार्टफोन, लैपटॉप, और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान के कलपुर्जे ज्यादातर आयात किए जाते हैं. आयात लागत कम होने से कंपनियों पर कीमतें घटाने का दबाव बनता है, जिससे आपको मोबाइल और कंप्यूटर सस्ते मिल सकते हैं।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 92. 33 |
| एक यूरो | 108. 05 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 124. 26 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 65. 17 |
| एक जापानी येन | 0. 58 |

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट128 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-136 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स - 85 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

दुल्हन श्री आभूषण
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-151100 चांदी -235800

सोहन लाल एण्ड संस
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-152500 चांदी -245000

## दाल- चावल भाव

महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 9500-11000, मीडियम बोल्ड 11500-12000, फाइन 12500-13000, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 6800-7200 चना दाल मार्का 7200-7400, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 9000-9500, उड़द धुली 10000-10500, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-10000, मूंगदाल धुली 9000- 9500, फाइन 10000-10500। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3500, बीपीटी चालू 3800-4000,फाइन 4000-4500,एचएमटी-4500-5000 फाइन-5000-5500, जेजेएल चालू 5500-5800, फाइन 6100-6200, बासमती कनकी चालू 3000-3300, बासमती कनकी मीडियम 3500-3800, बेस्ट 3800-4000, मोगरा- 4500-4800, दुबार- 4800-5200, तिबार- 5800-6500, बासमती 9000-10000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4400-4600, फाइन 5000-5200, मुरमुरा- 6000-7000, फाइन- 8000-8500 रु.।

## लोहा भाव

अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 5600, 8 एम एम 5380, 10 एम एम 52 60,12 एम एम, 5200 एवं 16 एम 52 00 रु.। तार- 72 रु. किलो।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक मिश्रा** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित सैमरिया चौक रीवा रोड सतना म.प्र. से प्रकाशित। फोन 0761-4085031, सम्पादक- **मोहन सुरजन,** पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार), मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान,** स्थानीय संपादक-**कपिल चौरसिया,** रीवा कार्यालयः चौरसिया बिल्डिंग, अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-07662-406671 आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85,** डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011

# रीवा जोन के सतना जिला में पकड़ी गई सबसे ज्यादा शराब

## एक साल के आंकड़ों ने खोली शराब पैकारी की पोल

● **सतना में विदेशी शराब का अवैध कारोबार तेज**

**सतना, देशबन्धु।** रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने एक दिन पहले ही एक साल की कार्रवाही का ब्योरा सार्वजनिक किया है। जिसमें शराब का अवैध कारोबार करने वालों पर नकेल कसने की कार्रवाही जोन के सभी छह जिलों में बड़े पैमाने पर की गई। आंकड़ों पर गौर करें तो शराब के अवैध कारोबार पर सबसे ज्यादा कार्रवाही सीधी जिला में दर्ज की गई है। जबकि सतना जिला में प्रकरण कम दर्ज भले ही हुए हैं, लेकिन जब्ती और आरोपियों की संख्या यहां ज्यादा है। इससे एक बात तो जाहिर है कि सतना जिला में शराब का अवैध काम बड़े स्तर पर किया जाता है।

संभाग स्तर पर बताए गए आंकड़ों को देखने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों को इस ओर भी प्रभावी तरीके से सख्ती करने की जरूरत है कि ऑपरेशन प्रहार के दो अभियान चलाए गए, बावजूद इसके सतना में बड़ी मात्रा में देशी-



विदेशी शराब का परिवहन होता रहा, जो पुलिस की पकड़ में आया। इस अपराध में संलिप्त अपराधियों पर भी प्रभावी कार्रवाही की जरूरत है, ताकि वह दोबारा इस तरह के अपराध में संलिप्त ना हो। हालांकि ऐसे कई आरोपी पुलिस रिकॉर्ड में हैं, जिनके खिलाफ शराब और मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के आधा दर्जन से भी अधिक प्रकरण दर्ज हैं। यहां सवाल काबिज होता है कि जब जोन स्तर पर इतनी सख्ती की जा रही है तो नशे का अपराध क्यों हो रहा है?

| जिला | कुल प्रकरण | देशी | विदेशी | कीमत | गिरफ्तार आरोपी | जब्त वाहन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रीवा | 1067 | 7206 | 1042 | 4381352 | 1073 | 32 |
| सतना | 2690 | 9361 | 9793.3 | 11653808 | 2739 | 44 |
| सीधी | 3283 | 6594 | 6880 | 13224775 | 3298 | 18 |
| सिंगरौली | 2597 | 4271.1 | 1808.95 | 3845682 | 2610 | 25 |
| मऊगंज | 405 | 2649.5 | 365.91 | 1470617 | 423 | 20 |
| मैहर | 1090 | 3635.58 | 2724.1 | 3795330 | 1190 | 32 |
| योग | 11132 | 33717.18 | 22613.315 | 3 करोड़ 83 लाख 71 हजार 564रुपए | 11333 | 171 |

आईजी रीवा के अनुसार, 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के तहत रीवा जोन अंतर्गत सभी जिलों में अवैध शराब का क्रय, विक्रय, परिवहन करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 11132 प्रकरण पंजीबद्ध कर 11333 आरोपियों के कब्जे से 33717.18 लीटर देशी, 22613.315 लीटर अंग्रेजी, 25755.4 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। जिसकी कुल कीमत 3,83,71564 रुपए है। शराब के अवैध परिवहन में प्रयुक्त 79 दो पहिया एवं 92 चार पहिया कुल 171 वाहन जब्त किए गए।

### सवा 5 करोड़ के मादक पदार्थ

रीवा जोन के सभी जिलों में ऑपरेशन प्रहार 1.0 एवं 2.0 के तहत 1 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2026 तक अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत 705 प्रकरण पंजीबद्ध हुए। इसमें 1142 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही कर उनके कब्जे से 2773.007 किलोग्राम गांजा, 75075 शीशी कोरेक्स, 400637 नशीली टैबलेट एवं कैप्सूल, 450 पेड अफीम, 162.23 ग्राम स्मैक, 117.79 हैरोईन एवं 234 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया गया। इसकी कीमत 5 करोड़ 38 लाख 31 हजार 806 रुपए आंकी गई है। इन आरोपियों के कब्जे से 86 चार पहिया वाहन एवं 136 दो पहिया वाहन जब्त किए गए हैं।

# मैडम सुन रही थीं गाना और छात्र दे रहा था पंखा से हवा

● **क्लास रूम का हुआ वीडियो वायरल**

**रीवा देशबन्धु।** जिले के त्यौथर क्षेत्र अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला पसी में पदस्थ प्रधान अध्यापिका का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में प्रधान अध्यापिका एयरफोन लगाकर गाना सुनती दिखाई दे रही हैं। वहीं आठवीं कक्षा के एक छात्र से हाथ से पंखा चलवाती भी नजर आ रही हैं। हालांकि देशबन्धु इस वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता है।

यह वीडियो किसी व्यक्ति के द्वारा बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया गया। जिसके बाद मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा व्यवस्था और स्कूल में अनुशासन को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। हालांकि इस मामले में अभी तक शिक्षा विभाग की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। फिलहाल प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है।



## सार-समाचार

### रंगदारी नहीं मिलने पर हमला करने वाला गिरफ्तार, एक अभी भी है फरार

**सतना, देशबन्धु।** राह चलते युवकों से शराब पीने के लिए रंगदारी वसूलने और पैसा नही मिलने पर हमला करने के एक आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। इस प्रकरण में एक आरोपी पहले गिरफ्तार हो चुका है, जबकि एक फरार है।पुलिस ने बताया, 12 जनवरी को गढिया टोला निवासी आबिक अहमद पिता मो. अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने दोस्त सुमित कोल के साथ मैहर से वापस आ रहा था। शाम को बाईपास मनटोलवा पुल के पास पहुचा तभी साजिद, मोहित सिंह, राशिद उर्फ मुन्नी निवासी नजीराबाद ने रोकते हुए गालियां देकर शराब के लिए पैसा मांगा। नहीं देने पर हमला कर दिया। अपराध कायमी करते हुए पुलिस ने आरोपी साजिद को गिरफ्तार कर लिया था। अब आरोपी राशिद उर्फ मुन्नी पिता मो. सलीम निवासी नजीराबाद को गिरफ्तार किय है। जबकि तीसरा आरोपी मोहित सिंह अब भी फरार चल रहा है। इस कार्रवाही में एएसआई हेमराज सिंह, प्रधान आरक्षक सतेन्द्र सिंह, वसीम मंसूरी की अहम भूमिका रही।



### गांजा बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**सतना, देशबन्धु।** गांजा बेचने की सूचना मिलने पर दबिश देने पहुंची पुलिस को देख गांजा से भरा झोला छोड़ दीवार फांदकर भागने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे कार्रवाही के बाद बुधवार को अदालत में पेश कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, 2 अप्रैल को मुखबिर से सहायक उप निरीक्षक सुमित मरावी को सूचना मिली कि आदनान खान पिता अब्दुल मजीद खान निवासी नजीराबाद अपने मोहल्ला में बने कुआं के पास स्थित खंडहर मकान में गांजा बेच रहा है। खबर पाते ही पुलिस ने दहबश दी तो आरोपी गांजा से भरा झोला छोड़ दीवार फांदकर फरार हो गया था। पुलिस ने मौके से 1 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त कर प्रकरण कायम किया था। इसी मामले में आरोपी अदनान खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाही में एएसआई सुमित मरावी, हेमराज, नरेन्द्र सिंह गहरवार, प्रधान आरक्षक सतेन्द्र सिंह, वसीम मंसूरी, आरक्षक प्रियंका मिश्रा की अहम भूमिका रही।




### जयस्तंभ चौक पर जमीनी विवाद को लेकर मारपीट, घटना वीडियो हुआ वायरल

**रीवा देशबन्धु।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत जय स्तंभ चौक के समीप मोटर मैकेनिक लाइन में मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। बताया गया है कि यह मारपीट जमीन में कब्जे को लेकर हुई। इस दौरान लाठी डंडे चले हैं। मिली जानकारी के मुताबिक रीवा शहर की जय स्तंभ चौक के समीप मोटर मैकेनिक लाइन में गुप्ता परिवार के बीच विवाद चल रहा था। जिसको लेकर शाम दोनों पक्ष एकत्रित हुए और कहासनी के बाद मारपीट होने लगी। इस दौरान कांग्रेस नेता मनीष गुप्ता और संजय गुप्ता सहित अन्य लोग बीच-बचाव करते नजर आए। बताया गया है कि इस विवादित भूमि में कब्जे को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ है।



# पुलिस की गिरफ्त में आया जानलेवा हमले का आरोपी

**सतना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसी मामले में पूर्व में चार आरोपी पकड़े जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार, 24 नवंबर 2025 को कादिर हुसैन पिता आबिद हुसैन (43) निवासी नाईस ट्रेडर्स के पास नजीराबाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी दुकान में था तभी रात के उसकी बच्ची ने फोन पर बताया कि कुछ लोग गाली गलौज कर रहे हैं। सुनकर कादिर घर पहुंचा तो इमरान खान, चांद बाबा, अफजल, फैसल, सैफ ने उस पर हमला कर दिया। इस प्रकरण के चार आरोपी पूर्व में पकड़े गए हैं। जबकि आरोपी अजमल उर्फ फैसल पिता कलीम खान फरार था, जिसे नजीराबाद से गिरफ्तार कर कार्रवाही की गई है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा जब्त किया गया। आरोपी को पकडने में एएसआई नारेन्द्र सिंह गहरवार, हेमराज सिंह, प्रधान आरक्षक वसीम मंसूरी की अहम भूमिका रही।



# बेटी के सामने शराबी पति ने की पत्नी की हत्या



## पेट और गले पर मारा चाकू, आरोपी फरार

**रीवा देशबन्धु।** घरेलू विवाद के चलते एक शराबी पति ने अपनी बड़ी बेटी के सामने पत्नी पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया । देर रात उपचार के दौरान महिला ने संजय गांधी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वारदात के बाद आरोपी पति फरार हो गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर महिला के शव का आज पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया और आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सगरा निवासी शिखा मिश्रा की शादी तकरीबन 11 वर्ष पूर्व दीपक मिश्रा से हुई थी। बताया गया है कि दीपक नशे का आदि था। जिसके चलते अक्सर दोनों के बीच में विवाद हुआ करता था। बीते रात आरोपी दीपक ने नशे की हालत में पत्नी शिखा के ऊपर पहले चाकू और उसके बाद हसिया से हमला कर दिया। आरोपी द्वारा किए गए ताबड़तोड़ वार से शिखा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे तत्काल उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया। जहां उसकी देर रात उसकी मौत हो गई। बताया गया कि घटना के दौरान मृतिका की बड़ी बेटी पिता के द्वारा किए गए मां के ऊपर हमले को देखती रही। जिसने पुलिस के सामने घटना के संबंध में बताया है। वारदात के बाद आरोपी पति दीपक फरार है। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा ने बताया कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। महिला के शव का पीएम करा परिजनों के सुपुर्द किया गया है।



### आरोपी के थे अवैध संबंध

परिजनों के अनुसार आरोपी के एक अन्य महिला के साथ अवैध संबंध होने की बात सामने आई है। इसी को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। बताया जा रहा है कि यह संबंध पारिवारिक कलह की बड़ी वजह बना हुआ था और इसी को लेकर घर में तनाव रहता था। वहीं, पत्नी के इंस्टाग्राम चलाने को लेकर भी आरोपी नाराज रहता था, जिसको लेकर कई बार दोनों के बीच कहासुनी हुई थी।

**उदित मिश्रा,** एसडीओपी

# अमहिया मार्ग से शुरू हो गई अतिक्रमण हटाओ मुहिम, तीन दुकानें हुई जमींदोज, कल से फिर शुरू होगी कार्रवाई

**रीवा देशबन्धु।** अमहिया मार्ग के चौड़ीकरण में फंस रही दुकानों पर जैसे ही तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू हुई। पूरे मार्ग में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार शटर गिरा कर भाग खड़े हुए। वहीं जो पहले से निर्माण तोड़ रहे थे, उन्होने हथौड़ा चलाना तेज कर दिया। बुधवार को तीन दुकानें जमींदोज की गई हैं।

उल्लेखनीय है कि सिरमौर चौराहा से अस्पताल चौराहा तक की सड़क को चौड़ीकरण किया जाना है। इस मार्ग के चौड़ीकरण में सबसे बड़ी बाधा अतिक्रमण है। लोगों ने सड़क की जमीनों पर अतिक्रमण कर आगे तक घर और दुकानें बना रखी हैं। नापजोख हुआ तो करीब 165 लोग अतिक्रमण की जद में आ गए। इन्हें नगर निगम से अल्टीमेटम जारी किया गया। ननि आयुक्त और एसडीएम ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया था। दुकानदारों को खुद का निर्माण तोड़ने की हिदायत दी थी। दुकानदारों ने आयुक्त को आश्वस्त किया था कि वह निर्माण हटा लेंगे। आयुक्त के अल्टीमेटम पर कुछ तो सक्रिय हो गए। अपना निर्माण हटाने लगे लेकिन कईयों ने कोई कदम नहीं उठाया। दुकानें खोल कर पहले की तरह की व्यवसाय कर रहे थे। जब दुकानदारों ने नगर निगम आयुक्त की बातों को गंभीरता से नहीं लिया तो बुधवार को उड़नदस्ता जेसीबी लेकर पहुंच गई। सफारी होटल के सामने दो दुकानें जमींदोज कर दी। कार्रवाई जैसे ही शुरू हुई। पूरे अमहिया मार्ग में हड़कंप मच गया। दुकानदारों की सांसे उखड़नी शुरू हो गई। कई दुकान का शटर डाउन कर भाग गए। कईयों ने अपनी बारी के आने का इंतजार करना शुरू कर दिया। हालांकि पहले दिन नगर निगम ने सिर्फ तीन दुकानो पर ही जेसीबी चलाई। उन्हें जमींदोज किया है। इसके बाद दूसरों की बारी है। लगभग 165 चिन्हित अतिक्रमणकारियों को सिर्फ कल 9 अप्रेल तक की मोहलत और दी गई है दस अप्रेल की सुबह सात बजे से बुलडोजर गरजने लगेगा।



# आज सामूहिक अवकाश पर रहेंगे सभी सीएचओ

## सीएमएचओं को सौंपा ज्ञापन, जताया विरोध

**सतना, देशबन्धु।** सतना और मैहर जिले के अंतर्गत आने वाले सभी सीएचओ ने 9अप्रैल को एक साथ सामूहिक अवकाश में जाने का निर्णय लिया है। 8 अप्रैल को मैहर और सतना सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को मिलने वाले कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि में अप्रत्याशित एवं अव्यावहारिक बदलाव हुए है, जिन्हे संघ ने विभिन्न पत्रों के माध्यम से जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय अधिकारियों को अवगत करवाते हुए संदर्भित पत्र में हुए बदलाव का विरोध दर्ज करवाया है एवं प्रत्यक्ष रूप से प्रतिनिधि मण्डल ने सक्षम अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर भी उपरोक्त के संबंध में अवगत करवाया है। किन्तु कोई बदलाव न होने एवं लगभग 8500 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा विगत दो माह से पीबीआई क्लैम न करने के बावजूद एवं दिनांक 25/03/2026 से समस्त प्रकार का अनलाइन कार्य बंद करने के उपरांत भी आज दिनांक तक पीबीआई सूचकांकों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। दिये गये ज्ञापन में कहा है कि उक्त समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पीबीआई सूचकांकों की पुनः समीक्षा कर सुधार किया जाए अगर पीबीआई सूचकांकों में परिवर्तन नहीं होता है तो हम समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अनिश्चित कालीन आंदोलन के लिए विवश होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित विभाग एवं सक्षम अधिकारी की होगी।



# दुर्घटना ग्रस्त हाइवा में लगी आग, बीच सड़क पर धू-धूकर लगा जलने

**रीवा देशबन्धु।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मैदानी में संस्कार वैली स्कूल के समीप बीती देर रात्रि एक हाईवे ट्रक में भीषण आग लग गई और हाईवर धू-धू कर जलने लगा। इस दौरान मौके पर पहुंचे दमकल ने आग पर काबू पाया।

घटना के संबंध में बताया गया है कि एक दुर्घटनाग्रस्त हाइबर ट्रक को कन के माध्यम से ले जाया जा रहा था। इसी दौरान मैदानी में संस्कार वैली स्कूल के समीप अचानक हाईवा में आग की लपटें निकलने लगी। मौके पर मौजूद लोगों को जब तक कुछ समझ आता उसके पहले आग की लपटें तेज हो गई और हाईवा धूधू कर जलने लगा। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना तत्काल दमकल को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंचे दमकल ने आग पर काबू पाया है। हाईवे ट्रक में आग कैसे लगी? फिलहाल इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। आगजनी की इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि होने की सूचना फिलहाल नहीं है।



# श्रवण कुमार त्रिपाठी को पीएचडी की उपाधि से किया गया सम्मानित

**रीवा देशबन्धु।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा ने नए इंटरकनेक्शन नेटवर्क की जांच पॉलीलॉगरिदमिक समय में पॉलीनॉमियल संख्या के कंप्यूटरों का उपयोग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दी डाक्टरेट की उपाधि एस. के. त्रिपाठी , जो कि पेंटियम प्वाइंट ग्रुप आफ़ इंस्टिट्यूशन के शैक्षणिक संचालक हैं, को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 'कम्प्यूटर साइंस में उनके नए इंटरकनेक्शन नेटवर्क की जांच पॉलीलॉगरिदमिक समय में पॉलीनॉमियल संख्या के कंप्यूटरों का उपयोग के क्षेत्र' उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह उपाधि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के पैनल द्वारा उनके शोध कार्य व रिसर्च पेपर की प्रासंगिकता देखते हुए प्रदान की गई,उनकी इस उपलब्धि पर पेंटियम प्वाइंट ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के मुख्य प्रबंध संचालक बी. एन. त्रिपाठी ने उनकी इस उपलब्धि की सराहना करते हुए समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ़ की तरफ से शुभकामनाएँ प्रेषित की। ग़ौरतलब है कि श्रवण कुमार त्रिपाठी ख्याति प्राप्त समाजसेवी राम मिलन त्रिपाठी के सुपुत्र है,जिन्होंने डॉ राकेश कटारे, प्रोफ़ेसर कम्प्यूटर साइंस विभाग अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के मार्गदर्शन मे 'नए इंटरकनेक्शन नेटवर्क की जांच पॉलीलॉगरिदमिक समय में पॉलीनॉमियल संख्या के कंप्यूटरों का उपयोग' के क्षेत्र में गहन शोध कर डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है, उनके द्वारा किया गया शोध कार्य भविष्य मे इस विषय के शोधार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।



# सराफा बाजार में धड़ल्ले से हो रहा घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग

## खुलेआम हो रही नियमों की अनदेखी, वीडियो हुआ वायरल



**रीवा देशबन्धु।** एक ओर जहां उपभोक्ता गैस सिलेंडर के लिए परेशान होते नजर आ रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर शहर के भीतर ही संचालित होटलों और अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कमर्शियल की जगह घरेलू गैस सिलेंडर धडल्ले से उपयोग किया जा रहा है।

ताजा मामला शहर के सराफा बाजार से सामने आया है। जहां दुकानों के बाहर रखे घरेलू गैस सिलेंडर का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में बाजार की दुकानों के बाहर कतारबद्ध तरीके से घरेलू गैस सिलेंडर रखे हुए देखे जा सकते हैं। यह वीडियो साफ दर्शाता है कि बगैर किसी भय के लोगों द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि ऐसा नहीं है कि संबंधित विभाग के अधिकारी इन बातों से अनजान है। लेकिन वह इस पर रोक लगाने की जहमत नहीं उठाना चाहते हैं। फिलहाल इन वायरल तस्वीरों से साफ जाहिर है कि उपभोक्ताओं को वितरित किए जाने वाला सिलेंडर आखिर कहां उपयोग किया जा रहा है।



### अधिकारियों की मिलीभगत की खुल रही पोल

वायरल वीडियो ना सिर्फ गैस एजेंसियों द्वारा की जाने वाली कालाबाजारी की पोल खोलता है बल्कि जानकर भी अनजान बने जिम्मेदार अधिकारियों की कालाबाजारी में संलिप्तता को भी उजागर करता है। बहरहाल इस वीडियो के वायरल होने के बाद अब देखना होगा कि जिम्मेदार इस पर रोक लगा पाते हैं या नहीं। यहां पर खुलेआम तेजाब का भी उपयोग होता है जो कि कभी भी अनहोनी कर सकता है।